06 जून 2025 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), शुक्रवार | वर्ष-31, अंक- 229, पृष्ठ-09 | ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 11, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com


ईश्वर में हमारा विश्वास


# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

## नौडीहा मुख्य बाजार में नाली निर्माण न होने से ग्रामीण परेशान



**नौडीहा।** बाजार के मुख्य मार्ग पर नाली निर्माण न होने के कारण लोगों का जीवन कठिन हो गया है। सड़क पर जमा पानी के कारण आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। बताया गया कि जब सड़क का निर्माण किया गया था, तब ठेकेदार ने नाली बनाई थी, लेकिन ढक्कन न होने के कारण नाली बार-बार जाम हो जाती है। इससे दुकानदारा और आम जनता को चलने में समस्या हो रही है। स्थानीय लोगों ने इस समस्या के समाधान हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी से नाली निर्माण की मांग की है।

# अनियंत्रित बाइक पुलिया से नीचे गिरी, दो युवकों की दर्दनाक मौत

### ताबर गांव में हादसे के बाद पसरा मातम

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज-रांची मुख्य पथ पर सतबरवा थाना क्षेत्र के ताबर गांव के समीप बुधवार देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की जान चली गई। मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे गिर गई, जिससे मौके पर ही एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरे ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। यह हादसा एनएच-75 पर स्थित पुलिया पर हुआ। जानकारी के अनुसार मृतक युवक सरजा पंचायत के होटाई गांव निवासी राजबली भुइयां (28) और झाबर पंचायत के पीडिया गांव निवासी रूपदेव उरांव (28) सतबरवा हाट बाजार से एक ही बाइक से अपने-अपने घर लौट रहे थे। इसी क्रम में ताबर गांव के समीप उनकी बाइक अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे गिर गई। हादसे की सूचना मिलते ही सतबरवा थाना प्रभारी विश्वनाथ कुमार राणा के नेतृत्व में पुलिस दल मौके पर पहुंचा। दोनों घायलों को तुंबागड़ा स्थित नवजीवन अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने राजबली भुइयां को मृत घोषित कर दिया। रूपदेव उरांव की स्थिति गंभीर होने पर उसे मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एमएमसीएच) भेजा गया, लेकिन रास्ते में दुबियाखाड़ा के पास ही उसने दम तोड़ दिया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसकी मौत की पुष्टि की। गुरुवार की सुबह दोनों शवों का पोस्टमार्टम मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कर परिजनों को सौंप दिया गया। घटना से गांवों में शोक की लहर फैल गई है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। थाना प्रभारी ने बताया कि बाइक को जब्त कर लिया गया है और मामले की छानबीन जारी है। इधर, सरजा पंचायत के पूर्व मुखिया पति एवं सामाजिक कार्यकर्ता आनंद कुमार ने राजबली भुइयां के अंतिम संस्कार में शामिल होकर शोक संवेदना व्यक्त की और यथासंभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को सरकारी सहायता दिलाने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा।



## पंसा में अंगूठा लगवाकर राशन नहीं देने की शिकायत

**उपभोक्ताओं ने की कार्रवाई की मांग**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड के पंसा पंचायत में उपभोक्ताओं ने जन वितरण प्रणाली के तहत राशन वितरण में गड़बड़ी की शिकायत की है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि वंदना महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा मई माह का राशन अंगूठा लगवाने के बावजूद नहीं दिया गया। उपभोक्ताओं ने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को आवेदन सौंपकर कहा कि पिछले पांच महीनों से वितरक की यही नीति रही है—पहले अंगूठा लगवाओ, फिर राशन के लिए दौड़ लगाओ। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी नौशाद आलम ने बताया कि मामले को गंभीरता से लिया गया है और जल्द ही उपभोक्ताओं को राशन दिलवाने की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी डीलर को उपभोक्ताओं के अधिकारों का हनन नहीं करने दिया जाएगा। शिकायत में गोवर्धन राम, मंडल पासवान, रामचंद्र मेहता, प्रवेश राम, मंदीप राम, अरविंद सिंह समेत कई उपभोक्ताओं ने हस्ताक्षर किए हैं।

## बसडीहा में शराब व निषिद्ध मादक पदार्थों के खिलाफ जागरूकता अभियान

**पांडू।** झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास विभाग द्वारा निषिद्ध मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता फैलाने हेतु महुगावा में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके बाद बसडीहा में शराब के खिलाफ आक्रोश रैली निकाली गई। समाजसेवी निशा देवी ने बताया कि बसडीहा में छोटे-छोटे बच्चे शराब पीने और नशीले पदार्थों का सेवन करने लगे हैं। इससे बच्चों का जीवन बर्बाद हो रहा है और समाज पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। प्रशासन द्वारा कई बार छापामारी की जा चुकी है, फिर भी शराब माफिया पर काबू नहीं पाया जा सका है। महुगावा पंचायत के मुखिया मदन राम ने कहा कि अगर जागरूकता रैली के बाद भी सुधार नहीं हुआ तो कड़ा एक्शन लेना पड़ेगा। इस कार्यक्रम में समाजसेवी अजय बैठा, महुगावा पंचायत के वार्ड पार्षद और बसडीहा के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## समपार फाटक पर सतर्कता जरूरी: डीडीयू मंडल में जागरूकता अभियान चला



**प्रभात फेरी, नुक्कड़ नाटक, हैंडबिल और पौधरोपण से लोगों को किया गया सचेत**

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पूरे डीडीयू मंडल में गुरुवार 5 जून को अंतरराष्ट्रीय समपार फाटक जागरूकता दिवस पर यात्रियों और राहगीरों को जागरूक करने के उद्देश्य से व्यापक अभियान चलाया गया। मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना के निर्देश पर संरक्षा से जुड़ी कई गतिविधियाँ संचालित की गईं। वरीय मंडल संरक्षा अधिकारी संतोष कुमार द्वारा संरक्षा संदेश के ऑडियो व वीडियो क्लिप जारी किए गए, जिनका प्रसारण मंडल के सभी स्टेशनों पर किया गया। डीडीयू स्टेशन पर ₹जान है तो जहान है₹ विषय पर नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। गया, सासाराम, सोननगर, डेहरी ऑन सोन, ऊंटारी आदि सेक्शनों के 65 समपार फाटकों पर रेल अधिकारियों ने बैनर, फ्लैक्स और हैंडबिल के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। 60 स्थानों पर अनाधिकृत रेलवे क्रॉसिंग पार करने वालों को समझाया गया और 10,000 सेफ्टी हैंडबिल बांटे गए। मंडल स्काउट एवं गाइड के बच्चों ने प्रभात फेरी निकाली और संरक्षा के संदेश दिए। पर्यावरण दिवस के अवसर पर विभिन्न समपार फाटकों पर वृक्षारोपण भी किया गया। रेल प्रशासन ने आम जनता से अपील की कि समपार फाटकों पर यातायात नियमों का पालन करें और अनाधिकृत रूप से रेलवे लाइन पार करने से बचें, क्योंकि यह जानलेवा हो सकता है।

## पंडवा में पर्यावरण संरक्षण का संकल्प: समाजसेवियों ने दिया संदेश



**नवीन मेल संवाददाता**

**पंडवा।** विश्व पर्यावरण दिवस पर पंडवा प्रखंड के समाजसेवी सतेंद्र ठाकुर और आलम तारा ने संयुक्त रूप से लोगों को पर्यावरण के संरक्षण के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शुद्ध पर्यावरण से जीव-जंतु और उनका अस्तित्व सुरक्षित रहता है और हमें इसके लिए मिलकर काम करना होगा। सतेंद्र ठाकुर ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण केवल पेड़-पौधे लगाना ही नहीं है, बल्कि जल संरक्षण, ऊर्जा की बचत और प्रदूषण नियंत्रण भी इसमें शामिल है। उन्होंने कहा कि हमें हर खुशी के मौके पर कम से कम 10 से 15 पेड़ जरूर लगाना चाहिए ताकि हम पर्यावरण की रक्षा कर सकें।

## मिडिल स्कूल में 'एक पौधा मां के नाम' अभियान

**हुसैनाबाद।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हुसैनाबाद के शैक्षणिक संस्थानों में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। हुसैनाबाद मिडिल स्कूल में 'एक पौधा मां के नाम' अभियान के तहत छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने मिलकर छायादार पौधे लगाए, वहीं एके सिंह कॉलेज जपला में एनएसएस इकाई द्वारा गंधराज, चंपा, चमेली जैसे पर्यावरण अनुकूल पौधों का रोपण किया गया। दोनों ही स्थलों पर कार्यक्रम में भागीदारी करते हुए विद्यार्थियों और शिक्षकों ने पर्यावरणीय चेतना को जीवंत बनाया।

## न्यूज बॉक्स

### सांसद प्रतिनिधि ने बच्चों संग लगाए पौधे, दिया 'एक पौधा मां के नाम' का संदेश



**मोहम्मदगंज।** गोड़ाडीह में सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह ने अपने आवासीय परिसर में आम और अमरूद के एक-एक पौधे लगाकर पर्यावरण के प्रति सजगता दिखाई। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ ह्यएक पौधा मां के नामह्ल कार्यक्रम के अंतर्गत यह कार्य किया। उन्होंने बताया कि पौधे अपनी माता देवराज देवी के नाम पर लगाए हैं और बच्चों के साथ यह कार्य करने का उद्देश्य भावी पीढ़ी को पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाना है। उन्होंने अब तक नींबू, कटहल, आंवला समेत कुल 22 पौधे लगाए हैं, जो अब पेड़ का रूप ले रहे हैं। इस अवसर पर उनके साथ देव जी, भास्कर कुमार सिंह, साक्षी कुमारी और छोटू कुमार शामिल थे। सभी बच्चों में इस कार्य को लेकर उत्साह और उत्सुकता साफ झलक रही थी। वहीं जिला पार्षद अंजू देवी और युवा समाजसेवी अश्विनी कुमार सिंह ने सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ लेने और पौधारोपण करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि ह्लपर्यावरण से ही हमारा आज और कल जुड़ा है।ह्व कोसीआरा (रामबांध) स्थित ज्ञान भारती पब्लिक स्कूल के डाइरेक्टर शुभम कुमार सिंह और समाजसेवी दीपक कुमार ने भी पौधारोपण को धरती को हरा-भरा रखने का अनिवार्य कदम बताया।

### हुसैनाबाद में महोगनी के पांच पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

**हुसैनाबाद।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हुसैनाबाद व्यापार मंडल अध्यक्ष एवं पलामू जिला पैक्स अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने महोगनी के पांच पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि पौधे लगाना पर्यावरण की रक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है और प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम पांच पौधे लगाने चाहिए। कृष्णा बैठा ने बताया कि अब तक उन्होंने लगभग दो सौ पौधे लगाए हैं और सभी सुरक्षित हैं। उन्होंने आगाह किया कि पेड़ों की कटाई से वायुमंडल में प्रदूषण बढ़ रहा है, जिससे अनेक बीमारियाँ फैल रही हैं और वर्षा भी कम हो रही है, जिससे फसलों की पैदावार प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि विश्व में वर्तमान में लगभग 30 खरब 40 अरब पौधे हैं, लेकिन पर्यावरण के संरक्षण के लिए हमें इनकी संख्या दुगुनी करने का संकल्प लेना होगा। उन्होंने सभी को विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं दीं।

### 'चलो चलें पेड़ लगाएं' अभियान को जलसहियाओं ने जन आंदोलन का रूप दिया



**हैदरनगर।** प्रखंड की सभी 49 जलसहियाओं ने गुरुवार को अपने-अपने क्षेत्रों में पौधारोपण कर ह्लचलो चलें पेड़ लगाएंह्व नारे को साकार किया। प्रखंड वॉश समन्वयक हरसू कुमार दयानिधि ने जलसहियाओं को प्रेरित किया कि वे पौधारोपण को व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व मानें। इस अभियान के तहत आम, अमरूद जैसे फलदार पौधों का रोपण कर आसपास के लोगों को भी जोड़ा गया। बीडीओ विश्व प्रताप मालवा ने बताया कि खरगाड़ा, परता, सजवन, चौकड़ी, दीवान बिगहा, सरगाड़ा, हैदरनगर पूर्वी व पश्चिमी समेत अन्य पंचायतों में जलसहियाओं की सक्रिय भूमिका सराहनीय रही। अभियान में आरती, निर्मला देवी, सीमा, गीता, रिंकीं, शबनम आरा सहित कई जलसहियाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मुखिया संतोष सिंह, जितेंद्र सिंह, सुदर्शन राम, कमल कुमार पासवान, शहनाज परवीन, पंचायत समिति सदस्य गुप्तेश्वर पांडेय, राजीव कुमार शर्मा, शैलू जयसवाल, फरहाना खातून, गुलशन आरा, उपमुखिया पवन कुमार जैसे प्रतिनिधियों के साथ समाजसेवी डॉ. अजय जयसवाल, नावाजिश खान, राजू खान, अशरफ हसन ने भी सहभागिता निभाई।

## 'एक पौधा मां के नाम' अभियान में बच्चों ने बढ़-चढ़कर लिया भाग



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** मिडिल स्कूल परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ह्यएक पौधा मां के नामह्ल कार्यक्रम के तहत स्कूल परिसर में विभिन्न छायादार पौधे लगाए गए। विद्यालय के प्रधानाध्यापक कन्हैया प्रसाद ने इस मुहिम को जीवन में अपनाने की अपील करते हुए बच्चों को इसकी प्रासंगिकता के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि बच्चों में यह संस्कार विकसित किया जाना चाहिए कि वे प्रत्येक विशेष दिन को पर्यावरण से जोड़कर कुछ सकारात्मक करें। शिक्षक राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि वर्ष 1972 में संयुक्त राष्ट्र ने पर्यावरण के प्रति वैश्विक चेतना फैलाने हेतु इस दिवस को मनाने की घोषणा की थी और 5 जून 1973 को पहला विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया था। तब से यह एक परंपरा बन चुकी है। वरीय शिक्षक जुबैर अंसारी और शिक्षिका सुषमा पांडेय ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि यह दिन सिर्फ औपचारिकता नहीं, बल्कि समुद्री प्रदूषण, ग्लोबल वार्मिंग, अधिक जनसंख्या, वन्यजीव अपराध जैसे मुद्दों पर कार्यरूप में चेतना लाने का अवसर है। विद्यालय की अन्य शिक्षिकाओं में आशा कुमारी, पूनम कुमारी, रश्मि प्रकाश और राजेश सिंहा ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। बाल संसद के प्रधानमंत्री अमित कुमार ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस अब वैश्विक मंच बन चुका है, जिसमें 143 से अधिक देश भाग लेते हैं। इस अवसर पर आयोजित लिखित प्रतियोगिता परीक्षा में वर्ग आठ के छात्र अमित कुमार और राजवीर ने 50 में से 50 अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, वहीं अन्य छात्रों का प्रदर्शन भी सराहनीय रहा।

## जलसहियाओं ने पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड के विभिन्न पंचायतों की जलसहियाओं ने पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधारोपण कर पर्यावरण के प्रति लोगों को सजग करने का प्रयास किया। ब्लॉक वाश कॉर्डिनेटर प्रेमतोष पांडेय ने बताया कि जलसहियाएं अब केवल स्वच्छता तक सीमित नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारियों में भी अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। गुरुवार को रामबांध पंचायत के बलडिहरी की जलसहिया शाहजहां बेगम ने शहतूत, पंसा पंचायत के तेंदुआ कला की गूंजा देवी ने आम, अधौरा की शारदा देवी ने अमरूद, और भजनियां की शकुंतला देवी ने फुलदार पौधे लगाकर पर्यावरण जागरूकता को जीवंत किया। इन महिलाओं ने अपने प्रयास से अन्य महिलाओं को भी प्रेरित किया है।

## 'चुप्पी तोड़ो, स्वस्थ रहो' अभियान से माहवारी स्वच्छता पर खुलकर हो रही बात



**लाल बिंदी, रंगोली और रैलियों के माध्यम से किशोरियों और महिलाओं में बढ़ी जागरूकता**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** 'चुप्पी तोड़ो, स्वस्थ रहो' अभियान के छठे चरण के तहत मोहम्मदगंज प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में महिलाओं और किशोरियों में माहवारी स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता तेजी से बढ़ी है। लटपौरी, गोड़ाडीह और भजनियां गांवों में जलसहियाओं और सखी मंडलों की पहल से इस अभियान ने गति पकड़ी है। रेड डॉट चैलेंज के तहत महिलाओं ने कागज पर लाल बिंदी और रंगोली के जरिए संदेश दिया। पंचायत मुख्यालयों व गांवों में छोटे-छोटे समूहों में बैठकों के साथ जागरूकता फैलाई गई। भष्मक के उपयोग, स्वच्छता अपनाने और मिथकों को तोड़ते हुए स्वस्थ जीवन शैली अपनाने की शपथ दिलाई गई। ब्लॉक वाश कोऑर्डिनेटर प्रेमतोष पांडेय ने बताया कि अभियान का उद्देश्य केवल जानकारी देना नहीं, बल्कि समाज में फैली भ्रांतियों को समाप्त करना है। मुखिया उमेश राम और पंचायत सचिव अविनाश कुमार ने कहा कि स्थानीय सहयोग से इसे जन-जन तक पहुँचाया जा सकता है। इस अभियान में उपमुखिया शशि देवी, जलसहिया सोना, मीना, पूनम, शकुंतला देवी, सखी मंडलों की दीदियाँ और जेएसएलपीएस की एफएलसीआरपी पूनम कुमारी समेत अनेक ग्रामीण महिलाएं शामिल रहीं। यह अभियान 8 जून 2025 तक जारी रहेगा।

## गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज छतरपुर में पर्यावरण दिवस का भव्य आयोजन

# संस्थान ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ के साथ पौधरोपण कर बढ़ाई जागरूकता

**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज, छतरपुर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कॉलेज के संस्थापक सचिव श्रद्धेय सत्यदेव प्रसाद अग्रवाल की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर एवं संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन से हुई। तत्पश्चात अतिथियों और विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रतीकात्मक वृक्षारोपण कर हरा-भरा वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया गया। इस मौके पर प्रोफेसर राजमोहन ने कहा, ₹पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह हमारी जीवनशैली का हिस्सा होना चाहिए। हमें आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण छोड़ना होगा।₹ प्रभारी प्राचार्य प्रो. अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि महाविद्यालय परिसर को हरित एवं स्वच्छ बनाए रखने के लिए वे सदैव प्रतिबद्ध हैं और विद्यार्थियों को भी इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कॉलेज कैम्पस को प्लास्टिक मुक्त बनाने का संकल्प भी साझा किया।



मनिका कॉलेज के समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. मनीष कुमार ने कहा कि पर्यावरण और समाज एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हैं। पर्यावरण असंतुलन से सामाजिक समस्याएं उत्पन्न होती हैं, इसलिए दोनों का संतुलन आवश्यक है। कॉलेज सचिव डॉ. अमित कुमार अग्रवाल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए महाविद्यालय समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करता है और यह आयोजन विद्यार्थियों में हरित चेतना जागरूक करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम के बाद महाविद्यालय परिसर में अनुसेवक आनंद कुमार यादव, प्रसाद ठाकुर सहित सभी कर्मचारियों ने नीम के पौधे लगाए। सभी उपस्थितजनों और विद्यार्थियों ने पौधों की देखभाल और संरक्षण की शपथ ली। पर्यावरण दिवस के अवसर पर कॉलेज परिसर में फैले प्लास्टिक ग्लास, बोतल, थैले आदि को एकत्र कर साफ-सफाई की गई और यह संकल्प लिया गया कि परिसर में प्लास्टिक बैग का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। कार्यक्रम का संचालन पंचम कुमार ने किया। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए प्रो. अमित कुमार सिंह ने कहा कि जलवायु परिवर्तन, वनों की कटाई और प्रदूषण जैसे मुद्दों पर गंभीरता से विचार करना आवश्यक है। छात्रों को पर्यावरण जागरूकता में अग्रणी भूमिका निभानी होगी। उन्होंने चिंता जताई कि आज मनुष्य के जीवन की तुलना में आधे से भी कम पौधे लगते हैं, जो चिंता का विषय है। इस अवसर पर कॉलेज परिवार के प्रो. अशोक कुमार अग्रवाल, रोहित कुमार, प्रो. मुन्नी देवी, सुनीता कुजूर, इंदु कुमारी, बालमुकुंद पाठक, अनुज कुमार, संध्या कुमारी, अरविंद कुमार, पंचम कुमार, कृष्णनंदन शर्मा, दीपक, बबलू मिंझ, आलोक, आनंद कुमार यादव, पानपती, शारदा, प्रसाद ठाकुर, संजय प्रजापति सहित कई गणमान्य शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद थे। विद्यार्थियों में पूजा कुमारी, आरती कुमारी, अंजनी कुमारी, मदन कुमार, संजय, रोहित, कुंदन आदि की उपस्थिति रही।

### एनएसएस स्वयंसेवकों ने लगाए गंधराज, चम्पा, चमेली जैसे पर्यावरण अनुकूल पौधे



**हुसैनाबाद।** विश्व पर्यावरण दिवस पर एके सिंह कॉलेज जपला में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के तत्वावधान में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवकों और छात्र-छात्राओं ने गंधराज, चंपा, चमेली सहित कई पर्यावरणीय दृष्टि से उपयोगी पौधों का रोपण किया। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे प्राचार्य प्रो. सूर्यमणि सिंह ने कहा कि प्रकृति और मनुष्य का संबंध पारस्परिक है, और हमें पर्यावरण की रक्षा के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। उन्होंने शुद्ध वायु, जल और पर्यावरण की आवश्यकता को रेखांकित किया। एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. राजेश कुमार सिंह ने कहा कि धरती पर 33% भूभाग पर वन होना आवश्यक है, तभी पारिस्थितिकी संतुलित रह सकती है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे जन्मदिन, विवाह या अन्य उत्सवों पर पौधा लगाएं और दूसरों को भी प्रेरित करें। इस अवसर पर परीक्षा नियंत्रक प्रो. अशोक कुमार सिंह, बर्सर प्रो. शशिभूषण सिंह, खेल-कूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. राहुल कुमार सिंह, अकाउंटेंट ओम प्रकाश सिंह, प्रिंस कुमार सिंह, मनीष कुमार सिंह, निखिल कुमार सिंह, हीरा लाल शर्मा, रिंकी कुमारी, पुष्पा कुमारी, शिवम कुमार, शुभम प्रकाश, खुशबु कुमारी, नेहा गुप्ता, सुकृति कुमारी, शोभा कुमारी सहित अनेक छात्र-छात्राओं एवं स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रत्येक व्यक्ति को एक पौधा लगाना चाहिए: थाना प्रभारी

**नीलाम्बर पीताम्बरपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर लेस्लीगंज थाना परिसर में थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता के नेतृत्व में फलदार एवं इमारती पेड़ों के पौधे लगाए गए। थाना प्रभारी ने बताया कि हर साल 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जो प्रकृति की सुरक्षा और पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने का अवसर होता है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी लोगों को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। पेड़ों की कमी से वर्षा में कमी और गर्मी में वृद्धि होती है। पेड़ हमें फल, फूल और लकड़ी प्रदान करते हैं। पौधा लगाने के साथ-साथ उसकी देखभाल एवं संरक्षण भी आवश्यक है।

वर्ष-31, अंक- 229, पृष्ठ-09 | ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 11, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
शुक्रवार
06 जून 2025

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



## एक नजर

### शर्मिष्ठा पनोली को मिली अंतरिम जमानत, पिता ने जताई खुशी

**कोलकाता।** ऑपरेशन सिंदूर पर चुप्पी साधने वाले अभिनेताओं के बारे में विवादास्पद टिप्पणी करने वाली लॉ स्टूडेंट और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर शर्मिष्ठा पनोली को गुरुवार को कलकत्ता हाईकोर्ट से अंतरिम जमानत मिल गई। जस्टिस राजा बसु ने उन्हें जमानत दी है। साथ ही, शर्मिष्ठा पर कई तरह की शर्तें भी लगाई गई हैं, जिन्हें वह मानने के लिए बाध्य रहेंगी। वहीं, शर्मिष्ठा के वकील डीपी सिंह ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में कहा कि कोर्ट ने माना है कि यह संज्ञेय अपराध नहीं है। इसके अलावा, गिरफ्तारी का आधार जाहिर नहीं हो पा रहा है। इस मामले में धमकी का एंगल भी सामने आ रहा था। शर्मिष्ठा ने खुद न्यायालय में कहा कि उन्हें लगातार धमकियां मिल रही हैं, लिहाजा उन्हें सुरक्षा दी जाए। उन्होंने कहा कि इन्हीं सब पहलुओं को ध्यान में रखते हुए कोर्ट ने तय किया कि जमानत दी जा सकती है। शर्मिष्ठा को अपना पासपोर्ट जमा कराना होगा। उनके विदेश जाने पर पाबंदी लगाई गई है। साथ ही, शर्मिष्ठा पनोली के पिता ने अपनी बेटी की मिली जमानत पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि मैं बहुत खुश हूं कि मेरी बेटी बाहर आ रही हैं। अभी जो कार्रवाई शेष रह गई है, उसे पूरा करना होगा।

### सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में 40 लाख का इनामी सुधाकर मारा गया

**छत्तीसगढ़।** बीजापुर जिले में गुरुवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 40 लाख रुपये का इनामी शीर्ष नक्सली नेता मारा गया। यह ऑपरेशन नेशनल पार्क इलाके में हुआ, जहां खुफिया जानकारी के अनुसार वरिष्ठ नक्सली कैडर की मौजूदगी का संकेत मिला था। सूचना पर कार्रवाई करते हुए, जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की एक संयुक्त टीम ने वन क्षेत्र में एक समन्वित अभियान शुरू किया। संयुक्त बलों और नक्सलियों के बीच सुबह से ही गोलीबारी जारी रही। मुठभेड़ के दौरान मोस्ट वांटेड नक्सली नेताओं में से एक सेंट्रल कमेटी के सदस्य सुधाकर को मार गिराया गया। उस पर 40 लाख रुपये का इनाम था। सुधाकर की हत्या नंबाला केशव राव की हत्या के कुछ ही समय बाद हुई है, जिन्हें बसवराजू के नाम से भी जाना जाता है, जो मई में छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए थे। वह घने अबूझमाड़ जंगलों में जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के नेतृत्व में एक संयुक्त अभियान में मारे गए 30 नक्सलियों में से एक थे - जो नक्सलियों का गढ़ है। प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के महासचिव नंबाला केशव राव 1970 के दशक के उत्तरार्ध से नक्सली आंदोलन का हिस्सा रहे हैं और इसके सबसे खूंखार रणनीतिकारों में से एक थे। उन पर 1.5 करोड़ रुपये का इनाम था और वह कई राज्यों में सुरक्षा बलों पर कई घातक हमलों के सिलसिले में वांछित थे।

# पर्यावरण संरक्षण केवल आज का संकल्प नहीं, हर दिन की जिम्मेदारी हो : वित्त मंत्री

- विश्व पर्यावरण दिवस पर बेतला के कूटमू में हुआ भव्य आयोजन, बच्चों को दिया रोजगार का तोहफा

नवीन मेल संवाददाता

**बेतला (लातेहार)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बेतला नेशनल पार्क के कूटमू क्षेत्र में पलामू टाइगर प्रोजेक्ट (उत्तरी) द्वारा एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर झारखंड के वित्त मंत्री मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन का संकल्प नहीं, बल्कि इसे हमें हर दिन की जिम्मेदारी बनाना चाहिए। पेड़-पौधों, जल, वायु और धरती की रक्षा करना हम सबका कर्तव्य है। आज जब दुनिया के जंगल जल रहे हैं, वन्यजीव संकट में हैं, तब हमें ठोस कदम उठाने होंगे, जैसे प्लास्टिक का उपयोग कम करना, पेड़ लगाना और पानी-बिजली की बचत करना। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और सुरक्षित भविष्य देने की दिशा में हमें अब तुरंत और सामूहिक प्रयास करने होंगे। कार्यक्रम में वित्त मंत्री ने बेतला क्षेत्र के बच्चों को कंप्यूटर डाटा ऑपरेटर की नौकरी का प्रस्ताव दिया और अपने हाथों से उन्हें कंप्यूटर भी वितरित



किए। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि जंगल क्षेत्र के बच्चों को तकनीकी शिक्षा देकर उन्हें रोजगार से जोड़ा जाए। यह पहल स्थानीय युवाओं को आत्मनिर्भर बनाएगी। इस अवसर पर विधायक रामचंद्र सिंह, पूर्व विधायक राधाकृष्ण किशोर, पलामू की उपायुक्त समीरा एस, पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार, वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं पलामू टाइगर प्रोजेक्ट (उत्तरी) के उपनिदेशक सहित सैकड़ों ग्रामीण एवं स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत उपनिदेशक द्वारा अतिथियों को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत करने से हुई। बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इसके बाद सामूहिक रूप से बांस एवं सर्जन के पौधों का रोपण किया गया। वित्त मंत्री, अधिकारियों, अतिथियों एवं बच्चों ने पर्यावरण बचाने का संकल्प लिया।

### उप निदेशक ने पेश की पीटीआर की दो नवाचारी योजनाएं

पीटीआर के उप निदेशक प्रजेश जेना ने परियोजना द्वारा चलाई जा रही दो विशिष्ट पहलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वन्यजीव, जंगल और पर्यावरण संरक्षण के प्रति ग्रामीणों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए 'जन भागीदारी' कार्यक्रम पिछले दो वर्षों से जारी है, जिसके तहत जल संरक्षण, हस्तशिल्प, सतत जीविकोपार्जन और संवाद जैसी गतिविधियों में ग्रामीणों को सक्रिय रूप से जोड़ा गया है। जेना ने बताया कि एक अन्य पहल 'हुनर से रोज़गार' के तहत रेजिडेंशियल एम्प्लॉयमेंट लिंक्ड कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम संचालित किया गया है। इसके तहत पीटीआर क्षेत्र के दूरवर्ती गांवों के युवाओं को बाइक रिपेयरिंग, डाटा एंट्री ऑपरेटर, इलेक्ट्रिशियन, सोलर पैनल मरम्मत, सिलाई आदि क्षेत्रों में दो माह की प्रशिक्षण प्रदान कर देश के विभिन्न प्रतिष्ठित नियोक्ताओं से जोड़ा जा रहा है।

## उद्घाटन के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया एलान

# बाबा कार्तिक उरांव के नाम से जाना जाएगा सिरमटोली फ्लाइओवर

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** नवनिर्मित सिरमटोली फ्लाईओवर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को जनता को समर्पित कर दिया। फ्लाईओवर का उद्घाटन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी की राजनीतिक पहचान की बलि देना और किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना हमारे लिए संभव नहीं है, क्योंकि हम एक राजनीतिक दल हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस ओवरब्रिज का नामकरण बाबा कार्तिक उरांव के नाम पर करने की घोषणा करते हुए लोगों को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने पारंपरिक तरीके से पूजा-अर्चना कर नवनिर्मित फ्लाईओवर का अवलोकन किया। पारंपरिक वेशभूषा में खड़े बड़ी संख्या में लोगों ने मुख्यमंत्री का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। नवनिर्मित फ्लाईओवर को देखने निकले मुख्यमंत्री ने केंद्रीय सरना स्थल जाकर पूजा-अर्चना की और फ्लाईओवर को लेकर पथ निर्माण सचिव को शेष पेज 09 पर...




### पर्यावरण की अनदेखी भविष्य को संकट में डाल सकती है : मुख्यमंत्री

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि आज पर्यावरण बड़ी चुनौती बन गई है। पर्यावरण के साथ छेड़छाड़ का ही नतीजा है कि जंगलों में रहने वाले जानवर अब गांव और बस्ती में घूम कर नए घर तलाश रहे हैं। लोग केवल एक पेड़ बचाएं, बदलाव जरूर आएगा। सीएम गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वन भवन (डोरंडा) में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित हुए। मौके पर उन्होंने यहां पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। सीएम ने कहा कि ऐसे समय में जब पूरी दुनिया में पर्यावरण चिंता का विषय बन गया है, हम सौभाग्यशाली हैं कि झारखंड में 70 प्रतिशत वनभूमि है। हमें वनों को संजोना और बढ़ाना होगा। पेड़ बचे रहेंगे, तो ही हम इंसान भी बचेंगे। वरना बुरे दिन आने में समय नहीं लगेगा। पर्यावरण के बिगड़ने की वजह से दुनिया भर में लोग तरह-तरह की बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं। पारंपरिक रूप से प्रकृति के साथ रचे-बसे रहना झारखंड और झारखंडियों का स्वभाव है। हमारी सरकार ने पर्यावरण संरक्षण के लिए राज्य में कई प्रयोग किए गए हैं। उनमें से एक कार्यक्रमों में पौधा देकर स्वागत करने का रिवाज शुरू करना भी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया भर में प्लास्टिक खत्म करने की मुहिम चल रही है। छोटा प्लास्टिक बैग भी जीवन खतरे में डालने के लिए काफी है। प्लास्टिक का उपयोग रोकने के लिए खुद में चेतना जरूरी है। लोगों को प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने का संकल्प खुद लेना होगा। हमें सोचना होगा कि पर्यावरण बचाते हुए विकास की ऊंचाइयों को कैसे छूना है। उन्होंने कहा कि आज तेजी से शहरीकरण हो रहा है। जहां पैदल चलने की जगह नहीं, वहां भी लोग बस रहे हैं। शेष पेज 09 पर...

## कार की टक्कर से पिता-पुत्री की मौत, पत्नी व दो बेटे घायल



- हुसैनाबाद में सड़क हादसे के बाद उग्र ग्रामीणों ने जपला-छतरपुर रोड किया जाम, अस्पताल की अव्यवस्था पर फूटा गुस्सा

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत बुधवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार पिता और पुत्री की मौत हो गई, जबकि पत्नी और दो बेटे गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा जपला-छतरपुर मुख्य पथ स्थित चउवा चट्टान गांव के पास हुआ, जहां एक तेज़ रफ्तार कार ने बाइक को ज़ोरदार टक्कर मार दी। घटना के बाद गुरुवार सुबह आक्रोशित ग्रामीणों ने नहर मोड़ के पास जपला-छतरपुर रोड को जाम कर दिया। मृतकों की पहचान हुसैनाबाद नहर मोड़ निवासी 45 वर्षीय विनोद साव और उनकी सात वर्षीय पुत्री चांदनी कुमारी के रूप में की गई है। विनोद साव की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चांदनी ने इलाज के दौरान एमआरएमसीएच मेदिनीनगर में दम तोड़ दिया। उनकी पत्नी लक्ष्मीनिया देवी तथा दो पुत्र प्रियांशु कुमार और कार्तिक कुमार गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों को तत्काल हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया, लेकिन ऑक्सीजन की कमी के कारण वहां अफरा-तफरी मच गई। बाद में घायलों को बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर रेफर किया गया, जहां से कार्तिक कुमार की हालत नाजुक होने के कारण उसे रिम्स, रांची भेजा गया है। हुसैनाबाद थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया कि दुर्घटना में प्रयुक्त कार को जब्त कर लिया गया है। कार सवार कुछ लोगों को हिरासत में लेने की सूचना है, हालांकि पुलिस ने इस पर अभी अधिकारिक पुष्टि नहीं की है। दुर्घटना के बाद अनुमंडलीय अस्पताल में ऑक्सीजन उपलब्ध न होने पर परिजनों और स्थानीय लोगों ने जमकर हंगामा किया। गुरुवार सुबह मृतकों के परिजनों और ग्रामीणों ने शेष पेज 09 पर...

## जैक बोर्ड ने इंटर आर्ट्स परीक्षा का रिजल्ट जारी किया

# देव तिवारी बने स्टेट टॉपर, लड़कियों ने मारी बाजी

- 95.62 प्रतिशत छात्र हुए उत्तीर्ण

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने 12वीं कक्षा (इंटरमीडिएट) आर्ट्स संकाय का परीक्षा परिणाम गुरुवार को जारी कर दिया। इस बार का रिजल्ट बेहद शानदार रहा, जिसमें कुल 95.62 प्रतिशत परीक्षार्थी सफल घोषित किए गए हैं। परीक्षा परिणाम जैक की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। इस बार फिर छात्राओं ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए लड़कों को पीछे छोड़ा है।

झारखंड बोर्ड की इस परीक्षा में कुल 2,28,959 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया था, जिनमें से 2,27,222 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। इनमें से कुल 2,17,273 परीक्षार्थी सफल हुए हैं। इस तरह परीक्षा में सम्मिलित हुए छात्रों में 95.62 फीसदी को सफलता मिली है।



### स्टेट टॉपर बना राजमहल का छात्र

झारखंड में इंटर आर्ट्स की परीक्षा में इस बार का स्टेट टॉपर राजमहल से बना है। देव तिवारी, जो प्लस टू जेके हाई स्कूल, राजमहल का छात्र है, ने 500 में से 481 अंक प्राप्त किए हैं और राज्यभर में पहला स्थान हासिल किया है। देव की इस शानदार सफलता से संथाल परगना क्षेत्र गौरवान्वित है।

### कोरोना का कहर जारी, 24 घंटे में 564 नए मामले, 7 लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस के सक्रिय मामले बढ़कर 4866 हो गए हैं और मरने वालों की संख्या 51 तक पहुंच गई है। राहत की बात है कि पिछले 24 घंटे में 679 लोग कोरोना से ठीक होकर घर लौट चुके हैं। कोरोना से सबसे अधिक केरल तबाह है। केरल में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 1487 हो गए हैं। जबकि 9 लोगों की मौत हो गई है। पिछले 24 घंटे में केरल में कोरोना के 114 नये मामले सामने आए हैं, तो 238 लोग ठीक होकर घर लौट चुके हैं। केरल के साथ-साथ दिल्ली, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल में भी कोरोना के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। बंगाल में पिछले 24 घंटे में 106 मामले सामने आए हैं और केवल 61 लोग ठीक हुए हैं।

# लड़ाकू विमान राफेल का धड़ अब भारत में बनाया जाएगा, हैदराबाद में लगेगा प्लांट

- डसॉल्ट एविएशन ने टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स के साथ चार उत्पादन हस्तांतरण समझौतों पर हस्ताक्षर किए

**नई दिल्ली।** पहली बार राफेल के धड़ का उत्पादन फ्रांस के बाहर किया जाएगा। इसके लिए फ्रांसीसी कंपनी डसॉल्ट एविएशन ने टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स के साथ साझेदारी की है। भारत में पहली बार राफेल के धड़ का उत्पादन करने के लिए हैदराबाद में प्लांट लगाया जायेगा। दोनों कंपनियों ने भारत में राफेल लड़ाकू विमान के धड़ का निर्माण करने के लिए चार उत्पादन हस्तांतरण समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। डसॉल्ट एविएशन के मुताबिक यह प्लांट भारत के एयरोस्पेस बुनियादी ढांचे में एक महत्वपूर्ण निवेश का प्रतिनिधित्व करेगा। साझेदारी के दायरे में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स के साथ हैदराबाद में राफेल के प्रमुख संरचनात्मक खंडों का निर्माण करने के लिए अत्याधुनिक उत्पादन सुविधा स्थापित की जाएगी, जिसमें पीछे के धड़ के पार्श्व गोले, पूरा पिछला भाग, केंद्रीय धड़ और अगला भाग शामिल है। वित्त वर्ष 2028 में असेंबली लाइन से पहला धड़ खंड निकलने की उम्मीद है और हर महीने दो पूर्ण धड़ तैयार होने की उम्मीद है। डसॉल्ट एविएशन के अध्यक्ष और सीईओ एरिक ट्रैपियर ने कहा कि पहली बार राफेल के धड़ का उत्पादन फ्रांस के बाहर किया जाएगा। यह भारत में हमारी आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने में एक निर्णायक कदम है। भारतीय एयरोस्पेस उद्योग में प्रमुख खिलाड़ियों में से एक टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स सहित हमारे स्थानीय भागीदारों के लिए यह आपूर्ति श्रृंखला राफेल के उत्पादन में योगदान देगी। हमारे समर्थन से गुणवत्ता और प्रति स्पर्धात्मकता आवश्यकताओं को पूरा करने का प्रयास होगा। इस साझेदारी का उद्देश्य वैश्विक एयरोस्पेस आपूर्ति श्रृंखला में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में भारत की स्थिति को मजबूत करना है। टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक सुकरन सिंह ने कहा कि शेष पेज 09 पर...

## इंडिया

# दिखावटी रोक के बावजूद प्लास्टिक इस्तेमाल सभी करते हैं मानता कोई नहीं



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

भारत में सरकार ने 1 जुलाई 2022 से कुछ एकल-उपयोग प्लास्टिक वस्तुओं पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसमें प्लास्टिक के स्ट्रॉ, इयरबड्स, गुब्बारों के लिए प्लास्टिक की स्टिक, प्लास्टिक के झंडे, कैंडी स्टिक, आइसक्रीम स्टिक, सजावट के लिए थर्माकोल, प्लेटें, कप, गिलास, कटलरी, ट्रे, मिठाई के डिब्बे, निमंत्रण कार्ड, और सिगरेट पैकेट पर लपेटी जाने वाली प्लास्टिक की फिल्म शामिल हैं। दिलचस्प सवाल यह है कि उपयोग पर रोक के बाद भी उत्पादन हो ही रहा है तो यह दिखावटी प्रतिबंध किसके लिए ? प्लास्टिक की स्थिति ठीक वैसी ही है जैसे एक गरीब व्यक्ति की है जो हमारे कई काम आता है, लेकिन जब उससे कोई गलती हो जाती है, तो उसमें हमें सारी बुराइयां दिखाई देने लगती हैं। पूरी दुनिया में ऐसा कौन है जिसने पिछले 30 वर्षों में प्लास्टिक का उपयोग न किया हो? कोई गांव, घर, गली, कस्बा या शहर ऐसा नहीं है, जो प्लास्टिक के उपयोग से वंचित हो। किसी न किसी रूप में प्लास्टिक हमारे जीवन का हिस्सा बन गया है। यह एक ऐसी चीज है, जो अब मनुष्य के गले पड़ चुकी है। इसीलिए प्लास्टिक विरोधी सभी नियम और कानून लागू हैं पर यह हमारी दिनचर्या में शामिल है। सब्जी, फल या फिर किराना दुकान में सामान खरीदते समय हम प्लास्टिक की थैली की अपेक्षा करते हैं, खरीदारी करने के लिए जूट या कपड़े के झोले का इस्तेमाल करना या खरीदना नहीं चाहते इस तरह प्लास्टिक के प्रसार को और बढ़ावा देने में बड़ी भूमिका निभा रहे हैं। प्लास्टिक ने हमारे जीवन में इतनी गहराई से अपनी जगह बना ली है कि अब इससे मुक्त होने की कल्पना भी नहीं कर सकते । अब खेती-बाड़ी से लेकर उद्योगों में हर जगह इसका उपयोग होता है जबकि हम इसके कुप्रभावों को जानते हैं फिर भी इसके बिना हमारा काम नहीं चलता। प्लास्टिक का हम सभी एक सुर में विरोध करते हैं और उदहारण देते हैं कि प्लास्टिक की थैलियों में



बंधे खाना खाने से कितने आवारा पशु मर गए नालियों को जाम करने में इसी प्लास्टिक की भूमिका है पर वास्तविकता यह है कि हमने इसे गंभीरता से नहीं लिया है। न चाहकर भी आसान विकल्प के अभाव में प्लास्टिक हमारी सबसे बड़ी आवश्यकता बना हुआ है इसीलिए बार-बार प्रतिबंध लगने और सरकारी नियम-कानून बनने के बावजूद प्लास्टिक का उपयोग धड़ल्ले से जारी है। यह हमारे जीवन में कई रूपों में वरदान है जिसकी सुविधाओं का लाभ हम उठा रहे हैं। दूसरी तरफ जब भी प्लास्टिक का उपयोग बंद करने की बात होती है, तो विकल्प, रोजगार और स्वरोजगार की बात उठती है जिसे नजर अंदाज नहीं किया जा सकता इसीलिए आम लोग खुद ही इससे मुक्त होना नहीं चाहते, तो सरकारें इसे कैसे खत्म कर पाएंगी? देश और दुनिया में प्लास्टिक उद्योग रोजगार का एक बहुत बड़ा साधन है। अगर इस उद्योग को बंद कर दिया जाए, तो लाखों लोग बेरोजगार हो जाएंगे। वैज्ञानिक भी प्लास्टिक के नए उपयोग को समाप्त करने के विकल्प खोज रहे हैं लेकिन वे भी कहीं न कहीं बेरोजगारी का दबाव जानते हैं। प्रकृति की गोद में बसे गांवों तक इसके आकर्षक और उपयोगी उत्पाद, जो लकड़ी और लोहे के विकल्प के रूप में पहुँच चुके हैं। इसकी मजबूती और टिकाऊपन हमें अपनी तरफ खींचता है। दूसरी ओर इसका दुरुपयोग सीमाओं को पार कर चुका है। यह अब सिर्फ गाय-भैंस या अन्य जानवरों के पेट में नहीं पहुंचता, बल्कि माइक्रोप्लास्टिक के रूप में मनुष्य के शरीर में भी प्रवेश कर चुका है। शोध बताते हैं कि हर व्यक्ति के शरीर में 50,000 से अधिक माइक्रोप्लास्टिक कण पहुंच चुके हैं, जो हमारे दिल, त्वचा और फेफड़ों पर सीधा असर डाल सकते हैं। तो सवाल यह है कि सब कुछ जानते हुए भी आम लोग और नीति-निर्माता मिलकर ऐसा कुछ कर रहे हैं, जिससे प्लास्टिक से छुटकारा पाया जा सके ? प्लास्टिक से पूरी तरह मुक्त होना न तो संभव है और न ही व्यावहारिक। लेकिन एक रास्ता जरूर है कि एकल उपयोग वाली प्लास्टिक पर नियंत्रण लगाया जाए। सरकार के कई कानून और जुर्माने से भी उपयोग में कुछ खास असर नहीं पड़ा।देश में प्लास्टिक के नए-नए प्रयोग और उपयोगों को समर्पित केंद्रीय प्लास्टिक व इंजीनियरिंग संस्थान भी चेन्नई में है जिसके रांची सहित देश भर में 48 छोटे अनुषांगिक संगठन भी हैं जो प्लास्टिक पर काम कर रहे हैं जो मानते हैं कि प्लास्टिक को पूरी तरह से समाप्त करना न संभव है और न इसका कोई तात्कालिक समाधान। लेकिन उपयोग उपरांत प्लास्टिक का सही उपयोग करके नए उत्पाद बनाए जा सकते हैं जो टिकाऊ भी होंगे और तुरंत कचरा बनकर समस्या नहीं बनेंगे। इसमें एक महत्वपूर्ण पहल हो सकती है कि जब भी हम प्लास्टिक का उपयोग करें उसकी प्रवृत्ति यह होनी चाहिए कि वह बार-बार उपयोग में आ सके। इससे प्लास्टिक के उत्पादन पर भी प्रतिकूल असर पड़ेगा और कुछ हद तक अंकुश लग सकेगा। केवल सरकार को दोष देने से समस्या हल नहीं होगी नागरिक के रूप में कुछ जिम्मेदारी हमारी भी बनती है।

### कोरोना से 3 साल की बच्ची की मौत

**नोएडा।** नोएडा में कोरोना वायरस के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। इस बीच एक बहुत ही दुखद खबर आई है। गुरुवार को कोरोना से एक 3 साल की बच्ची की मौत हो गई। बच्ची नोएडा के सेक्टर-63 में रहने वाली थी। डॉक्टर टीकम सिंह ने बताया कि बच्ची को डिहाइड्रेशन की समस्या थी और उसे गंभीर हालत में दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

## भारत के जांबाज सपूतों!

# तीनों सेना के जवानों को शत-शत अभिनंदन।

आप सबने 'ऑपरेशन सिंदूर' को सफल बनाने के लिए जिस साहस,शौर्य,लगन, कर्मठता, प्रतिबद्घता और जुझारूपन का प्रदर्शन किया है हम उसके समक्ष नतमस्तक हैं। हमारा सीना गर्व से फूल उठा है। भूख,नींद और आराम को ताक पर रखकर आपने जांबाजी की मिसाल पेश की है।हमारी भावी पीढ़ियों के लिए आप प्रेरणास्रोत बनेंगे।उत्तम नेतृत्व और संगठनात्मक रण-कौशल के लिए दुनियाभर में भारत माता के शूरवीरों की प्रशंसा हो रही है! जिन वीरों ने अपनी जान गंवाई है,हम उनके परिवार के प्रति हृदय से संवेदना व्यक्त करते हैं।उनकी शहादत को नमनांजलि प्रेषित करते हैं!

राष्ट्रीय नवीन मेल




रेणुबाला मिश्रा

जय हिंद!

# अस्पताल में बेहतर संसाधनों से मरीजों को मिलेगा लाभ : आयुक्त

- समय पर जांच रिपोर्ट व त्वरित इलाज से स्वस्थ होगा पलामू, आयुक्त ने नवजात व कोरवा जनजाति की महिला से की मुलाकात

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** प्रमंडलीय आयुक्त अंजनी कुमार मिश्रा ने बुधवार को मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का निरीक्षण किया और कहा कि यहां उपलब्ध चिकित्सकीय संसाधनों का सटीक उपयोग हो तो स्वस्थ पलामू की कल्पना साकार की जा सकती है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में सिटी स्कैन, एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड, ब्लड टेस्ट जैसे आधुनिक जांच उपकरणों के साथ स्पेशल न्यू बोर्न केयर यूनिट (एसएनसीयू) जैसी महत्वपूर्ण सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिनका लाभ सभी मरीजों को मिलना चाहिए।

आयुक्त ने कहा कि मरीजों का समय पर इलाज एवं जांच रिपोर्ट का समयबद्ध मिलना जरूरी है, ताकि गंभीर मरीजों का शीघ्र उपचार हो सके। उन्होंने निर्देश दिया कि चिकित्सक और स्वास्थ्यकर्मी सेवा भावना के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें और यह सुनिश्चित करें कि किसी भी मरीज को इलाज या जांच में देरी न हो। उन्होंने इमरजेंसी मरीजों की जांच और इलाज में विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया और 24 घंटे जांच सुविधा उपलब्ध कराने को कहा।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने विभिन्न विभागों का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने मेडाल जांच केंद्र, रक्त जांच केंद्र, एक्स-रे, सिटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य यूनिट, प्रसूति एवं स्त्री रोग ओपीडी, टीकाकरण केंद्र, चाइल्ड ओपीडी, पोस्ट ऑपरेटिव वार्ड, मैटरनिटी वार्ड, एसएनसीयू, मेडिसिन ओपीडी, नेत्र ओपीडी, जेनरल सर्जरी, ऑर्थो ओपीडी, न्यूरो सर्जरी और कार्डियोलॉजी विभागों का जायजा लिया।

निरीक्षण के क्रम में उन्होंने नेत्र ओपीडी में स्वयं आंखों की जांच करवाई। उपनिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं ने भी अपनी आंखों की जांच करवाई। इसके अलावा, गढ़वा जिले के रमकंडा प्रखंड के चेटे गमहरिया गांव की कोरवा जनजाति की महिला बेलवंती देवी से मुलाकात की, जिनकी हाल ही में डिलीवरी हुई है। उन्होंने एसएनसीयू में भर्ती 700 ग्राम वजन के नवजात शिशु की स्थिति की जानकारी ली और चिकित्सकों को उसकी विशेष देखभाल के निर्देश दिए।

आयुक्त ने अस्पताल में भर्ती मरीजों के लिए भोजन और नाश्ते की व्यवस्था की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मरीजों को समय पर और मेन्यू के अनुसार पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिलना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

निरीक्षण से पूर्व आयुक्त ने अधीक्षक कार्यालय में अस्पताल प्रबंधन से बैठक कर चिकित्सा व्यवस्था, सफाई, जांच व्यवस्था आदि विषयों पर जानकारी ली। इस दौरान आयुक्त के सचिव विजय वर्मा, अस्पताल के प्राचार्य डॉ. पीएन महतो, उपनिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. संतोष कुमार श्रीवास्तव, सिविल सर्जन डॉ. अनिल सिंह, अधीक्षक डॉ. अजय कुमार, डॉ. आरके रंजन, डीपीएम स्वास्थ्य व हॉस्पिटल मैनेजर सुनीत श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## ईद-उल-जुहा से पहले पलामू पुलिस ने किया दंगा नियंत्रण मॉक ड्रिल, सुरक्षा व्यवस्था के प्रति दिखाई तत्परता



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ईद-उल-जुहा (बकरीद) एवं अन्य आयोजनों के दौरान विधि व्यवस्था संधारण को लेकर गुरुवार को पुलिस केंद्र, पलामू में दंगा नियंत्रण मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास में पुलिस हस्तक नियम-621 एवं भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 148 व 149 के तहत विधि विरुद्ध जमाव, दंगा व बलवा की स्थिति से निपटने की तैयारियों को प्रदर्शित किया गया।

ड्रिल के दौरान वाटर कैनन ट्रक, रायट कंट्रोल व्हीकल, एम्बुलेंस, टीजी गन, स्मोक सेल, चिली ग्रेनेड समेत अन्य दंगारोधी उपकरणों के उपयोग का अभ्यास किया गया। पलामू पुलिस ने आम नागरिकों से ईद-उल-जुहा समेत सभी पर्व-त्योहारों में शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की है।

मॉक ड्रिल में पुलिस अधीक्षक पलामू, अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान), सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी पुलिस उपाधीक्षक (प्रशिक्षु), सभी अंचल निरीक्षक, थाना प्रभारी, पुलिस परिचारी, अ.नि. (स.) नागेन्द्र चौधरी व पुलिस केंद्र के जवान उपस्थित रहे। पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी स्थिति से निपटने के लिए बल पूरी तरह तैयार है और आम लोगों की सुरक्षा के लिए सतत सजग है।

# शहरी यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने को लेकर डीआईजी ने दिए निर्देश



### नशे में वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई का निर्देश

पलामू क्षेत्र के डीआईजी ने पलामू, गढ़वा व लातेहार जिलों के एसपी को निर्देश दिया है कि नशे में तेज गति से वाहन चलाने वाले युवाओं पर कड़ी कार्रवाई की जाए। सभी थानों में बिना हेलमेट व कागजात के बाइक चलाने वालों की जांच की जाए। ब्रेथ एनालाइजर उपलब्ध होने पर उसका प्रयोग कर रिपोर्ट जिला नियंत्रण कक्ष को भेजने का आदेश दिया गया है।

**मेदिनीनगर।** पलामू प्रक्षेत्र के डीआईजी नौशाद आलम ने शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ और सुचारु बनाने के उद्देश्य से नगर निगम और पुलिस प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने नगर निगम आयुक्त जावेद अनवर और ट्रैफिक पुलिस के साथ-साथ वरीय पुलिस अधिकारियों को विशेष रूप से जिम्मेदारी सौंपी है कि शहर में अनावश्यक भीड़, अव्यवस्थित यातायात और सड़क पर अतिक्रमण को रोकने की ठोस पहल की जाए। डीआईजी ने आम नागरिकों से भी सहयोग की अपील करते हुए कहा कि शहर की यातायात व्यवस्था तभी बेहतर हो सकती है, जब इसमें आम लोग भी सहभागी बनें। उन्होंने शहर के व्यापारियों से विशेष आग्रह किया कि वे अपने दुकानों का संचालन केवल निर्धारित सीमा के भीतर करें और सड़कों अथवा फुटपाथ पर अतिक्रमण न करें। फुटपाथ नागरिकों की सुविधा के लिए हैं, इसलिए इनका उपयोग व्यवसायिक गतिविधियों के लिए करना अनुचित है। डीआईजी ने यातायात पुलिस को निर्देशित किया कि वह नियमित रूप से निगरानी करे और आवश्यकतानुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करे। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसी व्यवस्था बनाई जाए जिससे नियम तोड़ने वालों को चिन्हित कर दंडित किया जा सके। नगर निगम आयुक्त जावेद अनवर को उन्होंने निर्देश दिया कि निगम क्षेत्र के अंतर्गत जहां कहीं भी सड़क के किनारे अतिक्रमण, गड्ढे, या बिजली के पोल जैसी बाधाएं हैं, उन्हें चिन्हित कर प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सुधार कार्यों के बाद नागरिकों को भी जागरूक किया जाए कि वे दोबारा अतिक्रमण न करें और यातायात व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। डीआईजी ने निर्देश में यह भी कहा कि एक साफ-सुथरा, व्यवस्थित और यातायात सुविधा युक्त शहर ही विकास की पहचान होता है, इसलिए इसमें सभी की भागीदारी जरूरी है।

# उपायुक्त ने मैट्रिक व इंटर के टॉप 3 विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू उपायुक्त समीरा एस. ने बुधवार को समाहरणालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान झारखंड अधिविद्य परिषद द्वारा आयोजित मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा में सफल जिले के टॉप 3 विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने मैट्रिक और इंटरमीडिएट के आर्ट्स, कॉमर्स और साइंस तीनों संकायों के अव्वल विद्यार्थियों को मंच पर बुलाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और उन्हें पढ़ाई में लगातार मेहनत करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सम्मानित किए जाने पर उनके चेहरे पर उत्साह और आत्मविश्वास की झलक दिखी। उपायुक्त ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि मेहनत और लगन से पढ़ाई करने वाले छात्र ही भविष्य के समाज के कर्णधार बनते हैं। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी सौरभ प्रकाश ने परीक्षा परिणाम की जानकारी देते हुए बताया कि मैट्रिक के एक छात्र ने राज्य की टॉपर सूची में 6वां स्थान प्राप्त किया है, जबकि इंटरमीडिएट साइंस के एक छात्र ने राज्य में 9वां स्थान पाया है। उन्होंने बताया कि इंटरमीडिएट साइंस में पलामू जिला पूरे राज्य में तीसरे स्थान पर रहा है, जो जिले के लिए गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में जिले के परीक्षा परिणामों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। मैट्रिक परीक्षा परिणाम 2024 में 91.933% था, जो 2025 में बढ़कर 94.092% हो गया। इंटरमीडिएट साइंस का परिणाम 2024 में 80.80% था, जो 2025 में 85.79% हो गया। कॉमर्स संकाय में 2024 का रिजल्ट 90.27% था, जो 2025 में 92.67% हो गया। वहीं आर्ट्स संकाय का परीक्षा परिणाम 2024 में 81.94% था, जो 2025 में 88.56% पहुंच गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि जिले के स्कूलों, शिक्षकों और विद्यार्थियों के सामूहिक प्रयास से यह प्रगति संभव हुई है। अभिभावकों, शिक्षकों और प्रशासन के सहयोग से शिक्षा की गुणवत्ता में लगातार सुधार हो रहा है। कार्यक्रम में कई शिक्षक, जिला शिक्षा कार्यालय के पदाधिकारी, टॉपर छात्र-छात्राओं के अभिभावक, मीडिया प्रतिनिधि तथा प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

## कोयल आजीविका अपैरल पार्क के संचालन के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर

- 400 महिलाओं को मिलेगा स्थानीय रोजगार

**मेदिनीनगर।** कोयल आजीविका अपैरल पार्क, चैनपुर–पाटन एवं नीलांबर-पीतांबरपुर सिलाई केंद्रों के पुनः संचालन को लेकर बुधवार को जिला प्रशासन पलामू द्वारा बड़ा कदम उठाया गया। निविदा के माध्यम से उच्चतम डाक वक्ता के रूप में चयनित लीजर एंड लाइफस्टाइल ग्लोबल सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के साथ आज 5 जून को औपचारिक रूप से एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया।

उक्त सिलाई केंद्र का संचालन पूर्व में जेएसएलपीएस द्वारा किया जा रहा था, लेकिन विगत कुछ वर्षों से ये इकाइयाँ बंद पड़ी थीं। उपायुक्त पलामू द्वारा इन केंद्रों का हस्तांतरण जिला परिषद को किया गया, जिसके उपरांत योग्य फर्म के चयन हेतु निविदा आमंत्रित की गई थी। अब इन केंद्रों के पुनः चालू होने से चैनपुर, पाटन और नीलांबर-पीतांबरपुर क्षेत्र की लगभग 400 महिला स्वयं सहायता समूह सदस्य/श्रमिकों को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। साथ ही स्थानीय महिलाओं एवं युवतियों के लिए स्किल विकास का अवसर भी सुलभ होगा। वर्षों से निष्क्रिय पड़ी सिलाई मशीनों का फिर से उपयोग शुरू होगा और स्थानीय स्तर पर उच्च गुणवत्ता के परिधान कम कीमत पर उपलब्ध हो सकेंगे। इस पहल से जहां एक ओर जिला परिषद को वार्षिक राजस्व की प्राप्ति होगी, वहीं दूसरी ओर जिले के सामाजिक-आर्थिक विकास में गति आएगी। पलामू जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में इस योजना के माध्यम से आजीविका संवर्धन के साथ-साथ स्थानीय कौशल निर्माण को भी मजबूती मिलेगी।

## नवनियुक्त उपायुक्त का झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा ने किया अभिनंदन

- नावाटोली की प्रतिमा और चलानी किला के जीर्णोद्धार की मांग को लेकर सौंपा गया ज्ञापन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा, पलामू के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को जिले की नवनियुक्त उपायुक्त समीरा एस से शिष्टाचार भेंट की और उन्हें पुष्पगुच्छ भेंटकर अभिनंदन किया। साथ ही संगठन ने एक ज्ञापन सौंपते हुए ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण की मांग रखी। ज्ञापन के माध्यम से मोर्चा ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी नीलांबर-पीतांबर की नावाटोली स्थित प्रतिमा का जिर्णोद्धार और राजा मेदनी राय की स्मृति से जुड़े शाहपुर स्थित ऐतिहासिक चलानी किला के जीर्णोद्धार की मांग की। इसके साथ ही चलानी किला परिसर में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय तीरंदाजी, कराटे एवं मार्शल आर्ट्स प्रतियोगिताओं को सफल बनाने में प्रशासनिक सहयोग की अपेक्षा जताई गई। मोर्चा के केंद्रीय संयोजक सतीश कुमार ने उपायुक्त को संबोधित करते हुए कहा कि जिले के गरीब, वंचित और पिछड़े तबके को आपसे न्याय की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि पलामू की सामाजिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत संरक्षण की दिशा में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। उन्होंने चलानी किला परिसर में नियमित सफाई, प्रकाश की व्यवस्था और पेयजल सुविधा सुनिश्चित कराने की भी मांग की। उपायुक्त समीरा एस ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वस्त किया कि प्रस्तुत मांगों पर शीघ्र ही आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने पलामू की पारंपरिक कला एवं सांस्कृतिक पहचान के संरक्षण को प्राथमिकता देने की बात भी कही। प्रतिनिधिमंडल में सतीश कुमार के साथ बालकिशुन उरांव, दाऊद केरकेट्टा, विलंगना किंडो, धर्मेंद्र चंद्रवंशी, राजू कुमार प्रजापति, प्रदीप कुमार सिन्हा, बसंत हेम्ब्रम, पुनिया टोपो और आयुष कश्यप शामिल थे।

## मलेशिया में लोकार्पित हुईं पलामू की दो पुस्तकें "गीत गंगा" और "पगडंडी"

**मेदिनीनगर।** हिन्दी साहित्य भारती, पलामू से जुड़े दो साहित्यकारों की कृतियों का अंतरराष्ट्रीय मंच पर लोकार्पण कर जिले का मान बढ़ाया गया। संस्था के अध्यक्ष अनुज कुमार पाठक द्वारा रचित गीत-संग्रह "गीत गंगा" तथा जिला मार्गदर्शक रमेश कुमार सिंह की कहानी-संग्रह "पगडंडी" का लोकार्पण मलेशिया के कुआलालम्पुर स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस इंडिया कल्चर सेंटर में हुआ। कार्यक्रम का आयोजन भाषा सहोदरी संस्था के तत्वावधान में किया गया। लोकार्पण समारोह में रजनी रणविजय, अनिता झा, सरोज मीणा एवं दीपक संतरे जैसी चर्चित साहित्यिक हस्तियाँ मौजूद रहीं। लेखक रमेश कुमार सिंह की पत्नी प्रमिला सिंह भी कार्यक्रम में सहभागी रहीं। इस अवसर पर शिक्षाविद प्रो. सुभाषचंद्र मिश्र ने इसे पलामू सहित पूरे देश के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया। समकालीन जवाबदेही के संपादक डॉ. सुरेंद्र प्रसाद मिश्र ने कहा कि यह आयोजन विदेश में हिंदी भाषा और साहित्य के प्रति सम्मान का प्रतीक है। हिन्दी साहित्य भारती, झारखंड के महामंत्री राकेश कुमार ने इसे ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि झारखंड के दो साहित्यकारों की पुस्तकों का एक साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विमोचन अभूतपूर्व उपलब्धि है। छंदशास्त्री श्रीधर प्रसाद द्विवेदी ने दोनों लेखकों को शुभकामनाएं देते हुए आशा जताई कि वे भविष्य में भी पलामू का नाम रोशन करते रहेंगे। गढ़वा के साहित्यकार सुरेंद्र कुमार मिश्र ने इस क्षण को साहित्यिक जगत के लिए अविस्मरणीय बताया। वहीं अनेक साहित्य प्रेमियों और कवियों ने भी दोनों रचनाकारों को बधाई दी, जिनमें सत्येंद्र चौबे 'सुमन', नीरज कुमार पाठक, बलराम पाठक, अनुपमा तिवारी, उमेश कुमार पाठक, रीना प्रेम दुबे, प्रेम प्रकाश दुबे, रामप्रवेश पंडित, प्रिय रंजन पाठक 'समर्पण', वंदना श्रीवास्तव आदि प्रमुख रूप से शामिल हैं।

### जेएस कॉलेज में पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण व जागरूकता सेमिनार का आयोजन

# सफाईकर्मी किरण देवी के हाथों हुआ पौधारोपण का शुभारंभ, सेमिनार में पर्यावरण संरक्षण पर हुआ विचार-विमर्श



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जे. एस. कॉलेज, डाल्टनगंज में वृक्षारोपण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. अश्विनी कुमार वैध ने की। आयोजन की शुरुआत कॉलेज की सफाईकर्मी किरण देवी द्वारा पौधारोपण से हुई, जिससे यह संदेश गया कि पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी केवल अधिकारियों या विशेषज्ञों की नहीं, बल्कि समाज के हर व्यक्ति की है। इस मौके पर महोगनी, पीपल, नीम और आम के पौधे लगाए गए। इसके पश्चात आयोजित सेमिनार में पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन और युवाओं की भूमिका पर व्यापक चर्चा हुई। प्राचार्य डॉ. वैध ने कहा, "पर्यावरण की रक्षा जीवन रक्षा है, और इसकी चेतना विद्यार्थियों में आज से ही विकसित होनी चाहिए।" सेमिनार में प्रो. जयप्रकाश राम, प्रो. करण कुमार थापा और प्रो. कमलेश पांडेय समेत अन्य शिक्षकों ने पर्यावरणीय संकटों पर अपने विचार रखे। प्रो. थापा ने कहा, "वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं, इनकी रक्षा करना हम सबकी जिम्मेदारी है।" छात्र-छात्राओं ने भी संवाद सत्र में भाग लिया और पर्यावरणीय समस्याओं पर विचार साझा किए। अंत में सभी ने एक-एक पौधे को गोद लेकर उसकी देखभाल का संकल्प लिया। कार्यक्रम में संतोष दुबे, प्रकाश राय, दीपक तिवारी, डॉ. प्रमोद कुमार, राजीव मुखर्जी, आशुतोष कुमार, अंजु बरजो, जितेन्द्र उरांव समेत अनेक छात्र-छात्राएं और शिक्षक उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन संतोष कुमार दुबे ने किया।

## पर्यावरण दिवस पर डालसा के तत्वावधान में विभिन्न स्थानों पर जागरुकता शिविर आयोजित

रेलवे स्टेशन से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक दिया गया पर्यावरण सरंक्षण का संदेश मेदिनीनगर। जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा), पलामू के तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस पर विभिन्न स्थानों पर पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। रेलवे स्टेशन, आम बागवानी चैनपुर, बस स्टैंड, जे. एस. कॉलेज, पांडू पंचायत भवन, पहाड़ी कला (नीलांबर-पीतांबर प्रखंड) और घरटिया (विश्रामपुर प्रखंड) में शिविरों का आयोजन कर लोगों को पर्यावरण के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। शिविर में वक्ताओं ने कहा कि वनों की कटाई, प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के कारण मानवीय अस्तित्व खतरे में पड़ सकता है। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली और अधिक से अधिक वृक्षारोपण का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम में पीएलबी भागीरथी दुबे, कृपा शंकर दुबे, मुनेश्वर राम, करण थापा, श्रीकांत तिवारी, विजय कुमार, अजय सिंह एवं आशीष पूर्व दुबे सहित अनेक लोगों ने भाग लिया और पर्यावरणीय चेतना फैलाने में सक्रिय भूमिका निभाई।

### बीएमसी नेउरा में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत परिचर्चा व पौधारोपण

**चैनपुर।** राजकीय उर्दू उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बीएमसी नेउरा में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के अंतर्गत पौधारोपण एवं पर्यावरण विषयक परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक एम. जे. अज़हर ने की, जबकि संचालन सहायक शिक्षिका रेणु कुमारी जायसवाल ने किया। प्रधानाध्यापक ने कहा कि "पर्यावरण की सुरक्षा न केवल एक सामाजिक जिम्मेदारी है, बल्कि यह भावी पीढ़ी को सुरक्षित भविष्य देने का मार्ग भी है।" उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए 'हिफाज़त ज़रूरी है उस पेड़ की, जो रखता है साया घना दोस्तो!' जैसा प्रेरणादायक नारा भी दिया। रेणु कुमारी जायसवाल ने सरकार की योजना 'एक पेड़ माँ के नाम' की सराहना करते हुए इसे जनांदोलन बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को अपने घर, खेत और मोहल्ले में कम से कम एक पौधा जरूर लगाना चाहिए। परिचर्चा में सहायक शिक्षिका अलक़मा ख़ातून, रेशमा कुमारी, हलीमा ख़ातून, नेहा श्रीवास्तव और दीनानाथ कुमार समेत कई विद्यार्थियों ने भाग लिया। धन्यवाद ज्ञापन संयोजिका रेहना बीबी ने किया।

### बकरीद को लेकर जिला शांति समिति की बैठक सम्पन्न

# अमन-चैन, भाईचारा व सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने की अपील, सोशल मीडिया पर नजर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बकरीद (ईद-उल-अजहा) पर्व को लेकर गुरुवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति नगर भवन में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त समीरा एस. और पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन की संयुक्त अध्यक्षता में हुई बैठक में अधिकारियों, समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों और विभिन्न समुदायों के लोगों ने भाग लिया।

बैठक में उपायुक्त ने कहा कि बकरीद का त्योहार जिले में सदियों से आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाया जाता रहा है। इस परंपरा को बनाए रखते हुए सभी लोग शांतिपूर्वक और सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाएं। उन्होंने निर्देश दिया कि बिना अनुमति कोई भी जुलूस या भीड़भाड़ वाला कार्यक्रम न किया जाए, और यदि अनुमति ली गई हो तो निर्धारित मार्ग का ही पालन किया जाए। पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने कहा कि जिले की विधि व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है और गश्ती तेज कर दी गई है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स, यूट्यूब, व्हाट्सएप आदि पर अफवाह फैलाने वालों पर सख्त नजर रखी जा रही है। अगर किसी ने नफरत फैलाने या धार्मिक भावनाएं भड़काने की कोशिश की तो उस पर सख्त कानूनी कार्रवाई होगी।

उपायुक्त ने कहा कि त्योहार में स्वच्छता और पर्यावरण की रक्षा भी हम सभी की जिम्मेदारी है। कुर्बानी खुले स्थान पर न दी जाए और कुर्बानी के उपरांत अनुपयोगी अवशेषों का निपटारा वैज्ञानिक और साफ-सुथरे तरीके से किया जाए ताकि प्रदूषण न फैले और सौहार्द बना रहे। बैठक में मौजूद शांति समिति के सदस्यों और समाजसेवियों ने पेयजल, विद्युत आपूर्ति, सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने की मांग रखी, जिसपर उपायुक्त ने भरोसा दिलाया कि जिला प्रशासन की ओर से सभी व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित की जा रही हैं। त्योहार के दौरान किसी को कोई असुविधा न हो, इसका पूरा ध्यान रखा जाएगा। अपर समाहर्ता कुंदन कुमार ने जानकारी दी कि बकरीद पर्व को लेकर नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जहां से सभी गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी। जिला नियंत्रण कक्ष का नंबर 7070452955 जारी किया गया है। वहीं, सभी अनुमंडलों में भी स्थानीय स्तर पर नियंत्रण कक्ष बनाए गए हैं। बैठक का संचालन उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने किया। उन्होंने कहा कि प्रशासन की ओर से संयुक्त आदेश जारी किए गए हैं, जिसमें विधि व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन की ओर से हर स्तर पर सतर्कता बरती जा रही है।

बैठक में दुर्गा जौहरी, टीटी निरीक्षक बीएम पांडेय, पूर्व सदर समीम अहमद, जिशान खान, जुगल किशोर, बबलू गुप्ता समेत अन्य शांति समिति सदस्य, सामाजिक कार्यकर्ता एवं विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने की अपील की और प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने जिलेवासियों से अपील की कि कोई भी भ्रामक जानकारी सोशल मीडिया पर साझा करने से पहले उसकी सत्यता अवश्य जांच लें। पर्व को मिलजुलकर सौहार्द और शांति के साथ मनाएं और पलामू की गंगा-जमुनी तहजीब को कायम रखें।

# शादी के पंद्रह दिन बाद सड़क दुर्घटना में नवविवाहित युवक की मौत

**रायपुर लौटने की थी तैयारी, लोलकी घाट पर बाइक पेड़ से टकराने से हुई मौत, घर में मचा कोहराम**



नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** धुरकी थाना क्षेत्र के झुलकिया टोला निवासी अवधेश पाल की गुरुवार सुबह सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। वह महज 15 दिन पूर्व शादी करके घर लौटा था। जानकारी के अनुसार अहले सुबह बंशीधर नगर-धुरकी मुख्य मार्ग पर लोलकी घाट के समीप उसकी बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान हरिचरण पाल के 22 वर्षीय पुत्र अवधेश पाल के रूप में हुई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, गढ़वा भेज दिया। परिजनों ने बताया कि बुधवार की दोपहर तीन बजे अवधेश, करवा पहाड़ स्थित फुआ के घर पैसा देने गया था और वहीं रात्रि में रुक गया। गुरुवार सुबह दुर्घटना की सूचना झामुमो प्रखंड अध्यक्ष डॉ. हरिदास यादव द्वारा परिजनों को मिली, जिसके बाद वे घटनास्थल पहुंचे और अवधेश को अनुमंडल अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अवधेश की हाल ही में 20 मई को पलामू जिले के महुगावा ग्राम में शादी हुई थी। वह छत्तीसगढ़ के रायपुर में एक निजी कंपनी में पोकलेन ऑपरेटर के रूप में कार्यरत था। तीन माह पूर्व शादी के लिए वह घर आया था। कुछ ही दिनों में उसे पत्नी को मायके छोड़कर पुनः काम पर लौटना था, परंतु उससे पहले ही यह दुखद हादसा हो गया। दुर्घटना की खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी बार-बार बेहोश हो रही थी और पूरे टोले में मातम का माहौल व्याप्त है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की है।

## खरौंधी का युवक डॉक्टर बनकर लौटा घर, हुआ भव्य स्वागत

नवीन मेल संवाददाता

**खरौंधी (गढ़वा)।** प्रखंड के बजरमरवा गांव निवासी इदू अंसारी के पुत्र अशरफ अंसारी विदेश से डॉक्टरेट की पढ़ाई पूरी कर गुरुवार को अपने घर पहुंचे। इस अवसर पर परिजनों व ग्रामीणों ने फूल-माला पहनाकर, मिठाई खिलाकर और आतिशबाजी कर भव्य स्वागत किया। जानकारी के अनुसार अशरफ अंसारी ने वर्ष 2018 में यूक्रेन में डॉक्टरी की पढ़ाई के लिए नामांकन लिया था। कोरोना महामारी और यूक्रेन युद्ध के चलते 2021 में उन्हें स्वदेश लौटना पड़ा। इसके बाद 2022 में उन्होंने अपनी पढ़ाई का नामांकन उज्बेकिस्तान स्थानांतरित कराया और वहाँ से डॉक्टर की पढ़ाई पूरी की। घर लौटने के बाद अशरफ अंसारी ने कहा, ₹मेरा बचपन से सपना था कि मैं डॉक्टर बनूं। इसके लिए मैंने कड़ी मेहनत की और परिवार का भरपूर सहयोग मिला। आज मेरा सपना साकार हुआ है।₹ उन्होंने छात्रों को ईमानदारी व मेहनत के साथ अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। पिता इदू अंसारी ने बताया कि अशरफ शुरू से ही पढ़ाई में होनहार था और डॉक्टर बनने की उसकी लगन को देखते हुए परिवार ने हर संभव सहयोग किया। इस अवसर पर भाजपा नेता राजेश कुमार रजक, उपेंद्र दास, मुखिया पति कृष्णा प्रसाद सहित कई जनप्रतिनिधियों ने अशरफ अंसारी को बधाई दी और कहा कि यह प्रखंड के लिए गौरव का क्षण है। अशरफ ने डॉक्टर बनकर खरौंधी का नाम रोशन किया है। स्वागत समारोह में अशरफ की मां प्रभा बीबी, भाई जसमुद्दीन अंसारी, कसमुद्दीन अंसारी, आफताब अंसारी, मसरफ अंसारी, परवेज अंसारी एवं बहन अंबरी रानी समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर ग्राम सेवा परियोजना का आयोजन



नवीन मेल संवाददाता

**रमना।** गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक फाउंडेशन और ङ्क्रश्ङ द्वारा संचालित ग्राम सेवा परियोजना के तहत गम्हरिया में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत राज्यकीय मध्य विद्यालय गम्हरिया में दीप प्रज्वलन के साथ हुई। मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी ने पर्यावरण संरक्षण को सामूहिक जिम्मेदारी बताते हुए जागरूकता फैलाने पर जोर दिया। कार्यक्रम को प्रमुख पति अजीत सोनी, गम्हरिया मुखिया पानपति देवी, सिलीदाग मुखिया अनिता देवी, एसबीआई शाखा प्रबंधक जितेंद्र कुमार, हेडमास्टर विष्णुदेव मांझी सहित कई वक्ताओं ने संबोधित किया। इसके पूर्व विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में पर्यावरण विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें गुंजा कुमारी, अल्पा कुमारी और प्रियंका कुमारी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। सफल आयोजन में तकनीकी प्रबंधक राकेश कुमार सिंह, परियोजना प्रबंधक अशोक, मिंज, फील्ड ऑफिसर मुकेश तिवारी, सहायक अध्यापक फुलेन्द्र कुमार सिंह और ग्राम समन्वयक टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## शुकुलडीह गांव में करंट लगने से महिला घायल

**रंका।** प्रखंड के शुकुलडीह गांव में गुरुवार दोपहर 2 बजे एक महिला करंट की चपेट में आकर घायल हो गई। जानकारी के अनुसार अमरेश नायक की पत्नी पैरवा देवी (उम्र 45 वर्ष) अपने घर में विवाह समारोह की तैयारी के तहत सफाई कर रही थीं, तभी खुले तार के संपर्क में आने से उन्हें करंट लग गया। घटना के तुरंत बाद परिजन उन्हें लेकर रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां डॉक्टर भानु प्रताप सिंह द्वारा इलाज किया जा रहा है। डॉक्टर ने बताया कि महिला अब खतरे से बाहर है। ग्रामीणों ने बताया कि घर में मौजूद कटा हुआ तार ही हादसे का कारण बना। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई थी।

## प्लस टू इंटर कॉलेज मेराल में कला वर्ग की परीक्षा में बेटियों का दबदबा

**▸ 81.80 के साथ पल्लवी प्रथम, विद्यालय का सफलता प्रतिशत रहा 96.70%**





नवीन मेल संवाददाता

**मेराल।** प्लस टू इंटर कॉलेज मेराल में इंटरमीडिएट कला की परीक्षा में इस बार तीनों स्थान बेटियों ने हासिल किए हैं। प्रथम स्थान पल्लवी कुमारी ने प्राप्त किया, जिन्हें 81.80% अंक मिले। वह राजेश्वर प्रसाद की पुत्री हैं और मेराल की निवासी हैं। द्वितीय स्थान आरती कुमारी (पिताः गणेश ठाकुर) ने 75.80% अंकों के साथ हासिल किया, जबकि तृतीय स्थान कुमारी सुमन शर्मा (पिताः देवेंद्र शर्मा) ने 74.40% अंक प्राप्त कर सफलता पाई। विद्यालय के प्राचार्य लालता पटेल ने बताया कि इस वर्ष कुल 182 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी, जिनमें 176 विद्यार्थी सफल हुए। विद्यालय का कुल सफलता प्रतिशत 96.70% रहा।

## तेज रफ्तार बाइक दुर्घटना में युवक की मौके पर मौत

नवीन मेल संवाददाता

**धुरकी।** थाना क्षेत्र के ग्राम सारदा मुख्य सड़क पर गुरुवार को हुई एक सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक घायल हो गए। मृतक की पहचान सगमा निवासी अवधेश कुमार पाल (23 वर्ष) के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार अवधेश अपने फूफा के घर करवा पहाड़ से मोटरसाइकिल से अपने गांव सगमा लौट रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार के कारण उसकी बाइक सड़क किनारे से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी क अवधेश बाइक से दूर फेंका गया और सिर पर गंभीर चोट आने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। धुरकी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण हेतु गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया।

## न्यूज बॉक्स

### उपायुक्त व उप विकास आयुक्त ने विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण कर जागरूकता का संदेश दिया



**गढ़वा।** विश्व पर्यावरण दिवस पर समाहरणालय गढ़वा परिसर में उपायुक्त दिनेश कुमार यादव एवं उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा द्वारा पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। उपायुक्त ने आमजनों से अपील की कि वे भी पौधारोपण करें और अपने आस-पास के क्षेत्र को साफ-सुथरा रखें, जिससे गढ़वा जिला स्वच्छ, सुंदर एवं हरा-भरा बन सके। विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को मनाया जाता है, जिसकी शुरूआत संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 1972 में की थी। इस दिन को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु विश्व स्तर पर मनाया जाता है। गढ़वा जिले में भी अमृत सरोवरों पर इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### भवनाथपुर सीएचसी में विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

**भवनाथपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व सीएचसी प्रभारी डॉ. दिनेश सिंह ने किया। इस दौरान 11 फलदार और छायादार पौधों का रोपण किया गया, जिनमें आम, अमरूद, नीम, पीपल शामिल थे।
डॉ. दिनेश सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी है और पौधारोपण जैसे छोटे-छोटे कदम पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में सहायक होते हैं। कार्यक्रम में सीएचसी के चिकित्सक, नर्सें एवं स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे। सभी ने पौधों की देखभाल करने और सुरक्षित रखने का संकल्प लिया।

### मझिआंव में विश्व पर्यावरण दिवस पर जागरूकता रैली

**मझिआंव।** नगर पंचायत मझिआंव के तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्य बाजार क्षेत्र में जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें नगर पंचायत अधिकारी, कर्मचारी एवं महिला स्वयं सहायता समूह के सदस्य शामिल हुए। रैली में पर्यावरण संरक्षण हेतु पेड़ लगाने और हरियाली बढ़ाने की अपील की गई। नगर पंचायत द्वारा विभिन्न विद्यालयों में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण विषयक सुंदर चित्र प्रस्तुत किए। इसके अलावा कार्यालय और विद्यालय परिसरों में वृक्षारोपण भी किया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार, स्वच्छता प्रभारी राकेश कुमार सिन्हा, नगर प्रबंधक राकेश पाठक सहित कई अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर खरौंधी के स्कूलों में हुआ पौधरोपण

**खरौंधी।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर खरौंधी प्रखंड के विभिन्न स्कूलों में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर स्कूली बच्चों, शिक्षकों और ग्रामीणों ने मिलकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया और विद्यालय परिसरों में फलदार व छायादार पौधे लगाए। कार्यक्रम उत्क्रमित मध्य विद्यालय माझिगांव में भी उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक कामेश्वर प्रसाद सिंह के नेतृत्व में छात्रों और शिक्षकों ने मिलकर पौधारोपण किया। उन्होंने कहा कि यदि हमें अपने भविष्य को सुरक्षित रखना है तो अधिक से अधिक पेड़ लगाने होंगे। बच्चों ने एक पेड़ सौ उपकार, जीवनदायी इसका सार और पेड़ लगाओ, जीवन बचाओ जैसे नारे लगाए। शिक्षकों ने पर्यावरण से संबंधित जानकारियां दीं और बताया कि पेड़ न केवल ऑक्सीजन देते हैं, बल्कि जलवायु संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर अन्य स्कूलों में भी इसी तरह वृक्षारोपण कर पर्यावरण दिवस को सार्थक रूप दिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में प्रकृति के प्रति प्रेम, जिम्मेदारी और जागरूकता की भावना का विकास करना था। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना की और सहयोग देने का आश्वासन भी दिया।

## एक नजर

### उत्क्रमित 10+2 उच्च विद्यालय परसोडीह का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा

**केतार।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा गुरुवार को इंटरमीडिएट (आर्ट्स) परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। उत्क्रमित 10+2 उच्च विद्यालय परसोडीह का परीक्षा परिणाम इस वर्ष शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के प्रधानाध्यापक दीपक सिंह ने बताया कि कुल 89 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए थे, जिनमें सभी छात्र-छात्राओं ने सफलता प्राप्त की। विद्यालय की छात्रा दीपाली कुमारी ने 416 अंक (83.2%) प्राप्त कर विद्यालय टॉपर बनी। रेनू कुमारी ने 360 अंक (72%) के साथ दूसरा स्थान और सुशांत कुमार ने 338 अंक (67%) प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया। प्रधानाध्यापक ने सभी सफल विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

### पूर्व विधायक युगल किशोर पांडेय को श्रद्धांजलि, शोकसभा का आयोजन

**श्री बंशीधर नगर।** रंका-गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व कांग्रेस विधायक युगल किशोर पांडेय के निधन पर गुरुवार को पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी के चेचरिया स्थित आवासीय कार्यालय में शोकसभा का आयोजन किया गया। पूर्व मंत्री ने कहा कि दिवंगत युगल किशोर पांडेय न केवल एक समर्पित राजनेता थे, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में भी उनका विशेष योगदान था। उन्होंने सूरत पांडेय डिग्री कॉलेज की स्थापना कर शिक्षा प्रसार में अहम भूमिका निभाई। बताया गया कि 82 वर्ष की उम्र में किडनी फेल होने के कारण 1 जून की सुबह रांची के मेडिका अस्पताल में उनका निधन हो गया। वे पलामू जिले के रजहारा गांव निवासी थे। सभा में मौजूद सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर सीताराम जायसवाल, करमू साह, अरुण कुमार, सोबराती खान, उमेश कुमार, रमेश प्रसाद, सलीम अंसारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## दानरो तट पर विश्व पर्यावरण दिवस व गंगा दशहरा की पूर्व संध्या पर भव्य गंगा आरती



नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** विश्व पर्यावरण दिवस और गंगा दशहरा की पूर्व संध्या पर बुधवार को दानरो सहीजना छठ घाट पर भव्य गंगा आरती का आयोजन किया गया। सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार की अगुवाई में स्थानीय सामाजिक संस्थाओं ने मिलकर इस पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम का उद्देश्य नदियों और जल स्रोतों के संरक्षण के लिए आम लोगों में जागरूकता फैलाना था। वाराणसी अस्सी घाट और रांची से आए पुरोहितों ने विधिवत अनुष्ठान के साथ गंगा आरती कर कार्यक्रम को आध्यात्मिक स्वरूप दिया। कार्यक्रम में बूढ़े, बच्चे, महिलाएं और पुरुष सभी ने सक्रिय भागीदारी की। गंगा आरती के साथ शिव तांडव स्तोत्र, अच्युतम केशवम जैसे मंत्रोच्चारण ने माहौल को मंत्रमुग्ध कर दिया। सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने उपस्थित लोगों को दानरो नदी के संरक्षण का संकल्प दिलाया। सभी ने प्रतिबद्धता जताई कि वे न केवल स्वयं नदी को प्रदूषित नहीं करेंगे बल्कि दूसरों को भी ऐसा करने से रोकेंगे। एसडीएम संजय कुमार ने बताया कि स्थानीय संस्थाओं और पर्यावरण प्रेमियों की मदद से जल्द ही ₹दानरो महोत्सव₹ नामक व्यापक जागरूकता अभियान शुरू होगा। इस महोत्सव के तहत दानरो नदी के उद्गम से लेकर अंतिम प्रवाह तक के गांवों में नदी संरक्षण के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अभियान में नदी की स्वच्छता, तट पर वृक्षारोपण, अतिक्रमण रोकथाम और अवैध बालू उत्खनन पर निगरानी शामिल होगी। उन्होंने गढ़वा के नागरिकों से अपील की कि वे अपने प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करें और इस मुहिम से जुड़ें। वाराणसी अस्सी घाट से आए रोहित दीक्षित, ऋषि शुक्ला, अमन दुबे, गौरव दीक्षित, भोला मिश्रा, धीरज मिश्रा तथा रांची के सुप्रसिद्ध कलाकार पीयूष पाठक, विजय पाठक, कमल मिश्रा और राजन पांडे ने इस आयोजन में भाग लिया। सभी ने गढ़वा के श्रद्धालुओं की प्रशंसा की कि उन्होंने पूरी शांति और भक्ति से इस कार्यक्रम का आनंद लिया। दानरो गंगा आरती कार्यक्रम में छठ सेवा समिति सहीजना, आरपी नर्सिंग स्कूल, गायत्री परिवार, पर्यावरण परिवार, ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, गढ़वा मानस मंडली, बीएसकेडी पब्लिक स्कूल सहित कई संस्थाओं ने सक्रिय भागीदारी की। समाजसेवी जितेंद्र सिंहा के नेतृत्व में छठ सेवा समिति के सदस्य, डॉ पतंजलि केसरी, बीएसकेडी के प्रिंसिपल संजय सोनी, गायत्री परिवार और पर्यावरण परिवार के सदस्य कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शामिल रहे। सुंदरकांड मानस मंडली की पूरी टीम भी शुरू से अंत तक साथ रही। पूर्व नगर परिषद अध्यक्षा अनिता दत्त, वरिष्ठ अधिवक्ता संजय सिंह, पूर्व पार्षद रश्मि सिंहा समेत सैकड़ों श्रद्धालु भी मौजूद थे।

### एसजीएन मॉडर्न किंडर गार्डन में पौधरोपण कर मनाया पर्यावरण दिवस

**मेराल।** पर्यावरण दिवस के अवसर पर मेराल के बंका रोड स्थित एसजीएन मॉडर्न किंडर गार्डन विद्यालय में पौधरोपण एवं पर्यावरण संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भुक्ति प्रधान धर्मेंद्र देव, विधायक प्रतिनिधि डॉ. लालमोहन एवं सहयोगी रोहित देव ने पौधरोपण कर बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया। रोहित देव ने कहा कि पेड़-पौधे जीवनदायिनी प्राणवायु (ऑक्सीजन) के स्रोत हैं, जो पर्यावरण को दूषित होने से बचाते हैं। विधायक प्रतिनिधि डॉ. लालमोहन ने बताया कि यह संस्था हर वर्ष पौधरोपण को प्रोत्साहित करती है। उन्होंने अपील की कि हर व्यक्ति को विशेष अवसरों पर पौधरोपण अवश्य करना चाहिए। विद्यालय निदेशक धर्मेंद्र देव ने कहा कि मनुष्य की भोगवादी प्रवृत्तियों और प्राकृतिक संसाधनों के दुरुपयोग के कारण आज पर्यावरण असंतुलित हो चुका है। नदियां सूख रही हैं, तापमान बढ़ रहा है, और आपदाओं की आशंका बढ़ गई है।

### ओखरगाड़ा में दो अवैध बालू लदे ट्रैक्टर जब्त



**मेराल।** थाना प्रभारी विष्णु कांत के नेतृत्व में बुधवार की रात ओखरगाड़ा गांव के पास से दो अवैध बालू लदे ट्रैक्टरों को जप्त किया गया। यह ट्रैक्टर कोयल नदी से अवैध बालू लादकर गढ़वा की ओर जा रहे थे। थाना प्रभारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई। छापेमारी के दौरान चालक अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए। जब्त किए गए ट्रैक्टरों को थाने लाया गया है और इस पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी ने कहा कि अवैध बालू माफियाओं के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

### पर्यावरण दिवस पर नगर पंचायत में शपथ, रैली और पौधरोपण

**श्री बंशीधर नगर।** विश्व पर्यावरण दिवस पर नगर पंचायत कार्यालय में गुरुवार को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। सभागार में नगर पंचायत के कर्मियों व महिला समूह की सदस्यों ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत ₹स्वच्छ भारत, हरित भारत₹ और ₹स्वस्थ भारत₹ को लेकर शपथ ली। इस दौरान सभी ने पर्यावरण की रक्षा के लिए एक पौधा लगाने और सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने का संकल्प लिया। इसके बाद महिला समूह की सदस्यों ने नगर पंचायत कार्यालय से श्री बंशीधर मंदिर तक पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली। इस रैली के माध्यम से कपड़े के थैले के उपयोग, और प्लास्टिक से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी लोगों को दी गई। रैली के उपरांत महिला समूह की सदस्यों और नगर पंचायत कर्मियों ने प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों के घरों के समीप पौधरोपण किया और पर्यावरण संरक्षण से संबंधित जानकारी लोगों को प्रदान की। इस मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी राजकमल, नगर प्रबंधक रवि कुमार, कनीय अभियंता सुधीर सिंह सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## छठ व्रतियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तीन वर्षों के सामूहिक प्रयास से साकार हुआ सपना

# ग्रामीणों की एकता से पूर्ण हुआ भगवान सूर्य मंदिर का निर्माण



नवीन मेल संवाददाता

**खरौंधी (गढ़वा)।** खरौंधी पंचायत के बजरमरवा गांव में ग्रामीणों के सामूहिक प्रयास और सहयोग से भगवान सूर्य मंदिर का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है। गुरुवार को मंदिर के फर्श की ढलाई के साथ अंतिम चरण का कार्य किया गया। मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष मुखलाल यादव, उपाध्यक्ष रघुवीर यादव, कोषाध्यक्ष संतोष गुप्ता, संजय गुप्ता सहित अन्य सदस्यों ने बताया कि बजरमरवा तालाब के पास हर वर्ष छठ महापर्व के अवसर पर सैकड़ों महिलाएं व्रत करने के लिए घाट पर एकत्र होती हैं। छठ व्रतियों की सुविधा और श्रद्धा के केंद्र के रूप में मंदिर की आवश्यकता महसूस की गई। इस उद्देश्य से तीन वर्ष पूर्व एक ग्रामसभा की गई, जिसमें ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से मंदिर निर्माण का निर्णय लिया। ग्रामीणों ने धन और श्रमदान दोनों रूपों में सहयोग किया। पहले चरण में मंदिर की नींव और छठ घाट की ढलाई पूरी की गई थी। अब फर्श की ढलाई के साथ मंदिर का कार्य पूर्णता की ओर है। समिति ने बताया कि इस वर्ष के छठ पर्व तक मंदिर पूरी तरह से श्रद्धालुओं के लिए समर्पित कर दिया जाएगा। मंदिर निर्माण में मनोज गुप्ता, भीम यादव, बदरीनाथ यादव, रामा गुप्ता, कामेश्वर यादव, नागेंद्र यादव, सुनील कुमार रोशन, महेश गुप्ता, अंकित यादव, महादेव गुप्ता, विजयनाथ गुप्ता, राजन गुप्ता सहित कई ग्रामीणों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। ग्रामीणों ने सामूहिक प्रयास से इस कार्य को सामाजिक एकता और श्रद्धा का प्रतीक बताया।


झारखण्ड सरकार
वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग
न्यायालय :- प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल, गढ़वा

सूचना

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के प्रशासनिक क्षेत्राधीन भारतीय वन अधिनियम, 1927 (सपठित बिहार संशोधन, 1989) के सुसंगत प्रावधानों के उल्लंघन करने के विरूद्ध जप्त वनोपज एवं वाहन पर प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के न्यायालय में भारतीय वन अधिनियम, 1927 (सपठित बिहार संशोधन, 1989) के अंतर्गत निहित प्रावधानों के तहत् राज्यसात की कार्रवाई चल रही है, जिसमें संबंधित पक्ष अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु निर्धारित सुनवाई की तिथि 25.06.2025 को 11:00 बजे पूर्वाह्न में ससमय प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें, अन्यथा न्यायालय द्वारा उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर एकतरफा निर्णय ले लिया जायेगा। जप्त वनोपज एवं वाहन तथा वन वाद से संबंधित अधिहरण वाद की विवरणी निम्नवत् है :–

| क्र0 सं0 | अधिहरण वाद संख्या | जप्त वन पदार्थ की विवरणी | अभियुक्त का नाम एवं पता | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 20/2025 | (1) सेमल लकड़ी–लगभग 100 घनफुट (11 पीस) एवं (2) महिन्द्रा पिकअप निबंधन संख्या–UP 60J 3811 | अज्ञात | |

प्राधिकृत पदाधिकारी
–सह– वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल।
PR.NO.354301 Forest, Environment and Climate Changes(25-26):D



न्यायालय, उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी, लातेहार

अनुमति वाद संख्या–114/2025

आम इस्तेहार

आवेदक मनोज उरांव वो धनेशर उरांव दोनों के पिता–स्व0 रामराज उरांव वो रूपन उरांव वो केलेया उरांव दोनों के पिता–स्व0 सोमिया उरांव निवासी ग्राम+पो0–चकला, थाना+अंचल–चन्दवा, जिला–लातेहार द्वारा मेसर्स हिण्डाल्को इण्डस्ट्री लि0, 21वीं मंजिल प्रथम अंतराष्ट्रीय केन्द्र टॉवर–4, प्रभादेवी, प्रभादेवी रेलवे स्टेशन के पास सेनापति बापत मार्ग, मुम्बई–400013 वर्तमान पता–ग्राम+पो0–चकला, थाना–चन्दवा, जिला– लातेहार के साथ भूमि बिक्री हेतु अनुमति के लिए छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम की धारा–49 के अंतर्गत आवेदन पत्र दाखिल किया है।

भूमि का विवरण

| मौजा | खाता | प्लॉट | रकबा (एकड़) |
|---|---|---|---|
| चकला | 141 | 1972 | 0.05 |

एतद् द्वारा हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि इस भूमि अंतरण के विरूद्ध किसी को आपत्ति हो, तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी के न्यायालय में आम–इस्तेहार निर्गत की तिथि से एक पक्ष (15 दिनों) के अंदर आपत्ति दायर कर सकते है। समय सीमा समाप्ति के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्रभारी उप समाहर्त्ता,
जिला विधि शाखा, लातेहार
PR 354316 (District)25-26*D

# चंदवा में बस-टैंकर की जबरदस्त टक्कर, आधा दर्जन यात्री घायल

● अमझरिया घाटी में हुआ हादसा, दोनों चालक वाहन में फंसे, पुलिस व ग्रामीणों की मदद से चला रेस्क्यू ऑपरेशन

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** जिले के चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच-39 पर स्थित अमझरिया घाटी गुरुवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे की गवाह बनी। सुबह करीब 9 बजे चतरा से रांची जा रही 'चंचल' नामक यात्री बस और सामने से आ रहे एक तेल टैंकर के बीच आमने-सामने भीषण टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और बस व टैंकर के चालक केबिन में फंसकर बुरी तरह घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही चंदवा पुलिस दल-बल के साथ मौके पर पहुंची और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दोनों वाहनों में फंसे घायलों को बाहर निकाला गया।



घायलों की पहचान समीर (चालक, निवासी प्रतापगढ़, उत्तर प्रदेश), हीरा देवी (बानो, सिमडेगा), जितेंद्र कुमार (चंदवा), सुबोध भुइयां और जोगिंदर भुइयां (बगरा, चतरा) के रूप में हुई है। सभी को तत्काल चंदवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद अधिकांश को छुट्टी दे दी गई। वहीं गंभीर रूप से घायल बस चालक का इलाज कुडू में कराया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घाटी के घुमावदार मोड़ और तेज रफ्तार के कारण दोनों वाहन आमने-सामने आ गए, जिससे यह हादसा हुआ। हादसे के बाद एनएच-39 पर यातायात पूरी तरह बाधित हो गया था। दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई थीं। स्थिति को देखते हुए चंदवा पुलिस ने तुरंत क्रेन मंगवा कर दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटवाया और सड़क को खाली कर यातायात सामान्य कराया। दुर्घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल रहा। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### गंगा दशहरा व पर्यावरण दिवस पर नदी पूजन और पौधरोपण ग्रामीणों में दिखा उत्साह

**लातेहार।** विकास भारती, बिशनपुर द्वारा गंगा दशहरा और विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कोटाम और होटवाग ग्राम में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसमें नदी पूजन उत्सव के साथ-साथ वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय समन्वयक धनंजय कश्यप ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग जैसी समस्याओं का समाधान केवल पर्यावरण संरक्षण से ही संभव है। उन्होंने सिंगल यूज़ प्लास्टिक के प्रयोग से बचने की अपील की और अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया। कोटाम कार्यक्रम में पीएम श्री विद्यालय के प्रसाद बैठा और ग्राम प्रधान धीरपाल सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे, जबकि होटवाग में राजधनी प्रसाद यादव, अभय पांडेय और मनकेश्वर मिश्रा समेत अन्य लोग शामिल हुए।

### कुंए से मिला युवक का शव, दो दिनों से था लापता

**महुआडांड़ (लातेहार)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत आदर्श नगर गांव में गुरुवार सुबह ग्रामीणों ने राजेश सोनी के कुएं में एक युवक का शव देखा। सूचना पर थाना प्रभारी मनोज कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला गया। शव की पहचान प्रीतम तिग्गा (पिता- प्रताप तिग्गा) निवासी आदर्श नगर, महुआडांड़ के रूप में की गई। वह बीते सोमवार रात 8 बजे से लापता था और परिवार द्वारा उसकी खोजबीन की जा रही थी। शव काफी देर तक पानी में रहने के कारण फूल गया था और दुर्गंध आ रही थी। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेजा गया। मृतक की मां बसंती मिंज ने घटनास्थल पर शव की पहचान करते हुए रोना शुरू कर दिया।

### बारियातू पुलिस ने फरार अपराधी आदेश गंझू के घर चिपकाया इश्तेहार

**बारियातू (लातेहार)।** पुलिस ने फरार कुख्यात अपराधी आदेश गंझु के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसके पैतृक आवास पर विधिवत रूप से इश्तेहार चस्पा किया। थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने बताया कि आदेश गंझु, पिता जगतू गंझु, ग्राम होन्हे, थाना टंडवा, जिला चतरा निवासी है। उसके विरुद्ध बारियातू थाना कांड संख्या 70/24, दिनांक 06.11.24 को भादवि व आर्म्स एक्ट समेत कई गंभीर धाराओं में मामला दर्ज है। पुलिस ने उसे शीघ्र न्यायालय में आत्मसमर्पण करने का निर्देश भी दिया है।

### आरा में कैंपिंग कर लोगों को किया बीमा के प्रति जागरूक

**बालूमाथ।** प्रखंड अंतर्गत आरा गांव में बुधवार को एलआईसी अभिकर्ता पवन कुमार के निजी कार्यालय में एक जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एलआईसी के डालटनगंज शाखा के ब्रांच मैनेजर सचिन सिन्हा और विकास अधिकारी विक्रांत शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित समाजसेवी शिक्षक जितेंद्र प्रसाद, रवि प्रकाश, पदूम यादव, भोला कुमार, बैजनाथ कुमार, मुकेश ठाकुर, द्वारिका यादव, सुखदेव सुकुमार सहित कई ग्रामीणों एवं महिलाओं को गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। महिलाओं में अंजू देवी, किरण देवी, पार्वती देवी, कांति देवी और रूपा देवी शामिल थीं। कैंप में सैकड़ों ग्रामीण महिला-पुरुषों ने भाग लेकर एलआईसी की योजनाओं की जानकारी ली और उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### ज्ञान सरोवर विद्यालय ने निकाली पर्यावरण जागरूकता प्रभात फेरी, विद्यार्थियों ने लिया शपथ

**कुंदा (चतरा)।** विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर कुंदा प्रखंड में वन विभाग सहित कई संस्थानों द्वारा पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। ज्ञान सरोवर विद्यालय द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई, जो अचानक चौक से शुरू होकर दुर्गा मंडप, मेन चौक होते हुए विद्यालय तक निकाली गई। फेरी के दौरान विद्यार्थियों ने पर्यावरण बचाने और पौधारोपण को लेकर नारे लगाए। कार्यक्रम में बताया गया कि पेड़ हमें ऑक्सीजन देते हैं, जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करते हैं और जंगली जीवों के लिए आश्रय प्रदान करते हैं। विद्यार्थियों ने पर्यावरण के अनुकूल आदतें अपनाने और पेड़ों के संरक्षण की शपथ भी ली।
इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी साकेत कुमार सिन्हा, कार्यक्रम पदाधिकारी राकेश शर्मा, एसएसबी बल, वनकर्मी, अधिकार मित्र, विद्यालय शिक्षक और दर्जनों छात्र उपस्थित थे।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर अमरवाड़ीह पुलिस पिकेट में किया गया पौधारोपण

**बालूमाथ।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बुधवार को अमरवाड़ीह पुलिस पिकेट परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पिकेट प्रभारी अनुभव सिन्हा के नेतृत्व में जवानों और अधिकारियों ने सैकड़ों पौधे लगाए। इस अवसर पर पिकेट प्रभारी अनुभव सिन्हा ने कहा कि पेड़-पौधे पृथ्वी के लिए जीवनदायिनी हैं। पेड़ न केवल वायुमंडल को स्वच्छ बनाते हैं, बल्कि पर्यावरण का संतुलन भी बनाए रखते हैं। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि हर व्यक्ति को कम से कम दस पौधे अवश्य लगाने चाहिए और उनका नियमित संरक्षण भी करना चाहिए। कार्यक्रम में पिकेट प्रभारी के साथ पुलिस अवर निरीक्षक मुख्तार अंसारी सहित अन्य जवानों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई और पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

## सांसद की अध्यक्षता में 'दिशा' की बैठक, विकास कार्यों की समीक्षा

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** सांसद चतरा कालीचरण सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति "दिशा" की बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता द्वारा पिछली बैठक के निर्देशों के आलोक में कार्यों की प्रगति की प्रस्तुति दी गई। बैठक में पीसीसी पथ निर्माण, स्वास्थ्य सेवाएं, विद्युत आपूर्ति, जलापूर्ति, पेंशन योजनाएं, सड़क दुर्घटनाओं में मुआवजा भुगतान, ट्रांसफार्मर मरम्मत, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास एवं अबुआ आवास योजना आदि की प्रगति की समीक्षा की गई। सांसद ने कहा कि विकास योजनाओं के कार्यान्वयन में जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर संवेदनशीलता से कार्य हो। शिक्षा के क्षेत्र में जिले के छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर उन्होंने बच्चों को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने जल जीवन मिशन, उज्ज्वला योजना, पेंशन योजनाओं, विद्युत व्यवस्था व सड़क दुर्घटना में सहायता राशि के भुगतान को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। सांसद ने स्पष्ट किया कि सभी विभागीय अधिकारी योजनाबद्ध ढंग से कार्य कर जनहित को सर्वोपरि रखें। बैठक में शिक्षा, कृषि, पशुपालन, ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, पंचायत, आपूर्ति, बिजली समेत कई विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## हिंडाल्को चकला कोल ब्लॉक द्वारा मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस

नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बुधवार को हिंडाल्को सीएसआर विभाग द्वारा चकला में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की थीम "प्लास्टिक प्रदूषण को कैसे हराएँ" थी। इसका उद्देश्य ग्रामीण समुदाय को प्लास्टिक के दुष्प्रभावों से अवगत कराना और पर्यावरण संरक्षण हेतु सामूहिक प्रयासों को बढ़ावा देना था। चकला पंचायत में नुक्कड़ नाटक, प्लास्टिक मुक्त ग्राम अभियान, पौधारोपण, स्वच्छता गतिविधियाँ और पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें महिलाओं, युवाओं, स्कूली बच्चों और ग्रामीणों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस अवसर पर हिंडाल्को चकला कोल माइंस के यूनिट हेड दीपक लंका ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा एक दिन का कार्य नहीं, बल्कि सतत जीवनशैली का हिस्सा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हिंडाल्को हमेशा पर्यावरण के प्रति संवेदनशील रहा है। चकला पंचायत की मुखिया रंजीता एक्का ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से ग्रामीणों में जागरूकता बढ़ती है। वहीं, कंपनी के एचआर हेड प्रकाश कुमार ने कहा कि प्लास्टिक प्रदूषण आज की एक गंभीर पर्यावरणीय चुनौती है और गाँवों में जागरूकता फैलाकर स्थानीय स्तर पर बदलाव लाया जा सकता है। कार्यक्रम का समापन छायादार पौधों के सामूहिक पौधारोपण के साथ हुआ।

### सिरम गांव में वज्रपात से तीन मवेशियों की मौत, पीड़ित परिवार को मुआवज़ा की मांग

बालूमाथ (लातेहार)। प्रखंड अंतर्गत भगिया पंचायत के सिरम गांव में गुरुवार की शाम वज्रपात की चपेट में आकर तीन गायों की मौत हो गई। मृत गायों में दो कलावती देवी की थीं और एक कालो देवी की। इस अप्रत्याशित घटना से ग्रामीणों में शोक और भय का माहौल है। पीड़ित परिवार ने जिला प्रशासन से उचित मुआवजा की मांग की है। घटना की सूचना मिलते ही भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा पीड़ित परिवारों से मिलने गांव पहुंचे। उन्होंने हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया और मुआवजे हेतु अधिकारियों से बात करने का भरोसा दिलाया। घटनास्थल पर कामेश्वर महतो, जगन्नाथ यादव, दिलाल यादव, नरेश यादव, अशोक यादव, धनेश्वर यादव, सरिता देवी, मंटू मुंडा, रमेश उरांव, जिगर उरांव, अनीता देवी, मुकेश मुंडा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। ग्रामीणों ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि प्राकृतिक आपदा के चलते हुए नुकसान की त्वरित जांच कर पीड़ित परिवार को राहत दी जाए।

## पर्यावरण दिवस पर 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम का आयोजन, सांसद व विधायक ने किया पौधरोपण



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय, लातेहार में "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज सिंह ने की। इस दौरान चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह और लातेहार विधायक प्रकाश राम ने वृक्षारोपण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।
सांसद कालीचरण सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अगर पर्यावरण सुरक्षित नहीं होगा तो मानव जीवन संकट में पड़ जाएगा। पेड़ों की अंधाधुंध कटाई और प्रदूषण की वजह से पृथ्वी पर जीवन मुश्किल होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा पर्यावरण के प्रति सजग रहे हैं और प्रत्येक नागरिक से अपील करते हैं कि वे कम से कम एक पेड़ अपनी मां के नाम पर अवश्य लगाएं। विधायक प्रकाश राम ने कहा कि सभी शैक्षणिक संस्थान, सामाजिक संगठन और आम नागरिकों को वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति संकल्पित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पेड़ लगाना केवल एक दिन का कार्य नहीं, बल्कि यह धरती को हरा-भरा और जीवनदायिनी बनाए रखने का अभियान है। कार्यक्रम के पूर्व सांसद कालीचरण सिंह का एक वर्ष पूर्ण होने पर कार्यकर्ताओं द्वारा अंगवस्त्र व मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक हरेकृष्ण सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष लाल कौशल नाथ शाहदेव, छात्र मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष विनय सिंह, संयोजक अमलेश सिंह, बंसी यादव, आशा देवी, विष्णु देव प्रसाद गुप्ता, आनंद सिंह सहित जिले के अनेक कार्यकर्ता एवं भाजपा नेता उपस्थित रहे।

### विभिन्न मांगों को लेकर विस्थापित-प्रभावित रैयतों ने दिया धरना

**चंदवा।** महुआमिलान श्रमिक सहकारी सहयोग समिति लिमिटेड जमीरा के बैनर तले गुरुवार को अनगड़ा स्थित एस्सार प्लांट परिसर के समीप एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष बैजू मुंडा ने की। विस्थापित और प्रभावित ग्रामीणों ने उड़ीसा एलॉय स्टील प्राइवेट लिमिटेड पर विस्थापितों के अधिकारों की अनदेखी का आरोप लगाया। प्रदर्शन के उपरांत रैयतों ने प्लांट परिसर में तख्तियाँ लेकर पदयात्रा भी निकाली। बैजू मुंडा, सजीव कुमार, अरुण ठाकुर, चंद्रदीप गंझू सहित अन्य वक्ताओं ने कहा कि वर्ष 2007-08 में एस्सार पावर झारखंड द्वारा 524 एकड़ भूमि एकरारनामे के आधार पर ली गई थी, परंतु विस्थापन एवं पुनर्वास नीति का पालन नहीं किया गया।

### सांसद, विधायकों व अधिकारियों ने किया पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**लातेहार।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गुरुवार को समाहरणालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्थानीय सांसद कालीचरण सिंह, लातेहार विधायक प्रकाश राम और मणिका विधायक रामचंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। सांसद ने कहा कि जीवन और प्रकृति के संतुलन में पौधों की अहम भूमिका है। उन्होंने लोगों से अनुरोध किया कि वे पौधा लगाएं और उसका संरक्षण भी करें। उन्होंने प्रधानमंत्री के उस आह्वान की याद दिलाई जिसमें हर नागरिक से पौधा लगाने की अपील की गई है। उक्त अवसर पर आयोजित दिशा समिति की बैठक में भाग लेने सांसद-विधायक लातेहार पहुंचे थे। मौके पर उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष पंकज सिंह सहित कई पदाधिकारी व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## गोठगांव में 130 बच्चों ने ग्रहण किया पहला परमप्रसाद संस्कार



● चर्च परिसर में आध्यात्मिक उल्लास

**महुआडांड़ (लातेहार)।** महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत गोठगांव स्थित पवित्र परिवार पल्ली चर्च में बृहस्पतिवार को एक भव्य धार्मिक समारोह में 130 बच्चों ने अपना पहला परमप्रसाद संस्कार ग्रहण किया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर पूरे गांव में आध्यात्मिक और उत्सवी माहौल देखने को मिला।
इस पवित्र अनुष्ठान का संचालन फादर मोरिस टोप्पो, फादर मनोरंजन और फादर बलबीर टोप्पो द्वारा किया गया। मिस्सा बलिदान के दौरान पूरे पल्ली समुदाय ने एकजुट होकर बच्चों के लिए प्रार्थना की।
फा. मोरिस टोप्पो ने प्रवचन में कहा कि यह संस्कार बच्चों को यीशु ख्रीस्त के और अधिक निकट लाता है और उन्हें आध्यात्मिक जीवन की गहराई में प्रवेश कराता है।
समारोह में बच्चों के साथ उनके माता-पिता, अभिभावक, शिक्षक व स्थानीय समुदाय के सदस्य शामिल हुए। चर्च को रंग-बिरंगे फूलों और सजावट से सजाया गया था। बच्चों के चेहरे पर आत्मिक प्रसन्नता और श्रद्धा स्पष्ट रूप से झलक रही थी। यह आयोजन न केवल एक धार्मिक अनुष्ठान था बल्कि समुदाय में एकता, विश्वास और प्रेम का भी प्रतीक बना।


**नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट**
पो०-नेतरहाट, जिला-लातेहार
(An Autonomous Institute under Societies Reg. Act 1860, Ministry of School Education and Literacy Dept. Govt. of Jharkhand)

संख्या -171 दिनांक- 05.06.2025

**निविदा सूचना**

नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट के लगभग 500 विद्यार्थियों हेतु खाद्य सामग्री एवं विद्यालय के अन्य विविध उपयोग मे लायी जाने वाली विविध सामग्रियों के क्रय एवं आपूर्ति हेतु मुहरबंद निविदायें प्राचार्य, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट के नाम आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा का नाम | विविध सामग्रियों के क्रय एवं आपूर्ति हेतु। |
| 2. | कार्यालय का नाम एवं पता | प्राचार्य, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट, पो०- नेतरहाट, जिला - लातेहार, पिन- 835218 |
| 3. | सामग्रियों का नाम | कोड- 01 (अरवा चावल, मिश्रित खाद्य सामग्री, सरसों तेल, रिफाण्ड तेल, घी, पावरोटी, मिल्क पाउडर इत्यादि)<br>कोड- 02 (फॉर्म अण्डा, ब्रायलर मुर्गा, खस्सी मांस, मछली इत्यादि)<br>कोड- 03 (हरी सब्जी, फल, आलू प्याज, लहसुन, अदरक, इमली आदि)<br>कोड- 04 (पेंट, पेंटब्रष, कांटी, तिरपाल, टेंट, बक्सा आदि)<br>कोड- 05 (फुटबॉल, बॉलीबाल, कैरमबोर्ड, क्रिकेटबॉल आदि)<br>कोड- 06 (बिजली तार, टयूबलाईट, बल्ब, पंखा स्वीच आदि)<br>कोड- 07 (कपड़ा, तौलिया, मच्छरदानी, गंजी, स्वेटर, बेल्ट आदि)<br>कोड- 08 (सिलाई-कुर्त्ता, फूलपैंट, शर्ट, ब्लेजर, गरमकोट आदि)<br>कोड- 09 (कॉपी, रजिस्टर, पेन, सेंचुरी पेपर आदि)<br>कोड-10 (दवा, उपकरण आदि)<br>कोड-11 (बस/वाहन किराया आदि)<br>कोड-12 (साबुन, फिनायल तेल, रूम फ्रेषनर, मोमबती, बैट्री आदि)<br>कोड-13 (कृषि उपकरण खुरपी, कुदाल, बेलचा, बीज आदि)<br>कोड-14 (छात्रों का कपड़ा धुलाई, आयरन आदि)<br>कोड-15 (प्रिन्टीग एवं प्रकाषन)<br>कोड-16 (प्लम्बरिंग सामग्री)<br>कोड-17 (एन.सी. ई.आर.टी. की पुस्तकें)<br>कोड-18 (काला जूता, पी०टी० शू, हवाई चप्पल)<br>कोड-19 (मेधा दूध)<br>कोड-20 (गाय का दूध) |
| 4. | निविदा भेजने का पता | प्राचार्य, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट। |
| 5. | वेबसाईट का नाम एवं निविदा प्रसारण तिथि | www.netarhatvidyalaya.com पर दिनांक 05.06.2025, समय 1.00 बजे अपराह्न से उपलब्ध। |
| 6. | बिल ऑफ क्वांटिटी प्राप्त करने का माध्यम | प्राचार्य, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाटकार्यालय से हाथो-हाथ निविदा राषि जमा करने के पश्चात् प्राप्त कर सकते है। |
| 7. | बिल ऑफ क्वांटिटी प्राप्त करने की अंतिम तिथि | 26.06.2025 के अपराहन 01:00 तक |
| 8. | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | 28.06.2025 समय 11.00 बजे पूर्वाहन तक। |
| 9. | निविदा खुलने की तिथि | 01.07.2025 समय 11.30 बजे पूर्वाहन (टेक्नीकल बीड) एवं 05.07.2025 (11.30 बजे पूर्वाहन) अथवा कार्यालय सुविधानुसार तिथि परिवर्तन की जा सकती है। फिनानसियल बीड, केवल वैसे आपूर्तिकर्त्ता जो टेक्नीकल बीड में सफल पाये जायेंगे। |
| | नोट :-निविदा सूचना, निविदा नियम एवं शर्त्त, निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं अन्य सभी प्रकार की वांछित सूचनाएँ/निविदा संबंधी कागजात प्राचार्य, नेतरहाट आवासीय विद्यालय कार्यालय में पूर्वाहन 10.00 बजे से अप० 1.00 बजे तक संबंधित राशि जमा कर प्राप्त की जा सकती है। | |

प्राचार्य
नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट।
PR 354314 (Human Resource Developement) 25-26 (D)



**कार्यालय नगर पंचायत हुसैनाबाद**
Email:- nphussainabad@gmail.com

**अति अल्पकालिन निविदा सूचना सं० - NPH/02/2025-26**

| क्रम सं० | वार्ड सं० | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | Repairing of Marketing Complex Near Jp Chowk Under Nagar Panchyat Hussainabad | 4,04,916.00 | 8100.00 | 5000 | 3 माह |
| 2 | 5 | Construction of RCC Drain from House of Rafik Ansari to Mohammdabad Main Road | 6,88,860.00 | 13800.00 | 5000 | 3 माह |
| 3 | 6 | Construction of RCC Drain and PCC Road from House of Birendra Ram to House of Krishna Ram and its connected Drain | 9,99,350.00 | 20000.00 | 5000 | 3 माह |
| 4 | 6 | Construction of RCC Drain and PCC Road from House of Ramkundal Ram to House of Birendra Ram and its connected Drain | 3,19,780.00 | 6400.00 | 5000 | 2 माह |
| 5 | 6 | Repair of Rcc Drain and Construction of PCC Road From Urmila Devi house to Ravidas Mandir | 9,99,785.00 | 20000.00 | 5000 | 3 माह |
| 6 | 8 | Construction of RCC Drain and PCC Road from Patel Chauk to Railway Under Ground Bridge | 9,93,574.00 | 20000.00 | 5000 | 3 माह |
| 7 | 9 | Construction of RCC Drain from House of Mustafa to Ravidas Tola chauk and its connected Drain | 9,93,657.00 | 20000.00 | 5000 | 3 माह |
| 8 | 9 | Const of Brick Drain from Manjur Alam to SM Akram House | 3,40,099.00 | 6900.00 | 5000 | 2 माह |
| 9 | 12 | Construction of RCC Drain from House of Surendra Prasad to House of Kanhai | 9,97,195.00 | 20000.00 | 5000 | 3 माह |
| 10 | 14 | Construction of RCC Drain from House of Jamindar Chaudhary to Haider Nagar Road | 7,69,773.00 | 15500.00 | 5000 | 3 माह |
| 11 | 15 | Construction of RCC Drain and PCC Road from House of Alfaj to House of Mukhtar | 7,80,240.00 | 15700.00 | 5000 | 3 माह |
| 12 | 1 | Construction of PCC Road from Tree of Mango to House of Somaru Prasad Mehta | 4,04,065.00 | 8100.00 | 5000 | 2 माह |
| 13 | 1 | Construction of PCC Road from House of Sidheshwar Pathak to House of Sambihari Singh | 3,75,332.00 | 7600.00 | 5000 | 2 माह |
| 14 | 2 | Construction of PCC Road from House of Sunil Paswan to House of Vinay Yadav | 3,15,675.00 | 6400.00 | 5000 | 2 माह |
| 15 | 3 | Construction of PCC Road from House of Mrityunjay Giri to House of Sanjay Singh | 6,90,300.00 | 13900.00 | 5000 | 2 माह |
| 16 | 3 | Const of Pcc road from House of Kedar singh to Nabinagar Road under Nagar panchayat Hussainabad | 5,46,986.00 | 11000.00 | 5000 | 2 माह |
| 17 | 5 | Construction of PCC Road from House of Antu Mali to House of Chand Near Water Tank at Mali Muhalla | 7,61,700.00 | 15300.00 | 5000 | 2 माह |
| 18 | 8 | Construction of PCC Road from Chhath Pokhra to Main Market Road via Surya Mandir | 8,76,014.00 | 17600.00 | 5000 | 3 माह |
| 19 | 13 | Const of PCC Road from Kachha Road from Japla Chaubey to New Primary School Chaubey Under Nagar Panchayat Hussainabad | 7,78,634.00 | 15600.00 | 5000 | 3 माह |
| 20 | 8 | Renovation of Office Building under Nagar panchayat Husainabad | 8,61,966.00 | 17300.00 | 5000 | 3 माह |

Part-B

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदाकर्ता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत हुसैनाबाद। |
| 2 | परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय | 12.06.2025 अपराहन 2:00 बजे तक कार्यालय अवधि में (कार्यालय नगर पंचायत हुसैनाबाद) |
| 3 | परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान | कार्यालय नगर पंचायत हुसैनाबाद |
| 4 | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं स्थान | 13.06.2025 अपराहन 1:00 बजे तक हुसैनाबाद थाना परिसर में। |
| 5 | निविदा खोलने की तिथि एवं स्थान | 13.06.2025 अपराहन 1:30 बजे से हुसैनाबाद थाना परिसर में। |

नोट- निविदा संबंधी शर्त नगर पंचायत हुसैनाबाद के सूचना पट्ट पर पढ़ा जाय।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत हुसैनाबाद
PR 354331 District(25-26).D

## न्यूज बॉक्स

### दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में तीन लोग घायल



**भरनो (गुमला)।** भरनो चट्टी मुख्य मार्ग पर गुरुवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन लोग घायल हो गए। यह दुर्घटना परसा महुआटोली मोड़ के समीप उस वक्त हुई जब दो मोटरसाइकिलें आमने-सामने से टकरा गईं। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइकों पर सवार तीन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान उत्तर प्रदेश निवासी मोहम्मद आसिफ, बेड़ों प्रखंड के पांडेपारा गांव निवासी मंतोष उरांव, और अमलिया गांव के सतीश उरांव के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहम्मद आसिफ बाइक से फेरी का सामान बेचकर चट्टी से भरनो की ओर लौट रहे थे। उसी दौरान भरनो से चट्टी की ओर जा रही दूसरी बाइक, जिसमें तीन युवक सवार थे, परसा महुआटोली मोड़ के पास सामने से आ गई और दोनों वाहनों में जोरदार टक्कर हो गई। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय समाजसेवी मीर अनवर ने अन्य ग्रामीणों के सहयोग से तत्परता दिखाते हुए तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरनो पहुँचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को छुट्टी दे दी। गनीमत रही कि समय पर इलाज मिलने से कोई बड़ी अनहोनी नहीं हुई।

### बकरीद से पहले कई लीटर शराब जब्त



**चैनपुर।** बकरीद के त्योहार से पहले अवैध महुआ शराब की बिक्री पर नकेल कसने के लिए चैनपुर प्रखंड मुख्यालय में पुलिस ने सघन छापेमारी अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां के निर्देश पर की गई इस कार्रवाई में सब-इंस्पेक्टर अशोक कुमार, असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर नंदकिशोर कुमार और थाना के जवानों ने मोर्चा संभाला।छापेमारी के दौरान पुलिस ने कई लीटर महुआ शराब और उसे बनाने में इस्तेमाल होने वाले 'जवा' को जब्त कर मौके पर ही नष्ट कर दिया। इस कार्रवाई से अवैध शराब विक्रेताओं में हड़कंप मच गया। कई विक्रेता अपने घरों को बंद कर भागते नजर आए।हालांकि, इस बार पकड़े गए कुछ शराब विक्रेताओं को कड़ी चेतावनी देकर छोड़ दिया गया, साथ ही यह भी बताया गया कि अगली बार पकड़े जाने पर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।सब-इंस्पेक्टर अशोक कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां के आदेशानुसार गुरुवार को महुआ शराब की अवैध बिक्री को रोकने के लिए यह विशेष छापामारी अभियान चलाया गया।

### विश्व पर्यावरण दिवस पौधरोपण और रक्षाबंधन कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**पालकोट (गुमला)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पालकोट प्रखंड अंतर्गत लोधमा मौजा में वन विभाग एवं ग्रामीणों के संयुक्त तत्वावधान में वृक्षारोपण सह रक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रकृति, पर्यावरण और वनों के संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना रहा। इस अवसर पर पालकोट के वनपाल कृष्णा महतो ने लोगों को संबोधित करते हुए वनों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि स्वच्छ पर्यावरण के लिए कम से कम 33 प्रतिशत वन क्षेत्र होना आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि "जंगल है तो जल है, और जल है तो जीवन संभव है।" जलवायु संतुलन बनाए रखने और भविष्य की पीढ़ियों को सुरक्षित वातावरण देने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की अपील की गई। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों, वनकर्मियों, पंचायत समिति सदस्यों और इको विकास समिति के सदस्यों ने मिलकर पौधरोपण किया। इस अवसर पर वृक्षों को रक्षा सूत्र भी बांधा गया, जिससे पर्यावरण संरक्षण के प्रति भावनात्मक जुड़ाव को बल मिला। कार्यक्रम में पालकोट प्रखंड के सभी वनकर्मी, इको विकास समिति के सदस्य, पंचायत प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### बकरीद को लेकर भरनो थाना में शांति समिति की बैठक हुई संपन्न

**भरनो (गुमला)।** आगामी बकरीद पर्व को लेकर गुरुवार को भरनो थाना परिसर में शांति समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रमुख पारसनाथ उरांव, अंचलाधिकारी अविनाश कुजूर एवं थाना प्रभारी कंचन प्रजापति ने संयुक्त रूप से की। बैठक में सभी समुदायों के प्रतिनिधियों से आपसी भाईचारे एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने की अपील की गई। अधिकारियों ने कहा कि बकरीद एकता और शांति का संदेश देने वाला पर्व है, जिसे मिल-जुलकर मनाना चाहिए। बैठक में विभिन्न पंचायतों एवं गांवों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी ली गई। साथ ही अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी तरह की समस्या या विवाद की स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना देने का अनुरोध किया गया। थाना प्रभारी कंचन प्रजापति ने बताया कि भरनो थाना क्षेत्र में कुल 9 पंचायतें हैं। ण्प्रत्येक पंचायत में एक पुलिस पदाधिकारी को नियुक्त किया जाएगा, ताकि पुलिस और ग्रामीणों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हो सके। इससे पंचायत स्तर पर समस्याओं का शीघ्र समाधान हो सकेगा और ग्राम संगठन भी मजबूत होंगे।

## इंटर आर्ट्स परीक्षा 2025 में गुमला का रहा चमकदार प्रदर्शन

# 62 प्रतिशत से अधिक छात्र प्रथम श्रेणी में हुए उत्तीर्ण

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** झारखंड अधिविद्य परिषद, रांची द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट कला परीक्षा 2025 के परिणामों में गुमला जिले ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य में चौथा स्थान हासिल किया है। जिले की सफलता दर 98.32% रही, जो राज्य के औसत 95% से लगभग 3 प्रतिशत अधिक है। इस वर्ष जिले से कुल 7511 छात्र-छात्राओं ने नामांकन कराया था, जिनमें से 7459 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए और 7334 विद्यार्थी सफल घोषित हुए। इनमें 3086 छात्र और 4248 छात्राएं शामिल हैं। सबसे उल्लेखनीय बात यह रही कि 62% से अधिक यानी कुल 4554 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए, जो जिले के लिए एक रिकॉर्ड है। वहीं, 2699 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी में सफलता प्राप्त की। पिछले मैट्रिक परीक्षा में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने के बाद यह उपलब्धि जिले के लिए उत्साहवर्धक मानी जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा "गिफ्ट ऑफ एजुकेशन" कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को वरीय अधिकारियों से जोड़ा गया था।

### महाविद्यालय की करुणा कुजूर बनीं गुमला जिला टॉपर



**पालकोट (गुमला)।** पम्पापुर इंटर कॉलेज, पालकोट की छात्रा करुणा कुजूर ने झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा घोषित इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 के आर्ट्स संकाय में 450 अंक (90%) प्राप्त कर गुमला जिला टॉपर बनने का गौरव हासिल किया है। करुणा की इस शानदार उपलब्धि से न सिर्फ कॉलेज बल्कि पूरे गुमला जिले में खुशी की लहर है। इस प्रतिष्ठित उपलब्धि के साथ करुणा ने यह साबित किया है कि संसाधनों की कमी भी प्रतिभा को रोक नहीं सकती। पम्पापुर इंटर कॉलेज जैसे वित्त रहित संस्थान से पढ़कर जिला में टॉप करना एक मिसाल है।

### दुर्लभ कल्पवृक्ष में खिले फूल देखकर शिक्षकों और छात्रों में खुशी की लहर



**सिसई(गुमला)।** गर्मी छुट्टी के उपरांत गुरुवार की सुबह स्कूल खुलते ही राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय प्रखंड मुख्यालय सिसई परिसर में स्थित देवलोक के कल्पवृक्ष में खिले दुर्लभ फुल को देख स्कूल के शिक्षकों व छात्र -छात्राओं में खुशी की लहर दौड़ गई। स्कूल परिसर में कल्पवृक्ष को लगाने वाले स्कूल के शिक्षक विपीन बिहारी झा ने बताया की वर्ष 2004 में उनके और स्कूल के एक अन्य शिक्षक विश्वजीत अधिकारी के द्वारा नामकुम, रांची के पलान्डु पौधशाला से लाकर इस दुर्लभ कल्पवृक्ष का एक छोटे से पौधे को स्कूल परिसर में लगाया गया था। स्कूल के शिक्षकों व विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत व देखभाल से उक्त पौधा अब करीब 25 फीट ऊंचा व तीन फीट मोटा एक वृक्ष बन चुका है। लगभग 21 वर्ष के मेहनत, सेवा व परिश्रम से यह अब एक वृक्ष का रुप ले चुका है। इसके छांव में एक असीम शांति व सकुन की अनुभूति प्राप्त होती है। शिक्षक विपीन झा बताते हैं कि जब इस पौधे को स्कूल परिसर में लगाया गया था, किन्तु दुर्लभ व सर्वगुण संपन्न कल्पवृक्ष को लगाने की प्रेरणा व अनहोनी की मिथ्या को तोड़ने के उद्देश्य से मेरे व शिक्षक विश्वजीत अधिकारी द्वारा इस पौधे को लगाया गया था।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**गुमला।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गुमला जिला शिक्षा विभाग द्वारा आज जिले के सभी विद्यालयों में "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत वृक्षारोपण एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। यह पहल उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देशानुसार मिशन लाइफ के अंतर्गत इको क्लब के सहयोग से संपन्न हुई, जिसमें स्कूली छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं समुदाय के लोगों की सराहनीय भागीदारी रही। कार्यक्रम के तहत विद्यालय परिसरों और आसपास के क्षेत्रों में स्कूली बच्चों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके साथ ही पर्यावरण विषयक जागरूकता बढ़ाने हेतु प्रभात फेरी, पेंटिंग, निबंध लेखन एवं ऑनलाइन क्विज जैसी प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। ऑनलाइन क्विज का संचालन झारखंड शिक्षा परियोजना, गुमला द्वारा किया गया।

### फाइलेरिया पीड़ितों के लिए देखभाल किट का हुआ वितरण



**गुमला ।** जनस्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में गुमला जिला प्रशासन द्वारा एक महत्वपूर्ण और संवेदनशील कदम उठाते हुए घाघरा प्रखंड के सारंगों पंचायत स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर परिसर में फाइलेरिया से ग्रसित मरीजों के बीच विशेष देखभाल किट का वितरण किया गया। यह आयोजन पंचायत प्रतिनिधियों, स्वास्थ्य विभाग और पीरामल फाउंडेशन के समन्वित सहयोग से संपन्न हुआ। फाइलेरिया जैसी दीर्घकालिक बीमारी से पीड़ित लोगों को राहत पहुंचाने और उनके बेहतर देखभाल के लिए उपायुक्त महोदया के निर्देश पर इस कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई थी। इसका उद्देश्य न केवल उन्हें जरूरी स्वच्छता सामग्री उपलब्ध कराना था, बल्कि घरेलू देखभाल की सही जानकारी देकर बीमारी को नियंत्रित करने में मदद करना भी था।

#### कम्युनिटी एडवाइजरी बोर्ड की पहली बैठक संपन्न

### पीएमपीएसई राउंड-2 सर्वे को लेकर बनी रणनीति

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** जिला यक्ष्मा कार्यालय गुमला में आज दिनांक 5 जून 2025 को कम्युनिटी एडवाइजरी बोर्ड (CAB) की पहली बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. गणेश राम ने की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य पीएमपीएसई (PMPSE) राउंड-2 के अंतर्गत प्रस्तावित सर्वेक्षण कार्य को लेकर विस्तृत रणनीति तैयार करना था। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि सर्वेक्षण का कार्य एक माइक्रो प्लान के अनुसार किया जाएगा। सर्वे टीम में शामिल कर्मियों द्वारा सभी संबंधित स्टेकहोल्डर्स, गेटकीपर, एफएसडब्ल्यू आदि की सूची तैयार कर उनके साथ समन्वय स्थापित करते हुए सावधानीपूर्वक सर्वे फॉर्म भरे जाएंगे। इसके साथ ही, चिन्हित हॉटस्पॉट क्षेत्रों का नजरी नक्शा भी तैयार किया जाएगा, जिससे सर्वेक्षण कार्य को बेहतर दिशा मिल सके। बैठक में यह भी तय किया गया कि यक्ष्मा विभाग, आईसीटीसी, एआरटी और टीआई टीम संयुक्त रूप से विद्यालयों और महाविद्यालयों में एचआईवी, एड्स एवं टीबी जैसे गंभीर रोगों से बचाव को लेकर जागरूकता अभियान चलाएंगे। इस दौरान युवाओं को इन बीमारियों के लक्षण, बचाव के उपाय और समय पर जांच की आवश्यकता के बारे में जानकारी दी जाएगी।

#### जारी प्रखंड में बीडीओ ने किया आवास योजनाओं का निरीक्षण

## धीमी प्रगति पर लाभार्थियों को कड़ी चेतावनी



**नवीन मेल संवाददाता**

**जारी।** जारी प्रखंड में प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा ने आज विभिन्न आवास योजनाओं, जिनमें अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास योजना और जनमन आवास शामिल हैं, के तहत चल रहे कार्यों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने व्यक्तिगत रूप से लाभार्थियों से मुलाकात की और उन्हें आवास निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए। बीडीओ ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं हुई तो संबंधित लाभार्थियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी, जिसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।निरीक्षण के दौरान, बीडीओ यादव बैठा ने उन लाभार्थियों को विशेष रूप से हिदायत दी जिनके आवास का निर्माण अभी तक शुरू नहीं हुआ है या धीमी गति से चल रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकार द्वारा आवंटित राशि का सदुपयोग करते हुए जल्द से जल्द अपने आवास का निर्माण पूरा करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि लापरवाही बरतने वाले लाभार्थियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।इस अवसर पर उपस्थित कॉर्डिनेटर कमलेश बारला ने भी लाभार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि आवास निर्माण की राशि उनके बैंक खातों में हस्तांतरित कर दी गई है। उन्होंने लाभार्थियों को आश्वस्त किया कि यदि उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या का सामना करना पड़ रहा है, तो वे बिना किसी झिझक के उनसे संपर्क कर सकते हैं। बारला ने लाभार्थियों से अपील की कि वे योजनाओं का लाभ उठाकर अपने सपनों का घर जल्द से जल्द पूरा करें।बीडीओ यादव बैठा के इस निरीक्षण और चेतावनी से जारी प्रखंड में आवास योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आने की उम्मीद है। प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया है कि योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।


**पत्रांक-...................**

**झारखण्ड सरकार, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, जिला नियोजनालय, पलामू।**

Email : emptexchangedto@gmail.com

सूचना सं0:- ............... दिनांक:- ......................

**प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेला सूचना।**

जनता शिवरात्री कॉलेज, मेदिनीनगर, पलामू में दिनांक-09.06.2025(दिन सोमवार) को PM नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेला 9:00 बजे पूर्वाहन में आयोजित किया गया है, जिसमें राज्य के निबंधित MSME / Manufacturing Sector / Service Sector एवं अन्य प्रतिष्ठान / उपक्रम, तकनीकी प्रशिक्षणार्थियों (आई0टी0आई0 / डिप्लोमा / इंजीनियरिंग / Short Term Skill etc.) एवं गैर तकनीकी छात्रों (8वीं से स्नातक आदि) का **अप्रेन्टिसशिप पोर्टल https://www.apprenticeshipindia.gov.in/**पर पंजीयन कराया जाएगा एवं आवश्यकतानुसार प्रतिष्ठानों द्वारा अप्रेन्टिसशिपों का चयन किया जायेगा।

उक्त अप्रेन्टिसशिप मेला में अभ्यर्थी अपने सभी **शैक्षणिक योग्यता, तकनीकी योग्यता, आधार कार्ड, जाति प्रमाण-पत्र, बैंक पासबुक एवं पासपोर्ट साईज फोटो के साथ पहूँचकर पंजीयन करा सकते है।**

अतः पलामू जिला अंतर्गत 18 वर्ष से अधिक सभी बेरोजगार अभ्यर्थी इस सुनहरे अवसर का लाभ उठायें, अपने भविष्य को सँवारें, रोजगार एवं स्वरोजगार की दिशा में अहम कदम बढ़ायें।

इस हेतु कोई भी मार्ग व्यय / भत्ता देय नहीं होगा।

**नोटः-** अप्रेन्टिसशिप मेला की विस्तृत जानकारी हेतु औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, छत्तरपुर, हुसैनाबाद, सतबरवा, डालटनगंज एवं जिला नियोजन कार्यालय, पलामू से प्राप्त की जा सकती है।

जिला नियोजन पदाधिकारी-सह-
सहायक शिक्षु सलाहकार (AAA)
डालटनगंज, पलामू।

PR.NO.354343 District(25-26):D



**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**

**आवश्यक सूचना**

**(लापता बबलु बियार, उम्र-करीब 40 वर्ष)**



बिशुनपुरा थाना सनहा सं0-14/25 दिनांक-27.05.2025 में लापता बबलु बियार, उम्र-करीब 40 वर्ष, पिता-भुखन बियार, ग्राम-जतपुरा, पो0-पिपरी कला, थाना-बिशुनपुरा, जिला-गढ़वा, राज्य-झारखण्ड के रहने वाले हैं। यह व्यक्ति दिनांक-02.05.2025 को चेन्नई से घर आने के क्रम में लापता हो गया है। उक्त लापता बबलु बियार का काफी खोजबीन किया गया परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है।

अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता व्यक्ति किसी व्यक्ति को कहीं दिखे या इनके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0-9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0-9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

**हुलिया** :-रंग-सांवला, लम्बाई- करीब 5.5 फीट, भाषा-हिन्दी / भोजपुरी, ऑख का रंग-काला

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा

PR 354302 Police(25-26)#D



**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**

**आवश्यक सूचना।**

**( चोरी की गई बजाज पल्सर मोटरसाईकिल (150,CC) रंग-लाल एवं काला,)**

गढ़वा थाना कांड सं0-127 / 2025 दिनांक-12.03.2025 धारा-303(2) बी0 एन0 एस0 में चोरी की गयी बजाज पल्सर मोटरसाईकिल (150,CC) रंग-लाल एवं काला जिसका इंजन न0- DHZCEK 88797 एवं चेचिस नं0- MD2A11CZ6ECK08322 का अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर लिया गया है। जिसकी बरामदगी अबतक नहीं हो पाई है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी की गयी वाहन के बारे में किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना किसी व्यक्ति को प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0-9431706284, या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0 - 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा।

PR.NO.354304 Police(25-26):D



**न्यायालय, उपायुक्त -सह- जिला दण्डाधिकारी, लातेहार।**

**अनुमति वाद संख्या-108 / 2025**

**आम इस्तेहार**

आवेदक मो0 अख्तर वो मो0 जिलानी वो मो0 शौकत अलि वो मो0 नेसार वो मो0 नौसाद आलम वो नुमान सभी के पिता-स्व0 मो0 नईम उद्दीन सभी निवासी ग्राम-इटके, पो0-बारीखाप, थाना-बारियातु, जिला-लातेहार द्वारा मेसर्स एस0एम0 स्टील्स एण्ड पॉवर लिमिटेड, 2013 कार्यालय पता-ब्लॉक डी0पी0 पांचवा टॉवर, प्रथम तल्ला यूनिट 504 सेक्टर-5 कोलकत्ता वेस्ट बंगाल-700058 के साथ भूमि बिक्री हेतु अनुमति के लिए छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम की धारा-49 के अंतर्गत आवेदन पत्र दाखिल किया है।

**भूमि का विवरण**

| मौजा | खाता | प्लॉट | रकबा |
|---|---|---|---|
| बरवाडीह | 45 | 261 | 0.1086 |
| | | 263 | 0.0972 |
| | | 264 | 0.1000 |
| | | 32 | 0.2572 |
| | | 205 | 0.2831 |
| | | 282 | 0.0401 |
| | | 286 | 0.1457 |
| | | 56 | 0.2086 |
| | | 86 | 0.1344 |
| | | 359 | 0.3144 |
| | | 352 | 0.0316 |
| | | 353 | 0.0916 |
| | | 630 | 0.0629 |
| | | 632 | 0.0514 |
| | | 636 | 0.0543 |
| | | 457 | 0.2486 |
| | | 467 | 0.0514 |
| | | कुलः- | 2.2811 ए0 |

एतद् द्वारा हर आम व खाश को सूचित किया जाता है कि इस भूमि अंतरण के विरूद्ध किसी को आपत्ति हो, तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी के न्यायालय में आम-इस्तेहार निर्गत की तिथि से एक पक्ष (15 दिनों) के अंदर आपत्ति दायर कर सकते है। समय सीमा समाप्ति के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्रभारी उप समाहर्त्ता,
जिला विधि शाखा, लातेहार।

PR.NO.354320 District(25-26):D



**झारखण्ड सरकार**
**न्यायालय प्राधिकृत पदाधिकारी**
**-सह- वन प्रमण्डल पदाधिकारी, मेदिनीनगर, वन प्रमण्डल।**

**उपस्थिति सूचना**

मेदिनीनगर वन प्रमण्डल, मेदिनीनगर के विभिन्न प्रक्षेत्रों अन्तर्गत वन अपराध में जप्त निम्नांकित वाहनों, वन पदार्थ एवं समाग्री के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, मेदिनीनगर वन प्रमण्डल के न्यायालय में निम्नवत् अधिहरण वाद की कार्यवाही विचाराधीन है :-

| क्र0 सं0 | कम्पलेन वाद संख्या | अधिहरण वाद संख्या | जप्त वाहन का प्रकार, निबंधन संख्या / इंजन संख्या / चेचीस संख्या एवं समाग्री | जप्त वन पदार्थ | निर्धारित तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | 1266 / 2021 | 13 / 2021 | ट्रक संख्या- HR-39D-2725 | 265 पीस खैर काष्ठ | 19.06.2025 |
| 02 | 1345 / 2022 | 12 / 2022 | टेम्पू संख्या- JH-03AA-8893, मोटरसाईकिल संख्या- JH-03AH-1979 एवं दो मोबाईल | 1 घन मीटर जलावन | 19.06.2025 |
| 03 | 2001 / 2022 | 19 / 2022 | टेम्पू संख्या-JH-03L-6424 | 2 घन मीटर जलावन | 19.06.2025 |
| 04 | 314 / 2022 | 23 / 2022 | ट्रक संख्या- UP-84T-8231 | 4 टन खैर काष्ठ | 19.06.2025 |
| 05 | 845 / 2023 | 09 / 2023 | ट्रैक्टर संख्या-JH-03T-7300, इंजन संख्या-PY3029D428 577, चेचीस संख्या-1VY5036DVHA001842, टेलर संख्या- शून्य | 96 सी0एफ0टी0 जलावन | 19.06.2025 |
| 06 | 1215 / 2023 | 17 / 2023 | मोटरसाईकिल संख्या- JH-03Q-9535 | 2 पीस सलई बोटा | 19.06.2025 |
| 07 | 1254 / 2023 | 18 / 2023 | ट्रैक्टर संख्या- BR-02Q-9983, इंजन संख्या- ROLW05546, चेचीस संख्या- ROLW05546, ट्रेलर संख्या- शून्य | 3 टन जलावन | 19.06.2025 |
| 08 | 1293 / 2023 | 35 / 2023 | टेम्पू संख्या- JH-19B-5753 | 2 घन मीटर जलावन | 19.06.2025 |
| 09 | 2911 / 2023 | 48 / 2023 | साईकिल-10 पीस | 5 घ0मी0 जलावन | 19.06.2025 |
| 10 | 2913 / 2023 | 49 / 2023 | साईकिल-08 पीस | 5 घ0मी0 जलावन | 19.06.2025 |

उपर्युक्त वादों की सुनवाई के क्रम में बार-बार नोटिस दिये जाने के बावजूद भी उक्त वाद के प्रतिवादियों द्वारा कारण पृच्छा समर्पित नहीं किया गया और न ही किसी अधिवक्ता के माध्यम से अपना पक्ष प्रस्तुत किया गया है।

समाचार पत्र के माध्यम से उपरोक्त वाद के प्रतिवादियों को सूचित किया जाता है, कि अधिहरण वाद की सुनवाई हेतु अंतिम तिथि 19.06.2025 को 11:00 बजे पूर्वाह्न में निर्धारित किया गया है। प्राधिकृत पदाधिकारी सह वन प्रमण्डल पदाधिकारी, मेदिनीनगर वन प्रमण्डल के न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करेगे, अन्यथा यह समझा जायेगा कि उक्त वाद के प्रतिवादियों को इस विषय में कुछ नहीं कहना है तथा एकतरफा सुनवाई करते हुए जप्त वाहन वन पदार्थ एवं समाग्री को राज्यसात कर दिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,
-सह-
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
मेदिनीनगर वन प्रमण्डल।

PR 354340 (Forest, Environment and Climate Changes) 25-26 (D)

सुप्रभात

विचार प्रवाह

जब हम उन विचारों, सिद्धांतों, विधियों और तकनीकों की पूरी श्रृंखला की जांच करते हैं जो गुरजिएफ पश्चिम में लेकर आए, तो हमें संदेह हो सकता है कि क्या एक व्यक्ति इतना कुछ कर सकता था। वह खुद हमें बताता है कि इसके लिए सामूहिक प्रयास जिम्मेदार था - **जॉर्ज गुरजिएफ**

# संपादकीय

## सीमाओं से परे अद्भुत सांसद

अपने दस मिनट लंबे और बेबाक ऑक्सफोर्ड यूनियन भाषण से शक्तिशाली ब्रिटिश राजनीति, शिक्षा और मीडिया को हिलाकर रख दिया हो, जिसमें उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत द्वारा व्यवस्थित रूप से किए गए अकथनीय अन्याय व कुकृत्यों और उसकी नीतियों से जन्मे अकालों व आर्थिक दरिद्रता के दुष्चक्र को उजागर किया और सार्वजनिक रूप से माफी और क्षतिपूर्ति की मांग की, जिसे छह घंटे में करीब 70 लाख लोगों ने पसंद किया? उनके इस कार्य की देश के प्रधानमंत्री सहित पार्टी लाइन से ऊपर उठकर नेताओं ने सराहना की, लेकिन खुद उनकी पार्टी इस पर चुप्पी साधे रही! क्या आप किसी ऐसी राष्ट्रीय पार्टी का नाम बता सकते हैं, जिसके सांसद ने 26 किताबें लिखी हों, जिनमें से ज्यादातर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेस्टसेलर रही हों, जिनके साप्ताहिक कॉलम भारत और विदेश में दो दर्जन से अधिक प्रकाशनों में छपते हैं और जिनकी पुस्तक 'एन एरा ऑफ डार्कनेस' ने उन्हें प्रतिष्ठित साहित्य अकादमी पुरस्कार दिलाया। जिनकी वाद-विवाद और भाषण कला सेंट स्टीफेंस कॉलेज के दिनों से ही ऐसी रही है, जिसके बारे में कहानियां बनाई जाती हैं, लेकिन उन्हें पार्टी के आधिकारिक प्रवक्ता के रूप में बनाए रखने के लिए पर्याप्त नहीं माना जाता है? तिरुवनंतपुरम से चार बार सांसद रहे शशि थरूर लंबे, सुंदर, शालीन, अच्छे कपड़े पहनने वाले, स्टाइलिश और स्पष्टवादी हैं। सोशल मीडिया पर भी उनकी अच्छी-खासी धूम है। ट्विटर (अब एक्स) पर भारत में उनके पास सबसे ज्यादा फॉलोअर्स थे, जब तक कि शाहरुख खान, बिग बी और प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें पीछे नहीं छोड़ दिया। एक इंटरव्यू में उन्होंने खुलासा किया कि जब वह छोटे थे, तो काफी बीमार रहते थे। तब टीवी, इंटरनेट, फेसबुक या इंस्टाग्राम न होने के कारण, वह किताबें पढ़ने की तरफ आकर्षित हुए। यह उनके पिता द्वारा प्रोत्साहित की गई एक अच्छी आदत थी। वह 1978 में 22 वर्ष की आयु में फ्लेचर स्कूल ऑफ लॉ एंड डिप्लोमेसी और टफ्ट्स यूनिवर्सिटी से अंतरराष्ट्रीय संबंधों में पीएचडी ग्रहण करने वाले सबसे कम उम्र के छात्रों में से एक थे। वह संयुक्त राष्ट्र में शामिल हुए और वहां 29 वर्ष बिताए, अवर महासचिव भी बने। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र के महासचिव बनने की सोची और भारत के आधिकारिक उम्मीदवार के रूप में इस पद के लिए चुनाव लड़ने के लिए अपनी दावेदारी पेश की। लेकिन किस्मत और दुनिया की एकमात्र महाशक्ति उनके पक्ष में नहीं थी। हालांकि, उन्हें दूसरे सबसे ज्यादा वोट मिले, दो विदेश मंत्रियों और एक प्रधानमंत्री से ज्यादा। वह तिरुवनंतपुरम से पहली बार कांग्रेस उम्मीदवार के रूप तौर पर चुनाव लड़े, तो स्थानीय नेता इस बाहरी व्यक्ति से प्रभावित नहीं थे, लेकिन उन्होंने अपने काम से न केवल जनाधार बढ़ाया, बल्कि लगातार चार लोकसभा चुनाव जीते।

एक बार भाजपा नेता अरुण जेटली ने कहा था कि विपक्ष का काम विरोध करना है, लेकिन शशि विपक्ष के लिए ऐसा नहीं मानते। वह सरकार से वाजिब सवाल पूछने में नहीं हिचकिचाते, लेकिन जब सरकार कुछ सराहनीय करती है, तो सराहना करने से भी पीछे नहीं हटते।

*क्या आप किसी ऐसी राष्ट्रीय पार्टी का नाम बता सकते हैं, जिसके सांसद ने 26 किताबें लिखी हों, जिनमें से ज्यादातर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेस्टसेलर रही हों, जिनके साप्ताहिक कॉलम भारत और विदेश में दो दर्जन से अधिक प्रकाशनों में छपते हैं*

# राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में महिला कैडेट्स की भागीदारी
# लैंगिक समानता की दिशा में ऐतिहासिक कदम



राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में महिला कैडेट्स की ऐतिहासिक भागीदारी न केवल भारतीय सैन्य परंपरा में एक क्रांतिकारी मोड़ है, बल्कि यह भारतीय समाज के व्यापक परिप्रेक्ष्य में लैंगिक समानता की दिशा में एक निर्णायक उपलब्धि भी है। यह परिवर्तन उस मानसिकता और व्यवस्थागत ढांचे को चुनौती देता है, जिसमें सैन्य सेवाओं को पारंपरिक रूप से पुरुषों के लिए ही उपयुक्त माना गया था।

**इतिहास की पृष्ठभूमि :** 1954 में पुणे के खड़गवासला में स्थापित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, भारतीय थलसेना, वायुसेना और नौसेना के लिए त्रिसेवा-पूर्व प्रशिक्षण संस्थान के रूप में लंबे समय तक केवल पुरुषों के लिए आरक्षित रहा। यद्यपि 1990 के दशक के प्रारंभ से महिलाओं को सशस्त्र सेनाओं में शामिल किया जाने लगा था, फिर भी उन्हें केवल कुछ सीमित गैर-युद्ध भूमिकाओं तक ही सीमित रखा गया। एनडीए में प्रवेश की अनुमति महिलाओं को नहीं थी, जो कि एक प्रमुख लैंगिक असमानता को दर्शाता था।

**कौन बने इस संघर्ष के सूत्रधार? :** महिलाओं की एनडीए में भागीदारी सुनिश्चित करने की लड़ाई कानूनी सक्रियता, सामाजिक जागरूकता और नारीवादी संगठनों की निरंतर मांगों से संभव हुई। वर्ष 2021 में अधिवक्ता कुश कालरा द्वारा दायर की गई जनहित याचिका इस दिशा में निर्णायक सिद्ध हुई। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में यह तर्क दिया कि एनडीए में महिलाओं की अनुपस्थिति भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 16—जो समानता, भेदभाव निषेध और अवसर की समानता की गारंटी देते हैं—का सीधा उल्लंघन है।

आज की बात



**कैप्टन(डॉ.) जी. सी. बास्के**
एनसीसी अधिकारी 2/19
झारखंड बटालियन एनसीसी
डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी
विश्वविद्यालय, रांची

## इस उपलब्धि तक पहुंचने में लगा समय

- **1990 के दशक :** महिलाओं को पहली बार सेना में सीमित गैर-युद्ध भूमिकाओं में शामिल किया गया।
- **2008–2010 :** महिलाओं के लिए स्थायी कमीशन पर चर्चा प्रारंभ, परंतु एनडीए अब भी महिलाओं के लिए बंद।
- **2019 :** सुप्रीम कोर्ट ने सेना में महिलाओं के स्थायी कमीशन को लेकर सकारात्मक निर्णय दिए।
- **अगस्त 2021 :** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को एनडीए परीक्षा में महिलाओं को सम्मिलित करने का निर्देश दिया।
- **नवम्बर 2021 :** महिलाओं के लिए एनडीए प्रवेश परीक्षा पहली बार आयोजित।
- **दिसम्बर 2022 :** महिला कैडेट्स की पहली बैच एनडीए में सम्मिलित हुई।
- **29 मई 2025 :** 17 महिला कैडेट्स की प्रथम एनडीए बैच ने दीक्षांत समारोह में भाग लिया—एक ऐतिहासिक घटना।

## सरकार द्वारा की गई पहलें

- सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बाद भारत सरकार ने त्वरित कार्यवाही करते हुए कई परिवर्तन लागू किए।
- रक्षा मंत्रालय ने एनडीए में प्रवेश नीति में संशोधन किया।
- भवन और प्रशिक्षण अवसंरचना को महिलाओं के अनुकूल बनाया गया, जिसमें अलग रहने की व्यवस्था, चिकित्सीय सुविधाएँ, और विशेष प्रशिक्षण पद्धतियाँ सम्मिलित हैं।
- यूपीएससी ने महिलाओं को एनडीए परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति दी।
- प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में कोई भेदभाव नहीं रखा गया—महिला और पुरुष कैडेट्स को समान सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त हो रहा है।

## इस निर्णय का व्यापक सामाजिक प्रभाव

1. **लैंगिक समानता का प्रतीक:** यह निर्णय देश के संवैधानिक मूल्यों—विशेषकर समानता और न्याय—का पुन:स्थापन है।
2. **नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा:** देशभर की युवा बालिकाओं को यह संदेश जाता है कि वे भी सैन्य नेतृत्व की भूमिका में अपना भविष्य गढ़ सकती हैं।
3. **सांस्कृतिक परिवर्तन:** सैन्य सेवा को केवल पुरुषों के लिए उपयुक्त समझने वाली सोच में बदलाव संभव होगा।
4. **प्रतिभा का विस्तार:** एनडीए के माध्यम से अब भारतीय सेना को विविध और योग्य महिला नेतृत्व प्राप्त होगा।

## भविष्य में संभावित परिवर्तन

- **महिला नेतृत्व में वृद्धि:** एनडीए से प्रशिक्षित होकर महिलाएं भविष्य में उच्च पदों तक पहुंचेंगी।
- **संधारणीय रक्षा नीतियां:** भविष्य में रक्षा नीतियां अधिक लैंगिक-संवेदनशील और समावेशी होंगी।
- **युद्धक्षेत्र की भूमिका:** एनडीए प्रशिक्षण के बाद महिलाएं अब बेहतर तैयारी के साथ युद्धभूमि में भूमिका निभाने हेतु सक्षम होंगी।
- **सैन्य संस्कृति में बदलाव:** एनडीए जैसी संस्थाओं में महिला उपस्थिति से परंपरागत लैंगिक पूर्वग्रह कम होंगे और आपसी सम्मान की भावना प्रबल होगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

वंदे गंगा जल संरक्षण

## दूरगामी सोच का परिणाम है जन अभियान

जल है तो कल है की चुनौती के बीच राजस्थान की भजन लाल सरकार द्वारा समूचे प्रदेश में मानसून से पूर्व 5 जून से 20 जून तक वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान इस मायने में महत्वपूर्ण है कि राजस्थान सहित पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, दादरा-नगर हवेली और दमन दीव देश के ऐसे राज्य या केन्द्र शासित प्रदेश हैं जहां भूजल की निकासी भूजल के पुनर्भरण से कहीं अधिक हो रही है। अगर राजस्थान की बात करें और वह भी शुद्ध पेयजल की बात की जाए तो पीने योग्य पानी और उसकी उपलब्धता में 30 फीसदी का अंतर है। 30 प्रतिशत का अंतर कोई छोटा अंतर नहीं है। ऐसे में इसे भली-भांति समझा जा सकता है कि राज्य सरकार को नागरिकों के लिए पीने के शुद्ध पानी की उपलब्धता बनाये रखने की चुनौती से कैसे दो-चार होना पड़ता होगा।

वास्तव में यह गंभीर समस्या है। समूचे विश्व में पानी की उपलब्धता का संकट है। यदि हम भारत की ही बात करें तो 1950 में जहां प्रति व्यक्ति सालाना 5200 घनमीटर पानी की उपलब्धता थी, वह 2024 आते-आते 1401 घनमीटर रह गई है। यदि विशेषज्ञों की मानें तो 2050 तक यह उपलब्धता 1191 घनमीटर रह जाने की संभावना है। यही कारण है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले दिनों कहा कि पानी का उपयोग कम करें, पुनः उपयोग करें और पुनः चक्रित करने की नीति पर चलना होगा। देश में जल के पुनर्भरण में लगातार कमी आ रही है। प्रति व्यक्ति पानी की उपलब्धता के मामले में आज भारत 182वें स्थान पर आ गया है। भूजल की उपलब्धता को देखा जाए तो 1950 से 2024 के दौरान 73 प्रतिशत की कमी आ गई है। दिल्ली, चैन्नई, पुणे, हैदराबाद, मुंबई सहित देश के अनेक छोटे-बड़े शहर पेयजल की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं। विश्वव्यापी जल संकट को देखते हुए राजस्थान की भजनलाल सरकार की इस पहल को महत्वपूर्ण माना जाना चाहिए। दरअसल देश में उपलब्ध भूजल का 87 प्रतिशत उपयोग खेती किसानी में होता है तो 11.7 प्रतिशत उपयोग घरेलू कार्यों और लगभग 2 प्रतिशत उपयोग ही औद्योगिक क्षेत्र में होता है। संकट का बड़ा कारण परंपरागत जल संग्रहण स्त्रोतों का नष्ट होना, उनमें अवरोध होना, बढ़ती आबादी और शहरी क्षेत्र में आबादी का घनत्व बढ़ने के साथ अत्यधिक पानी की आवश्यकता वाली उपज को बढ़ावा देने से जल दोहन अधिक होने लगा है।

देश की बात



**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# डोनाल्ड ट्रंप का रवैया हैरान करने वाला-भारत को नए रास्ते पर जाना ही पड़ेगा!

भारत और पाकिस्तान के बीच जारी तनाव फिलहाल कम होने का नाम नहीं ले रहा है। भारत की बहादुर सेना से बुरी तरह से मात खाने के बावजूद पाकिस्तान का बड़बोलापन जारी है। भारत जैसे ताकतवर देश के लिए पाकिस्तान कोई बड़ी चुनौती नहीं है लेकिन वह आतंकवाद को अपनी विदेश नीति का अभिन्न अंग बना चुका है। ऐसे में सब कुछ जानने और समझने के बावजूद दुनिया के कई देशों का विचित्र रवैया काफी हैरान करने वाला है। चीन के डर को तो समझा जा सकता है क्योंकि उसने भारत के एक बड़े भूभाग पर अवैध कब्जा किया हुआ है। चीन को हमेशा यह डर सताता रहता है कि ताकतवर भारत उससे अपनी भूमि वापस ले लेगा जिससे उसके मंसूबे धरे के धरे रह जाएंगे।

लेकिन दुनिया के सबसे ताकतवर लोकतांत्रिक देश अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का रवैया काफी हैरान करने वाला है। भारत के प्रधानमंत्री ने पिछले राष्ट्रपति चुनाव में अमेरिका जाकर डोनाल्ड ट्रंप के चुनावी अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस बार डोनाल्ड ट्रंप की जीत में अमेरिका में रह रहे भारतीय मूल के लोगों की बड़ी भूमिका रही है। भारत दुनिया का सबसे विशाल और प्राचीन लोकतांत्रिक देश है और इस नाते अमेरिका का हर नेता भारत के महत्व को अच्छी तरह से समझता है। विश्व शांति, जलवायु परिवर्तन और वैश्विक व्यापार सहित शायद ही कोई ऐसा क्षेत्र होगा,जिसमें भारत ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका ना निभाई हो। वर्ष 1947 में आजाद होने के बाद से ही भारत की सभी सरकारों ने बातचीत,संवाद और शांति की हमेशा वकालत की। भारत के बिना आज किसी भी अंतर्राष्ट्रीय संगठन की सफलता सुनिश्चित नहीं हो सकती लेकिन इसके बावजूद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने बयानों और फैसलों से भारत के लिए लगातार असहज स्थिति पैदा कर रहे हैं। चुनाव के बल पर अमेरिका में दूसरी बार राष्ट्रपति बने डोनाल्ड ट्रंप इस बात को बखूबी समझते हैं कि उनके हर बयान का असर भारत की घरेलू राजनीति पर पड़ता है। लेकिन इसके बावजूद वह लगातार, दुनियाभर में घूम-घूम कर यह दावा कर रहे हैं कि उन्होंने व्यापार रोकने की धमकी देकर भारत और पाकिस्तान के बीच युद्धविराम करवाया था। भारत द्वारा इनकार करने के बावजूद ट्रंप चुप होने को तैयार नहीं है और हर बार उनका बयान देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सत्तारूढ़ गठबंधन के लिए असहज स्थिति पैदा करता हुआ नजर आता है। भारत में कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी राजनीतिक दल डोनाल्ड ट्रंप के बयानों का हवाला देते हुए मोदी सरकार पर सरेंडर करने का आरोप लगा रहे हैं। देश के 16 विपक्षी राजनीतिक दलों के नेताओं ने एकजुट होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर, इन तमाम मसलों पर चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की है।

भारत की घरेलू राजनीति में मचे बवाल के बावजूद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार अपने दावे को दोहरा रहे हैं और इससे यह बात साफ होती जा रही है कि वह अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में भारत की साख का अपने फायदे के लिए दुरुपयोग करना चाहते हैं। अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हावर्ड लुटनिक ने तो खुलकर कह दिया है कि भारत द्वारा रूस से सैन्य साजो-सामान खरीदने और ब्रिक्स समूह ( जिसमें भारत के अलावा ब्राजील, रूस, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल है ) में शामिल होने के कारण अमेरिका भारत से नाराज है। यहां यह बात याद रखने वाली है कि आजादी के बाद अमेरिका और सोवियत संघ रूस के नेतृत्व में बंटे दो ध्रुवीय विश्व में भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने ही गुटनिरपेक्ष आंदोलन की नींव रखकर भारत के स्टैंड को साफ कर दिया था। लेकिन इस स्टैंड के बावजूद संकट के समय पर पहले सोवियत संघ रूस ने और बाद में रूस ने कई मौकों पर भारत का साथ दिया। जबकि अमेरिका ने ऐसे हर मौके पर पाकिस्तान का साथ दिया, उसे हथियार दिए, सैन्य साजो सामान दिए। यहां तक कि अमेरिका ने अपने फायदे के लिए पाकिस्तान को आतंकवादियों का गढ़ तक बनने दिया।

हर तरह से भारत के लिए मुश्किलें पैदा करने वाला अमेरिका एक बार फिर से पाकिस्तान के साथ ही खड़ा होता हुआ नजर आ रहा है। भारत ने कई दशकों तक चले प्रयासों के कारण अपने आपको पाकिस्तान से कहीं ज्यादा आगे खड़ा कर दिया था लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति और उनकी सरकार भारत और पाकिस्तान को फिर से एक ही तराजू के दो पलड़ो पर खड़ा करने की नापाक कोशिश कर रही है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

आपकी बात



**संतोष कुमार पाठक**

फेसबुक वॉल से




एक्स से




## आज का दोहा

वह तुलसी का थामड़ा, घर-आंगन के बीच।
दीया बाती नित्य की, लोटा जल से सींच।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# मानवी हस्तक्षेप से दूषित पर्यावरण अब बना जीवसृष्टि के विनाश का कारण

संपूर्ण ब्रह्माण्ड में केवल पृथ्वी पर ही जीवन सम्भव है, क्योंकि यहाँ जीवन के लिए आवश्यक घटकों का बेहतर समन्वय स्थापित हुआ। हमारे आस-पास का पर्यावरण मानव विकास में सहयोगी है, लेकिन मनुष्य ने सभी सीमाएं लांघकर उन पर्यावरणीय घटकों को बेहद नुकसान पहुंचाया है, जिसके कारण पर्यावरण का संतुलन बिगड़ गया और यह अब मानव जीवन के लिए खतरनाक होता जा रहा है। प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन, मिलावटखोरी, जहरीले रसायनों का अत्यधिक इस्तेमाल, यांत्रिक संसाधनों पर बढ़ती निर्भरता, बढ़ता इलेक्ट्रॉनिक अपशिष्ट, प्रदुषण, शोर, अशुद्धता, जंगल कटाई, सिमेंटीकरण, बढ़ता शहरीकरण, सरकारी नियमों की अवहेलना, वन्यजीवों के प्राकृतिक आवासों का नुकसान, ओज़ोन परत की क्षति, प्रकृति से छेड़छाड़ जैसी घटनाएं पर्यावरण को बर्बाद कर रही है, जिसके कारण प्राकृतिक आपदाओं में बेहद वृद्धि हुयी है। तापमान लगातार बढ़ रहा है, जिससे ग्लोबल वार्मिंग की समस्या बहुत तेजी से बढ़ी, जिसका सीधा असर जैव विविधता पर पड़ रहा है। पर्यावरण में अत्यधिक मानवीय हस्तक्षेप से समस्त जीवसृष्टि को आघात पहुंचा है। अब धीरे-धीरे इसका गंभीर परिणाम सबको भुगतना पड़ रहा है। युद्धस्तर पर हमें तत्काल पर्यावरणपूरक कार्यक्रलापों पर ध्यान देने की आवश्यकता है, वर्ना जीवसृष्टि का विनाश तो चल ही रहा है। पर्यावरण के प्रति जागरूकता हेतु हर साल 5 जून को "विश्व पर्यावरण दिवस" दुनियाभर में मनाया जाता है। इस वर्ष 2025 की थीम है, "वैश्विक प्लास्टिक प्रदूषण समाप्त करें"। यह विषय प्लास्टिक प्रदूषण से निपटने और टिकाऊ विकल्पों को बढ़ावा देने की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डालता है।

ग्लोबल वार्मिंग के कारण मौसम के ऋतुओं का चक्र बिगड़ गया है, अभी गर्मी में बारिश, बारिश में ठंडी, ठंडी में गर्मी तो कभी बारिश होती है, जिसका बुरा असर फसलों और स्वास्थ्य पर पड़ता है। फसलें खराब होती है, कहीं बाढ़ तो कहीं सूखे की गंभीर स्थिति उत्पन्न होती है, जिसका सबसे बड़ा खामियाजा किसान, छोटे व्यापारी और गरीबों को होता है, साथ ही वन्यजीव और जलचर प्राणी जगत को भी नुकसान पहुँचता है। शुद्ध जल से निर्मित हिमखंड पिघल कर समुद्र में समा जाते है, जिससे समुद्र का जलस्तर बढ़ रहा है और तापमान में लगातार वृद्धि जारी है। मानवी स्वास्थ्य बदलते मौसम के साथ लगातार कमजोर होता जा रहा है, जानलेवा घातक बीमारियां तेजी से जकड रही है, रोगप्रतिकारक क्षमता क्षीण हो रही है। अभी गर्मी में बढ़ती आर्द्रता दम घोटने वाली साबित हो रही है, जो शरीर को अंदर से उबाल रही है, ऐसा महसूस होता है। जीवसृष्टि के लिए वरदान ओजोन परत को लगातार नुकसान होने के कारण अब हमें खतरा निर्माण हो रहा है, इस शोर-शराबे और प्रदूषित वातावरण के कारण हमारा मानसिक स्वास्थ्य भी तेजी से बिगड़ता है।

आनेवाली पीढ़ी के हिस्से का प्राकृतिक संसाधन हमने पहले ही ख़त्म करना शुरू कर दिया है, ऊपर से जहरीले वातावरण में लगातार वृद्धि कर रहे है। हम अपने स्वार्थ में इतने अंधे हो चुके है, कि हमारे घर के बाहर कोई हराभरा वृक्ष है, जो हमें शुद्ध ऑक्सीज़न, छाया, फल, फूल, नमी देता है फिर भी हम ये सोचते है कि इस वृक्ष को काटकर उस जगह पर अतिक्रमण कर लें। मनुष्य की ऐसी हरकतों के कारण ही चहचहाते पंछियों ने घनी आबादियों से दुरी बना ली। शहरों से बहने वाली नदियां अब गंदगी भरी नालों में तब्दील हो चुकी है। बहुत बार देखा जाता है कि, अधिकारियों या निविदा पर काम करनेवाले ठेकेदारों की लापरवाही का नतीजा आम जनता को भुगतना पड़ता है, जैसे :- थोडीसी बारिश में ही बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो जाती है और सरकार के दावों की पोल खोल देती है। बरसात आते ही सड़कों पर पानी जमा हो जाता है, हर तरफ खड्डे पड़ जाते है, कही रास्तों पर दिन में पथदीप शुरू और रात को बंद रहते है, तो कही ट्रैफिक सिग्नल बंद रहते है, तो कही सड़कों पर नल का पानी बहता रहता है, तो कहीं ठेकेदार रास्तों पर गड्ढे खोदकर छोड़ देते है। प्रतिबंधित प्लास्टिक बैग और घातक रसायनों का धड़ल्ले से प्रयोग नजर आता है। कहीं खुले में कचरा जलाया जाता है, तो कहीं सड़क किनारे ही कचरे का ढेर लग जाता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

अलग बात



**डॉ. प्रितम भि. गेडाम**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## न्यूज बॉक्स

### सदर अस्पताल में पौधरोपण व स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित



**लोहरदगा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सदर अस्पताल, लोहरदगा के प्रांगण में विशेष स्वच्छता और वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व सिविल सर्जन डॉ. शंभू नाथ चौधरी ने किया। उनके साथ अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, जिला प्रोग्राम प्रबंधक, प्रभारी जिला लेखा प्रबंधक, सभी कार्यक्रम सलाहकार, एपिडेमियोलॉजिस्ट विमलेश कुमार सहित अन्य स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर अस्पताल परिसर की साफ-सफाई की गई और वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में प्लास्टिक के उपयोग को कम से कम करने की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया गया तथा कर्मचारियों और उपस्थित लोगों से आग्रह किया गया कि वे पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए छोटे-छोटे प्रयासों से शुरुआत करें। डॉ. शंभू नाथ चौधरी ने कहा, "पर्यावरण संरक्षण हम सबकी जिम्मेदारी है। यदि हम स्वच्छता और हरियाली को प्राथमिकता दें, तो हम अपने आने वाले पीढ़ियों के लिए एक बेहतर भविष्य बना सकते हैं।" अस्पताल परिसर में वृक्षारोपण, सफाई अभियान, प्लास्टिक उपयोग में कमी और पर्यावरण के प्रति जागरूकता पर चर्चा हुई।

### पर्यावरण दिवस पर अवेयरनेस एकेडमी स्कूल में पौधरोपण किया गया



**सेन्हा-लोहरदगा।** विश्व पर्यावरण दिवस पर अवेयरनेस शिक्षा एकेडमी इंग्लिश मीडियम पब्लिक स्कूल सीठियो पौधरोपण किया गया। मनुष्य व पशु पक्षियों के जीवन पर्यावरण का महत्व पर प्रकाश डाला गया। विद्यालय का निर्देशक आकाश साहु ने कहा कि आज पेड़ पौधा कम होने का मुख्य कारण है। पेड़ पौधों का अंधा धुंध कटाई और पेड़ पौधा कम होने के कारण काफी तेजी से प्रदूषण बढ़ रहा है। जिसका सीधा असर मनुष्य के अलावे पशु पक्षियों पर पड़ रहा है। शादी विवाह,पर्व त्यौहार,जन्म दिन तथा और भी उत्सव के मौके में पेड़ पौधा लगाने के लिये छात्र छात्राओं से अपील किया गया। मौके पर आकाश कुमार साहु,नवनीत प्रजापति, महक प्रवीण, ममता देवी,अराधना कुमारी,विकास कुमार के अलावे अवेयरनेस एकेडमी स्कूल के सभी छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### 12वीं कला संकाय में टॉप टेन में बेटियां ही बेटियां



**कुडू - लोहरदग़ा।** जीएम प्लस टू उच्च विधलाय मराडीह की छात्राओं ने 12वीं के कला संकाय परिणाम में टॉप टेन में अपनी सफलता का परचम लहराया है। वन टू टेन में लड़कियों ने बेहतर प्रदर्शन के दम पर जगह बनाते हुए विद्यालय और अपनी श्रेष्ठता साबित किया है। विधालय के कला संकाय में कुल 224 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए थे जिसमे 97.29 प्रतिशत सफल हुए हैं। रीता कुमारी, अंशु तिर्की, वसीमा प्रवीण क्रमशः पहले दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं वहीं शानिया प्रवीण, आरती कुमारी, दुलारी कुमारी, रौशन प्रवीण, अफसरी खातुन, खुशनुमा सनोवर और सुजीता कुमारी ने एक से दस में जगह बनाई है। सफल परीक्षार्थियों को प्रधानाध्यापिका पुष्प निहारी बाखला, वरीय शिक्षक विजय कुमार साहू, कला संकाय की शिक्षिका किशोरी रानी कुजूर, रश्मि केरकेट्टा, रजनी खेस, वर्षा नाग, अनुपम मिंज, तथागत साकेत सहित सभी शिक्षकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

### हवन व भंडारे के साथ पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा ज्ञान महायज्ञ संपन्न

**कुडू-लोहरदग़ा।** कुडू के इंदिरा गांधी चौक स्थित बिड़ला शिव मंदिर परिसर में आयोजित पांच दिवसीय शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा सह ज्ञान महायज्ञ का गुरुवार को हवन व भंडारा के साथ भव्य समापन हुआ। यज्ञाचार्य पौराणिक जी द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ विधि विधान से पूजा अर्चना कर हवन का कार्य संपन्न कराया। इस दौरान संपूर्ण वातावरण भक्तिमय बना रहा। यज्ञ मंडप परिक्रमा करने को लेकर भी महिला-पुरुष व बच्चे काफी उत्सुक दिखे। भंडारा में श्रद्धालुओं को महाप्रसाद के रूप में मंदिर के ट्रस्टी रामजी प्रसाद के सौजन्य से खीर पूरी का महाभोग परोसा गया। महाप्रसाद ग्रहण करने को लेकर शहर के साथ-साथ आस पास के कई गांव से भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

जलजीवन मिशन व स्वच्छ भारत अभियान योजना की हुई समीक्षा

# जहां वाटर कनेक्शन नहीं है, वहां सुविधा उपलब्ध कराएं : डीसी



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद ने जलजीवन मिशन और स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत संचालित योजनाओं के कार्यों की समीक्षा की। इसमें एमआइएस कॉडिनेटर द्वारा जनजीवन मिशन अंतर्गत मल्टी विलेज स्कीम , सिंगल विलेज स्कीम, सिंगल विलेज क्लस्टर स्कीम, पीएम जनमन अंतर्गत लाभुकों के घरों में टैप कनेक्शन, पीवीटीजी स्कीम, एसटी-एससी के लिए संचालित योजनाओ में टैप वाटर की सुविधा, डीएमएफटी, एससीए व आईटीडीए अंतर्गत संचालित योजनाओं में वाटर कनेक्शन आदि की समीक्षा की गई। ग्राम जल स्वच्छता समिति द्वारा गांवों में जल कर जमा करने के लिए लाभुकों को प्रेरित किये जाने का निर्देश दिया गया।

इसमें मुखिया, वार्ड सदस्य, शिक्षक, गांव में कार्यरत सरकारी कर्मी, प्रमुख, उप प्रमुख आदि को भी इसमें शामिल करें। जलजीवन मिशन अंतर्गत योजनाओं का कार्य सौ प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि अन्य जिलों की तर्ज पर यहां भी कार्य सुचारू रूप से पूर्ण करायें। हर घर जल सर्टिफिकेशन में सर्टिफिकेशन का कार्य पूर्ण करें। पीएमजनमन अंतर्गत जहां वाटर कनेक्शन नहीं है, वहां सुविधा उपलब्ध कराएं। जल्द पूरी हो सकने वाली योजना को पूर्ण कराएं। स्कूलों में जहां टैप कनेक्शन नहीं हैं वहां टैप कनेक्शन दें। पीएचईडी कार्यपालक अभियंता प्रतिदिन अपनी अपूर्ण योजनाओं की समीक्षा करें ताकि कार्य में तेजी जा सके। खराब जल मीनार को ठीक करायें।

हैण्डपंप रिपेयरिंग में जल्द कार्यादेश दें। सिंगल विलेज स्कीम में पाईप की लंबाई का ब्यौरा पोर्टल पर जल्द पूरा अपलोड करें। जो भी लंबित कार्य हैं उसे पूर्ण करें। आवासों में टॉयलेट की सुविधा के लिए मनरेगा अंतर्गत उनका जॉब कार्ड बनवा कर उन्हें मानव दिवस सृजन का लाभ दें ताकि योजनाएं पूर्ण हो सकें। डेढ़ माह में सभी वन स्टार गांव को फाइव स्टार में की श्रेणी में लायें। बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, जिला पंचायत राज पदाधिकारी अंजना दास, पीएचईडी कार्यपालक अभियंता अनुप हांसदा, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी व अन्य उपस्थित थे।

## गंगा दशहरा पर नदी पूजन व गंगा आरती का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** पर्यावरण जागरण अभियान के अंतर्गत, डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती (14 अप्रैल) से लेकर विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) तक चलाए जा रहे विशेष कार्यक्रमों की श्रृंखला में विकास भारती बिशुनपुर संस्था द्वारा संचालित कल्याण अस्पताल, हेसल बसारडीह, लोहरदगा में गंगा दशहरा के अवसर पर नदी पूजन एवं गंगा आरती का आयोजन पारंपरिक श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम बसारडीह एवं ग्राम कमले के बीच स्थित नदी तट पर आयोजित किया गया, जिसमें हेसल, कमले, चांपी, कुज्जी, ओपा आदि गांवों के सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया। नदी पूजन का विधिवत संचालन ग्राम बसारडीह के पहान श्री देवनंदन भगत और वार्ड सदस्य श्रीमती करुणा भगत द्वारा पारंपरिक रीति-रिवाज से किया गया। विभाग सह-संघ चालक मनोज दास ने उपस्थित ग्रामीणों से अपील की कि जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा, "नदियों में प्लास्टिक और अपशिष्ट प्रवाहित करना बंद करें, तभी हमारी नदियाँ जीवित रहेंगी।" विकास भारती के समवयक देवेंद्र मंडल ने आगाह किया कि जंगलों में आग लगने से बचाने के लिए सतर्क रहें, तथा पुराने कुएं, तालाब एवं जल स्त्रोतों की रक्षा करें। वही अस्पताल परिसर

### सब जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का हुआ भव्य समापन

**लोहरदगा।** लोहरदगा जिला एथलेटिक एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय सब जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 का समापन हो गया। जिले के विभिन्न स्कूलों और एथलेटिक सेंटर्स से आए 100 से अधिक बाल खिलाड़ियों ने इस आयोजन में भाग लिया। इस अवसर पर लोहरदगा जिला प्रशासन एथलेटिक्स सेंटर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। समापन समारोह में जिला खेल पदाधिकारी उपवन बाड़ा ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा, खेल में धैर्य, संयम और निरंतर परिश्रम से ही सफलता मिलती है। वहीं सामाजिक कार्यकर्ता और प्रतियोगिता के प्रायोजक हाजी जब्बारुल ने कहा, लोहरदगा की प्रतिभाओं को निखारने का कार्य एफ डी इंटरप्राइज संस्था करेगी।

मनोकामना दुर्गा मंदिर के वार्षिकोत्सव पर भव्य भंडारे का आयोजन

# ऐसे आयोजनों से समाज में एकता और भाईचारे का संदेश फैलता है : एसपी



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** शहर के बरवाटोली स्थित मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर के तीसरे वार्षिकोत्सव के मौके पर मंदिर परिसर में भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारे का प्रसाद खाने के लिए हजारों लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। महिलाएं और पुरुषों के लिए अलग अलग काउंटर लगाकर पकवानों का प्रसाद दिया गया। श्रद्धालुओं को पूड़ी सब्जी, सेव, आचार, बुंदिया आदि का प्रसाद दिया गया। मौके पर एसपी सादिक अनवर रिजवी ने भंडारे का प्रसाद श्रद्धालुओं को बांटा। कहा कि धार्मिक आयोजनों में शामिल होकर आत्मिक शांति मिलती है। एसपी सादिक अनवर रिजवी ने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में एकता और भाईचारे का संदेश फैलता है। उन्होंने मंदिर समिति के प्रयासों की सराहना की और कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से सामाजिक समरसता को बल मिलता है। उन्होंने श्रद्धालुओं के बीच पहुंचकर भंडारे का प्रसाद भी वितरित किया और स्थानीय लोगों से संवाद कर उनकी शुभकामनाएं स्वीकार कीं। कार्यक्रम में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही और पुलिस प्रशासन की ओर से उचित प्रबंधन किया गया था, जिससे पूरा आयोजन शांतिपूर्वक संपन्न हुआ।ण्इधर भंडारे में आये हुए श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं हो इसके लिए हर संभव व्यवस्था किया गया था। भंडारे का प्रसाद खाने के लिए लोगो की लंबी लंबी लाइने लगी हुई थी। वही जगह जगह पर डस्टबिन रखे गए थे ताकि कोई भी अन्यत्र जूठन नही फेके। इस भव्य भंडारे का प्रसाद गुरुवार की देर रात तक लोगो ने खाया।

कल आठ बजे ईदगाह में अदा की जाएगी ईद उलअजहा की नमाज

## शान्तिपूर्ण तरीके से मनाएं त्योहार: अब्दुल

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** ईद उल अजहा (बकरीद) की नमाज आगामी 07 जून को नगर क्षेत्र में चार जमातों में अदा की जाएगी। इस संबंध में अंजुमन इस्लामिया के सदर अब्दुल रउफ अंसारी व सचिव शाहिद अहमद बेलू ने संयुक्त रूप से प्रेस बयान जारी कर दी है। उन्होंने बताया कि ईद उल अजहा की पहली जमात सुबह 6:30 बजे मस्जिदे कुरैश, मस्जिदे अहसनी और मस्जिदे रशीद में अदा की जाएगी। जिसकी इमामत मस्जिदों के आइमा एकराम द्वारा पढ़ाई जाएगी।

जामा मस्जिद और बेलाल मस्जिद को छोड़ कर बाकी बचे हुए मस्जिदों में 7.00 बजे ईद उल अजहा की नमाज अदा की जाएगी, जिसकी इमामत मस्जिदों के इमाम करेंगे। तीसरी जमात ईदगाह में सुबह 8:00 बजे अदा की जाएगी, जिसकी इमामत जामा मस्जिद के इमाम मौलाना कारी समीम रिजवी साहब करेंगे। चौथी और आखिरी जमात जामा मस्जिद और बेलाल मस्जिद में 8.15 पर अदा की जाएगी।

## सड़क सुरक्षा के मानकों का पालन जरूरी : सुधीर रूपोलू

**लोहरदगा।** मिनरल्स एंड मिनिरल्स लिमिटेड द्वारा संचालित बिमरला बॉक्साइट माइंस में उप निदेशक, भारतीय खान एवं सुरक्षा निदेशालय, चाईबासा प्रक्षेत्र सुधीर रूपोलू ने निरीक्षण किया। उप निदेशक द्वारा उपस्थित खान कर्मियों एवं ट्रक चालकों को सड़क सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम के दौरान सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा पर हम सबों को बेहद और सजग होने की जरूरत है। उन्होंने माइंस में सुरक्षित कार्य निदेशालय के नियमों के पालन के उपरांत ही करने की बातें बताई। उन्होंने सभी से खनन कार्य में सुरक्षित उपकरणों का प्रयोग करने को कहा। ताकि सभी सुरक्षित रह सके। कार्यक्रम का शुभारंभ मौके पर उपस्थित सहायक महाप्रबंधक खान, किरण शंकर सिंह ने पुष्प गुच्छ प्रदान कर डीडीएमएस, चाईबासा प्रक्षेत्र सुधीर रूपोलू का अभिनंदन किया। श्री सिंह ने उपस्थित कर्मियों एवं ट्रक चालकों को सुरक्षा के बारीकियों से अवगत भी कराया।

# आंधी पानी से गरीब का मकान उजड़ा बाल बाल बचे परिजन

नवीन मेल संवाददाता



**सेन्हा-लोहरदगा।** थाना क्षेत्र के अरु पंचायत अन्तर्गत कालेहपाट ग्राम स्थित सरना टोली निवासी स्व.अख्तर अंसारी की पत्नी मसोमात हसीना खातून का मकान बुधवार रात्रि में आंधी पानी से अलबेस्टर गिर कर टूट गया।

जिसे रात्रि में घर पर सो रहे बच्चे बाल बाल बच गये। परिजनों ने बताया कि बुधवार रात्रि में तेज हवा पानी के कारण घर का अलडेस्टर उजड़ कर गिर गया। जिसे किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ लेकिन हसीना खातून का बाल बच्चा परिवार को रहने में दिक्कत हो रही है। घटना बुधवार रात्रि करीब 3 बजे की है। सूचना मिलने पर अरु पंचायत मुखिया राजश्री उरांव घटना स्थल मसोमात हसीना खातून का घर पहुंच जायजा लेते हुए मुआवजा दिलाने कि बात कही है।

हसीना खातून से कहा कि अंचलाधिकारी के नाम आवेदन बना कर ध्वस्त मकान का फोटो, आधार कार्ड, बैंक खाता पासबुक का छायाप्रति के साथ अंचलाधिकारी कार्यलय में दें। जिसे सीओ से मिलकर आपदा के तहत सरकारी लाभ दिलाने का प्रयास किया जायेगा।


**समाहरणालय, लातेहार।**

**(भू–अर्जन शाखा)**

**परियोजना–नार्थ धादु (पश्चिमी भाग) कोयला खनन** के लिए इस कार्यालय के पत्रांक–165 दिनांक–23.04.2025 के द्वारा M/s Social Action for Rural Development (SARDA) Chhotaki Murram Ramgarh Cantt. Ramgarh-829122 को S.I.A.(Social Impact Assessment) हेतु कार्यादेश निर्गत किया गया। **ग्राम–धादू** में अधिग्रहित भूमि का रकबा–**87.60** एकड़ है, जिसकी विवरणी निम्नवत है–

| क्रमांक सं0 | ग्राम का नाम | थाना नं0 | खाता सं0 | प्लॉट सं0 | भूमि का प्रकार | कुल खतियानी रकबा | | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | | खतियानी रैयत का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | एकड़ में | हेक्टेयर में | एकड़ में | हेक्टेयर में | |
| 1 | धादू | 212 | 17 | 152 | टांड़ दो | 1.10 | 0.445 | 1.10 | 0.445 | कंगलु उराँव, झारी उराँव पिता मेधा उराँव औरचमरा उराँव पिता मंगला उराँव और जगला उराँव,बिफा उराँव, बुधन उराँव, जतरू उराँव, पिता पुना उराँवऔरलेतु उराँव पिता चौतु उराँव |
| 2 | धादू | 212 | 17 | 153 | टांड़ दो | 0.28 | 0.113 | 0.28 | 0.113 | |
| 3 | धादू | 212 | 17 | 154 | टांड़ दो | 0.45 | 0.182 | 0.45 | 0.182 | |
| 4 | धादू | 212 | 17 | 155 | मकान मय शहन 3 | 0.03 | 0.012 | 0.03 | 0.012 | |
| 5 | धादू | 212 | 17 | 245 | टांड़ दो | 0.94 | 0.380 | 0.94 | 0.380 | |
| 6 | धादू | 212 | 17 | 247 | टांड़ दो | 0.86 | 0.348 | 0.86 | 0.348 | |
| 7 | धादू | 212 | 17 | 249 | टांड़ दो | 0.90 | 0.364 | 0.90 | 0.364 | |
| 8 | धादू | 212 | 17 | 238 | टांड़ दो | 0.05 | 0.020 | 0.05 | 0.020 | |
| 9 | धादू | 212 | 17 | 224 | मकान मय शहन 2 | 0.03 | 0.012 | 0.03 | 0.012 | |
| 10 | धादू | 212 | 23 | 147 | टांड़ दो | 1.58 | 0.639 | 1.58 | 0.639 | गंदरू उराँव पिता भूखा उराँव |
| 11 | धादू | 212 | 23 | 246 | टांड़ दो | 0.39 | 0.158 | 0.39 | 0.158 | |
| 12 | धादू | 212 | 23 | 225 | मकान मय शहन | 0.05 | 0.020 | 0.05 | 0.020 | |
| 13 | धादू | 212 | 37 | 25 | टांड़ दो | 1.78 | 0.720 | 1.78 | 0.720 | भुखली देवी, ठुठी देवी, पिता गोपाल गंझू और मुस्मात जीतनी कुँवर पति धनपति गंझू और रतन गंझू पिता देबी गंझू और सेता गंझू पिता तुइला गंझू |
| 14 | धादू | 212 | 37 | 39P | टांड़ दो | 0.86 | 0.348 | 0.38 | 0.154 | |
| 15 | धादू | 212 | 37 | 167 | टांड़ दो | 0.12 | 0.049 | 0.12 | 0.049 | |
| 16 | धादू | 212 | 37 | 219P | मकान मय शहन | 0.05 | 0.020 | 0.04 | 0.016 | |
| 17 | धादू | 212 | 39 | 115 | टांड़ दो | 0.37 | 0.150 | 0.37 | 0.150 | जेथु प्रोजापोटी पिता सोमोर प्रोजापोटी |
| 18 | धादू | 212 | 42 | 144 | धान दो | 1.50 | 0.607 | 1.50 | 0.607 | जंगला उराँव, बिफा उराँव, जतरू उराँव पिता पुना उराँव |
| 19 | धादू | 212 | 42 | 243 | धान दो | 0.35 | 0.142 | 0.35 | 0.142 | |
| 20 | धादू | 212 | 42 | 241 | धान दो | 0.16 | 0.065 | 0.16 | 0.065 | |
| 21 | धादू | 212 | 42 | 179P | टांड़ दो | 0.92 | 0.372 | 0.18 | 0.073 | |
| 22 | धादू | 212 | 47 | 145 | टांड़ दो | 1.05 | 0.425 | 1.05 | 0.425 | थूपा उराव पिता विशु उराव |
| 23 | धादू | 212 | 47 | 148 | टांड़ दो | 2.48 | 1.004 | 2.48 | 1.004 | |
| 24 | धादू | 212 | 47 | 149 | टांड़ दो | 1.83 | 0.741 | 1.83 | 0.741 | |
| 25 | धादू | 212 | 50 | 6 | टांड़ दो | 6.75 | 2.732 | 6.75 | 2.732 | अंखोन गंझू पिता छेदी गंझू और टुनु गंझू, बुलकु गंझू पिता डोंडा गंझू और दुखन गंझू पिता बिगन गंझू और बुधन गंझू पिता सुरजन गंझू और मुस्मात खेड़ी कुँवर पिता डोंडा गंझू |
| 26 | धादू | 212 | 50 | 27 | टांड़ दो | 0.63 | 0.255 | 0.63 | 0.255 | |
| 27 | धादू | 212 | 50 | 130 | टांड़ दो | 0.11 | 0.045 | 0.11 | 0.045 | |
| 28 | धादू | 212 | 50 | 129 | टांड़ दो | 1.85 | 0.749 | 1.85 | 0.749 | |
| 29 | धादू | 212 | 50 | 139 | टांड़ दो | 0.31 | 0.125 | 0.31 | 0.125 | |
| 30 | धादू | 212 | 50 | 139/ 1926 | टांङ दो नई परती एक साल | 0.38 | 0.154 | 0.38 | 0.154 | |
| 31 | धादू | 212 | 50 | 125 | टांड़ दो | 1.84 | 0.745 | 1.84 | 0.745 | |
| 32 | धादू | 212 | 50 | 122 | टांड़ दो | 2.15 | 0.870 | 2.15 | 0.870 | |
| 33 | धादू | 212 | 50 | 150 | टांड़ दो | 0.88 | 0.356 | 0.88 | 0.356 | |
| 34 | धादू | 212 | 59 | 32P | टांड़ दो | 1.02 | 0.413 | 0.54 | 0.219 | तुपा उराँव, बंधनु उराँवपिता झनिया उराँव एवं निन्द्रा उराँव,निर्मल उराँव,पिता बुधु उराँव एवंरामकिसन उराँवपिता सोमर उराँव एवंरामलाल, श्यामलाल उराँवपिता शिवा उराँव |
| 35 | धादू | 212 | 61 | 156 | टांड़ दो | 0.60 | 0.243 | 0.60 | 0.243 | पूरन कुम्हार, ईश्वर कुम्हार, झोरी कुम्हार, पिता जेठू कुम्हार और बिलु कुम्हार, मुटर कुम्हार, बागुर कुम्हार, भुखन कुम्हार पिता सोमर कुम्हार और मुस्मात बिगनी कुँवर पति जेठू कुम्हार और मोसमात शनिचरी कुँवर पति सोमर कुम्हार |
| 36 | धादू | 212 | 61 | 158 | मकान मय शहन 4 | 0.07 | 0.028 | 0.07 | 0.028 | |
| 37 | धादू | 212 | 61 | 159 | मकान मय शहन 3 | 0.08 | 0.032 | 0.08 | 0.032 | |
| 38 | धादू | 212 | 61 | 160 | मकान मय शहन 4 | 0.05 | 0.020 | 0.05 | 0.020 | |
| 39 | धादू | 212 | 61 | 161 | मकान मय शहन 5 | 0.03 | 0.012 | 0.03 | 0.012 | |
| 40 | धादू | 212 | 61 | 162 | मकान मय शहन 4 | 0.06 | 0.024 | 0.06 | 0.024 | |
| 41 | धादू | 212 | 61 | 163 | टांड़ एक | 0.05 | 0.020 | 0.05 | 0.020 | |
| 42 | धादू | 212 | 61 | 164 | टांड़ एक | 0.25 | 0.101 | 0.25 | 0.101 | |
| 43 | धादू | 212 | 65 | 118 | टांड़ दो | 0.30 | 0.121 | 0.30 | 0.121 | बचन गंझू पिता लहसन गंझू |
| 44 | धादू | 212 | 62 | 116 | धान दो | 0.68 | 0.275 | 0.68 | 0.275 | जीतन कुम्हार पिता चितामन कुम्हार और पूरन कुम्हार, ईश्वर कुमार,झरी कुम्हार, पिता जेठू कुम्हार और बेलु कुम्हार, मुटुर कुम्हार, बांगुर कुम्हार, भुखन कुम्हार, पिता सोमर कुम्हार और मुस्मात बिगनी कुँवर पति जेठू कुम्हार और मोसमात शनिचरी कुँवर पति सोमर कुम्हार |
| 45 | धादू | 212 | 62 | 114 | धान दो | 1.00 | 0.405 | 1.00 | 0.405 | |
| 46 | धादू | 212 | 62 | 113 | धान दो | 0.38 | 0.154 | 0.38 | 0.154 | |
| 47 | धादू | 212 | 62 | 112 | धान दो | 0.34 | 0.138 | 0.34 | 0.138 | |
| 48 | धादू | 212 | 62 | 111 | धान दो | 0.71 | 0.287 | 0.71 | 0.287 | |
| 49 | धादू | 212 | 62 | 110 | टांड़ दो | 0.05 | 0.020 | 0.05 | 0.020 | |
| 50 | धादू | 212 | 62 | 109 | धान दो | 0.18 | 0.073 | 0.18 | 0.073 | |
| 51 | धादू | 212 | 62 | 108 | धान दो | 0.27 | 0.109 | 0.20 | 0.080 | |
| 52 | धादू | 212 | 62 | 106P | धान दो | 0.10 | 0.040 | 0.09 | 0.036 | |
| 53 | धादू | 212 | 62 | 105P | धान दो | 0.34 | 0.138 | 0.29 | 0.117 | |
| 54 | धादू | 212 | 64 | 126 | टांड़ दो | 0.34 | 0.138 | 0.34 | 0.138 | बचन गंझू पिता लहसन गंझू और हुल्की देवीपिता लहसन गंझू |
| 55 | धादू | 212 | 64 | 28 | टांड़ दो | 0.11 | 0.045 | 0.11 | 0.045 | |
| 56 | धादू | 212 | 64 | 29 | टांड़ दो | 8.12 | 3.286 | 8.12 | 3.286 | |
| 57 | धादू | 212 | 64 | 40 | टांड़ दो | 0.86 | 0.348 | 0.86 | 0.348 | |
| 58 | धादू | 212 | 64 | 226P | टांड़ दो | 0.33 | 0.134 | 0.32 | 0.130 | |
| 59 | धादू | 212 | 64 | 228P | टांड़ दो | 0.54 | 0.219 | 0.53 | 0.214 | |
| 60 | धादू | 212 | 64 | 229 | टांड़ दो | 0.25 | 0.101 | 0.25 | 0.101 | |
| 61 | धादू | 212 | 64 | 230P | धान दो | 0.61 | 0.247 | 0.27 | 0.109 | |
| 62 | धादू | 212 | 64 | 170 | धान दो | 0.10 | 0.040 | 0.10 | 0.040 | |
| 63 | धादू | 212 | 64 | 222 | मकान मय शहन | 0.06 | 0.024 | 0.06 | 0.024 | |
| 64 | धादू | 212 | 66 | 227 | टांड़ दो | 0.02 | 0.008 | 0.02 | 0.008 | बचन गंझू पिता लहसन गंझू और हुल्की देवी पिता लहसन गंझू |
| 65 | धादू | 212 | 72 | 34P | टांड़ दो | 2.16 | 0.874 | 0.85 | 0.344 | बंधन उराँवपिता भीम उराँव और मंगला उराँव, फिरंगी उराँवपिता भीखू उराँव और रूपन उराँव, लालजी उराँव,पिता बलकु उराँव |
| 66 | धादू | 212 | 72 | 248P | टांड़ दो | 1.01 | 0.409 | 0.89 | 0.360 | |
| 67 | धादू | 212 | 72 | 231 | टांड़ दो | 1.28 | 0.518 | 1.28 | 0.518 | |
| 68 | धादू | 212 | 72 | 232 | गढा | 0.01 | 0.004 | 0.01 | 0.004 | |
| 69 | धादू | 212 | 72 | 233 | टांड़ दो | 1.66 | 0.672 | 1.66 | 0.672 | |
| 70 | धादू | 212 | 72 | 234 | मकान मय शहन | 0.12 | 0.049 | 0.12 | 0.049 | |
| 71 | धादू | 212 | 72 | 235 | मकान मय शहन | 0.01 | 0.004 | 0.01 | 0.004 | |
| 72 | धादू | 212 | 72 | 237 | टांड़ दो | 0.16 | 0.065 | 0.16 | 0.065 | |
| 73 | धादू | 212 | 97 | 2 | टांड़ दो | 0.54 | 0.219 | 0.54 | 0.219 | कल्पा गंझू पिता वजू गंझू और मुस्मात बुधनी कुँवर पति मानपूरन गंझू रंजू गंझू पिता– सुखन गंझू और लालजीत गंझू पिता जनैयाधारी गंझू |
| 74 | धादू | 212 | 97 | 3 | टांङ दो नई परती एक साल | 4.30 | 1.740 | 4.30 | 1.740 | |
| 75 | धादू | 212 | 97 | 5 | टांड़ दो | 0.19 | 0.077 | 0.19 | 0.077 | |
| 76 | धादू | 212 | 97 | 10 | टांड़ दो | 2.55 | 1.032 | 2.55 | 1.032 | |
| 77 | धादू | 212 | 97 | 26 | टांड़ दो | 1.13 | 0.457 | 1.13 | 0.457 | |
| 78 | धादू | 212 | 97 | 140 | टांड़ दो | 0.71 | 0.287 | 0.71 | 0.287 | |
| 79 | धादू | 212 | 97 | 138 | टांड़ दो | 0.26 | 0.105 | 0.26 | 0.105 | |
| 80 | धादू | 212 | 97 | 137 | टांड़ दो | 0.28 | 0.113 | 0.28 | 0.113 | |
| 81 | धादू | 212 | 97 | 50P | टांड़ दो | 3.51 | 1.420 | 1.31 | 0.530 | |
| 82 | धादू | 212 | 97 | 127 | टांड़ दो | 1.55 | 0.627 | 1.55 | 0.627 | |
| 83 | धादू | 212 | 97 | 169 | टांड़ दो | 0.19 | 0.077 | 0.19 | 0.077 | |
| 84 | धादू | 212 | 97 | 223 | मकान मय शहन | 0.10 | 0.040 | 0.10 | 0.040 | |
| 85 | धादू | 212 | 97 | 214P | टांड़ दो | 2.14 | 0.866 | 1.01 | 0.409 | |
| 86 | धादू | 212 | 100 | 476P | टांड़ दो | 1.86 | 0.753 | 0.47 | 0.190 | अब्दुला रहमान मियां वो अब्दुल रहीम मियां, पिता – बगडु मियां वो कुदरत मियां वो इसमाइल मियां, पिता – गुलामन मियां वो कुर्वान मियां, पिता – सुभान मियां वो दालो वीवी वो मरियम वीवी, पिता – बगडु मियां वो भिखारी मियां, पिता – कारू मियां वो मुस्मात फेसीरन, पति – सुभान मियां वो वीलाफन वो नजीवन, पिता – गुलामन मियां |
| 87 | धादू | 212 | 135 | 22 | धान दो | 0.74 | 0.299 | 0.74 | 0.299 | लुथु गंझू पिता बुधन गंझू और सुधन गंझू पिता लच्छू गंझू |
| 88 | धादू | 212 | 145 | 474P | टांड़ दो | 0.89 | 0.360 | 0.25 | 0.101 | सांगरी देवी पिता गणेश महतो |
| 89 | धादू | 212 | 139 | 31P | टांड़ दो | 3.15 | 1.275 | 3.00 | 1.214 | बिश्वनाथ उराँव पिता बुधन उराँव और सोमर उराँव पिता महादेव उराँव |
| 90 | धादू | 212 | 139 | 55P | टांड़ दो | 2.10 | 0.850 | 0.71 | 0.287 | |
| 91 | धादू | 212 | 139 | 58P | टांड़ दो | 5.90 | 2.388 | 1.70 | 0.688 | |
| 92 | धादू | 212 | 139 | 180P | टांड़ दो | 0.56 | 0.227 | 0.48 | 0.194 | |
| 93 | धादू | 212 | 139 | 181P | टांड़ दो | 1.73 | 0.700 | 1.10 | 0.445 | |
| 94 | धादू | 212 | 139 | 171 | टांड़ दो | 0.12 | 0.049 | 0.12 | 0.049 | |
| 95 | धादू | 212 | 139 | 220 | मकान मय शहन | 0.07 | 0.028 | 0.07 | 0.028 | |
| 96 | धादू | 212 | 139 | 221 | मकान मय शहन | 0.02 | 0.008 | 0.02 | 0.008 | |
| 97 | धादू | 212 | 142 | 7 | टांड़ दो | 1.64 | 0.664 | 1.64 | 0.664 | अकाल गंझू पिता चना गंझू और जीतनी कुँवारी, मटुकोइया कुमारीपिता चना गंझू और मुसमात तोआ कुँवरपति बुधन गंझू और मुस्मात रजनीपति चना गंझू औरलुधु गंझू पिता बंधन गंझू औरसुधन गंझू पिता लेचू गंझू एवंसोहराय गंझू पिता पारू गंझू |
| 98 | धादू | 212 | 142 | 8 | टांड़ दो | 0.06 | 0.024 | 0.06 | 0.024 | |
| 99 | धादू | 212 | 142 | 9 | टांड़ दो | 2.30 | 0.931 | 2.30 | 0.931 | |
| 100 | धादू | 212 | 142 | 43 | टांड़ दो | 1.18 | 0.478 | 1.18 | 0.478 | |
| 101 | धादू | 212 | 142 | 124 | टांड़ दो | 2.12 | 0.858 | 2.12 | 0.858 | |
| 102 | धादू | 212 | 142 | 121 | टांड़ दो | 0.75 | 0.304 | 0.75 | 0.304 | |
| 103 | धादू | 212 | 142 | 120 | टांड़ दो | 0.90 | 0.364 | 0.90 | 0.364 | |
| 104 | धादू | 212 | 142 | 218P | मकान मय शहन 1 | 0.06 | 0.024 | 0.03 | 0.012 | |
| 105 | धादू | 212 | 144 | 472P | टांड़ दो | 1.75 | 0.708 | 0.86 | 0.348 | सांगरी देवी पिता गणश महतो |
| 106 | धादू | 212 | 144 | 473P | टांड़ दो | 1.18 | 0.478 | 0.93 | 0.376 | |
| 107 | धादू | 212 | 144 | 475P | टांड़ दो | 0.40 | 0.162 | 0.14 | 0.057 | |
| 108 | धादू | 212 | 147 | 38P | टांड़ दो | 0.92 | 0.372 | 0.12 | 0.049 | हरगोविंद प्रजापति पिता कोइली प्रजापति |
| 109 | धादू | 212 | 35 | 157 | मकान मय शहन | 0.08 | 0.032 | 0.08 | 0.032 | जीतन प्रजापति पिता चितामन प्रजापति |
| कुल योग | | | | | | 105.27 | 42.603 | 87.60 | 35.451 | |

PR 354325 (Land Reforms) 25-26 (D)

ह0/–
जिला भू–अर्जन पदाधिकारी,
लातेहार

ऑपरेशन सिंदूर डेलिगेशन में शामिल सलमान खुर्शीद ने कहा

## विदेशी सरकारों का संदेश पीएम को पहले ही मिल चुका है



**नई दिल्ली** । राजनयिक संपर्क यात्रा पर आए सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने कहा कि विदेश मंत्री एस जयशंकर को उनके अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों के बारे में पूरी जानकारी दी गई है। खुर्शीद ने कहा कि विदेश में भारतीय राजदूतों ने प्रतिनिधिमंडल की बैठकों के बारे में जयशंकर को पहले ही जानकारी दे दी है, जिसमें उनसे मिलने वाले लोगों, चर्चा के स्तर और उठाए गए प्रमुख मुद्दों जैसे विवरण शामिल हैं। खुर्शीद ने कहा कि मंत्री को कुछ सामान्य चिंताएं भी बताई गईं, जिनमें कई देशों में पारस्परिक संसदीय मैत्री संघों की कमी शामिल है। विदेश मंत्री ने चिंता को स्वीकार किया और आश्वासन दिया कि मामले का अध्ययन किया जाएगा।

## पीएम ने दिखाई हरी झंडी राजधानी को मिली सौगात



**नई दिल्ली (हि.स.)**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस पर आज दिल्ली सरकार की पहल के तहत दो सौ देवी योजना की इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस पहल का उद्देश्य सतत विकास और स्वच्छ शहरी गतिशीलता को बढ़ावा देना है। इसके अतिरिक्त इससे दिल्ली के लोगों के लिए 'जीवन की सुगमता' में भी सुधार होगा। इसके मौके पर केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव, दिल्ली के उप राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा मौजूद रहे।

पाक-अफगानिस्तान बॉर्डर से आई डराने वाली तस्वीरें

# कैसे जुल्म ढा रहा पाकिस्तान, दो महीने में 2 लाख लोगों ने छोड़ा मुल्क

**करांची । एजेंसी**

पाकिस्तान और अफगानिस्तान बॉर्डर पर तनाव बढ़ता जा रहा है। खैबर में पाकिस्तानी सेना और तालिबान सैनिकों की भिड़ंत हुई। तालिबानी सेना के जवानों से तनाव के बीच भारी हथियारों के इस्तेमाल की खबर है। दरअसल, पाकिस्तानी सुरक्षाबलों और तालिबान के बीच 3 फरवरी से झड़पें शुरू हुई थी। हालिया विवाद तब शुरू हुआ जब तालिबान ने अपनी सीमा को सुरक्षित करने के लिए नई चौकी बनाने की कोशिश की, जिसे पाकिस्तानी सेना ने समझौते का उल्लंघन बताते हुए गोलीबारी शुरू कर दी। जवाब में तालिबान ने पाकिस्तान के चेक पोस्ट पर हमला बोला।

मोटार्र दागने से चेक पोस्ट ध्वस्त हो गया। अब पाकिस्तान ने अफ़गान नागरिकों को देश से बाहर निकालने के लिए प्रयास तेज़ कर दिए हैं, क्योंकि देश के आंतरिक मंत्रालय के डेटा से पता चलता है कि अप्रैल से अब तक 200,000 से ज्यादा लोगों को निर्वासित किया जा चुका है। इसके अलावा, ईरान ने भी अफ़गानों को देश से बाहर निकालना शुरू कर दिया है, जिससे पहले से ही चरमराई अर्थव्यवस्था के बीच लोगों की आमद को संभालने की तालिबान की क्षमता पर चिंताएँ बढ़ गई हैं। अप्रैल में 135,000 से ज़्यादा अफ़गानों ने देश छोड़ा, मई में 67,000 और जून के पहले दो दिनों में ही 3,000 से ज्यादा अफ़गानों ने देश छोड़ा।

नवंबर 2023 में स्वदेश वापसी अभियान शुरू होने के बाद से अब तक दस लाख से ज़्यादा अफ़गान पाकिस्तान से वापस आ चुके हैं। 2021 में तालिबान के सत्ता में लौटने के बाद से हजारों और अफगानी भागकर पाकिस्तान पहुंचे। मंत्रालय ने कहा कि नवंबर 2023 में निर्वासन कार्यक्रम शुरू होने के बाद से 10 लाख से अधिक अफगान अपने वतन लौट चुके हैं। ऐसा अनुमान है कि लगभग 30 लाख अफगान नागरिक अब भी पाकिस्तान में रह रहे हैं।



### ईरान ने अफ़गानों को देश छोड़ने का आदेश दिया

इस बीच, तेहरान ने अफ़गानों को देश से बाहर निकालने का अपना अभियान शुरू कर दिया है। देश के आंतरिक मंत्रालय ने कहा कि अफ़गानिस्तान के लोगों के पास ईरान छोड़ने के लिए 6 जुलाई तक का समय है। ईरानी आंतरिक मंत्रालय के नादेर यारहमादी ने सरकारी टेलीविज़न पर कहा कि इससे लगभग 40 लाख अफ़गान प्रभावित होंगे, जिनमें से छह मिलियन से ज़्यादा अफ़गान ईरान में हैं। फिर से सभी देशों से अफ़गानों की जबरन वापसी को तुरंत निलंबित करने का आह्वान किया, चाहे उनकी आप्रवास स्थिति कुछ भी हो, जब तक कि सुरक्षित, स्वैच्छिक और सम्मानजनक वापसी की शर्तें लागू न हो जाएं।

### पाकिस्तान में कितने अफगान रहते हैं?

संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी यूएनएचसीआर के अनुसार, पाकिस्तान में 2.18 मिलियन अफ़गान शरणार्थी हैं, जिनके पास दस्तावेज़ हैं। इसमें 2006-07 में की गई जनगणना के अनुसार प्रूफ़ ऑफ़ रजिस्ट्रेशन (पीओआर) कार्ड रखने वाले 1.3 मिलियन शरणार्थी शामिल हैं, साथ ही 2017 में पंजीकरण अभियान के बाद एसीसी कार्ड प्राप्त करने वाले अतिरिक्त 8,80,000 शरणार्थी भी शामिल हैं।

## अब तत्काल टिकट बुकिंग के लिए आधार सत्यापन जरूरी

**ब्यूरो**




- आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर हैं 13 करोड़ से ज्यादा एक्टिव सब्सक्राइबर
- आधार प्रमाणित अकाउंट की संख्या है मात्र 1.2 करोड़

**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जोधपुर के एमबीएम इंजीनियरिंग कॉलेज से 1991 में इलेक्ट्रानिक्स व कम्युनिकेशन इंजिनियरिंग किये थे। उसके बाद कानपुर आईआईटी से मास्टर किये। फिर आईएएस बने । उसी दौरान धंधे वाली पढ़ाई भी किये। फिर नौकरी छोड़ धंधे में आ गये। बाद में जातिगत समीकरण के चलते राजनीति में ला दिये गये और कई मंत्रालयों वाले मंत्री बना दिये गये। तकनीकी के जानकर होने व प्रशासनिक अनुभवो के बाद भी इस रेल मंत्री के कार्यकाल में इतने माह से रेलवे टिकट बुकिंग में इतने बड़े स्तर पर घोटाला हो रहा था , इस पर सब अचरज कर रहे हैं। जब लगातार मीडिया में प्रमाण सहित ख़बरें आईं, कुछ विपक्षी नेताओं ने मामले को उठाया , लिखा , तब जाकर आईआरसीटीसी द्वारा टिकट दलालों के 2.5 करोड़ फर्जी यूजर आईडी बंद किया गया। इसी तरह से हज़ारों ईमेल आईडी को भी ब्लॉक किया गया। और अब नया नियम के बारे में कहा गया है कि भारतीय रेलवे जल्द ही तत्काल टिकट बुकिंग के लिए ई-आधार सत्यापन की शुरुआत करेगा। इससे जरूरत के समय वास्तविक यात्रियों को कन्फर्म टिकट मिलना आसान होगा। इस नई व्यवस्था का उद्देश्य दलालों पर रोक लगाना व असली यात्रियों को प्राथमिकता देना है। अब तत्काल टिकट बुक वक्त यह एक तरह का वेरिफिकेशन होगा। जो कि टिकट बुक करवा रहे व्यक्ति के आधार कार्ड के जरिए किया जाएगा। कहा जा रहा है कि इससे दलालों द्वारा अवैध टिकट बुकिंग को रोकने में मदद मिलेगी। क्योंकि अक्सर तत्काल टिकट बुकिंग करते समय मिनटों में ही आईआरसीटीसी की वेबसाइट से तत्काल टिकट बुक हो जाती है।ऐसा दलालों के द्वारा अवैध रूप से टिकट बुक कराने के कारण होता था।

### तो अब यात्रियों को ऐसे बुक करना होगा तत्काल टिकट ?

तत्काल टिकट ट्रेन के चलने से एक दिन पहले ही बुक किए जाते हैं। एसी क्लास के लिए बुकिंग का समय सुबह 10 बजे व स्लीपर क्लास का बुकिंग का समय 11 बजे शुरू होता है। लेकिन रेलवे के इस नए बदलाव के बाद से अब सबसे पहले अपने आईआरसीटीसी अकाउंट को अपने आधार कार्ड के साथ लिंक करना होगा। इसमें यूजर्स को आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर जाना होगा। यहां उन्हें अपना अपना यूज़रनेम और पासवर्ड डालकर लॉग इन करना होगा। फिर माय अकाउंट में जाकर ऊपर दाईं ओर क्लिक करना होगा। इसके बाद लिंक यूअर आधार का ऑप्शन चयन करना होगा। इसमें यूजर्स को अपना आधार कार्ड पर दिए नंबर और नाम भरना होगा। इसके बाद इसे एक ओटीपी से वेरीफाई करना होगा। इसके बाद अपडेट का बटन दबाने के बाद वेरिफिकेशन पूरा हो जाएगा। इसके बाद स्क्रीन पर कन्फर्मेशन आएगी और आपका अकाउंट लिंक हो जाएगा। अब कहा जा रहा है कि इस नए तरीके के लागू हो जाने के बाद हर यात्री को डिजिटल रूप से अपनी पहचान सत्यापित करनी होगी। इसके लिए आधार कार्ड का इस्तेमाल करना होगा। जिसके बाद यूजर को एक ओटीपी मिलेगा और बिना इस ओटीपी के तत्काल टिकट बुक नहीं हो सकेगी। इससे फर्जी बुकिंग और बॉट के जरिए टिकट खरीदने की घटनाएं रोकी जा सकेंगी। इस नए सिस्टम की खास बात यह रहेगी कि पहले 10 मिनट तक सिर्फ वही यात्री तत्काल टिकट बुक कर पाएंगे जिनका आईआरसीटीसी अकाउंट आधार से लिंक होगा।मालूम हो कि तत्काल टिकट बुकिंग के फर्जीवाड़े के बारे बहुत कुछ उजागर होने के बाद में भारतीय रेलवे द्वारा विशेष सॉफ्टवेयर के माध्यम से 2.4 करोड़ से ज़्यादा यूजर्स को डीएक्टिवेट करते हुए उन्हें ब्लॉक किया गया है। और लगभग 20 लाख दूसरे अकाउंट को भी संदिग्ध पाया गया है, जिनके आधार एवं दूसरे डॉक्यूमेंट की जांच की जा रही है।लेकिन आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर अभी 13 करोड़ से ज्यादा एक्टिव सब्सक्राइबर हैं, जिनमें आधार प्रमाणित अकाउंट की संख्या 1.2 करोड़ है। आईआरसीटीसी ने उन सभी अकाउंट की विशेष जांच का फैसला लिया है, जो आधार से ऑथेंटिकेटेड नहीं है। संदिग्ध पाए जाने पर अन ऑथेंटिकेटेड खातों को बंद करने का फैसला किया जाएगा। रेल मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि अब केवल सत्यापित और असली यूजर्स ही तत्काल टिकट बुकिंग सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। मालूम हो कि बीते 5 माह में 2.9 लाख संदिग्ध पीएनआर का पता चला था। ये वो सामान्य व तत्काल टिकट थे, जिसे बुकिंग शुरू होने के 5 मिनट के अंदर खरीदे गए थे। जनवरी से मई 2025 में 2.5 करोड़ फर्जी यूजर आईडी बंद कर दी गई है। इनमें से कई खाते एजेंटों या सॉफ्टवेयर से जुड़े थे, जो सिस्टम में खामियों का फायदा उठा रहे थे। इसके अलावा 20 लाख यूजर आईडी को दोबारा जांच के लिए रखा गया है, 6,800 से ज्यादा डिस्पोजेबल ईमेल डोमेन ब्लॉक कर दिये गये ।देखिए कुछ सुधार होता है या नहीं, या दलाल फिर मिलीभगत से कोई नया लूप - होल ढूंढ लेते हैं?

सीजेआई बीआर गवई ने कहा-

## जजों का रिटायर होने के बाद सरकारी पद लेना ठीक नहीं है

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने ब्रिटेन के सर्वोच्च न्यायालय में आयोजित एक गोलमेज सम्मेलन में कहा - मैं रिटायर होने के बाद सरकार से किसी भी भूमिका या पद को स्वीकार नहीं करूंगा। गवई ने इस बात पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जजों को रिटायर होने के तुरंत बाद सरकारी पद लेना या चुनाव लड़ने के लिए इस्तीफा देना ठीक नहीं है, यह महत्वपूर्ण नैतिक चिंताओं को जन्म देता है और सार्वजनिक जांच को आमंत्रित करता है।गवई मंगलवार को ब्रिटेन के सर्वोच्च न्यायालय में आयोजित एक गोलमेज सम्मेलन में बोल रहे थे। जिसकी मेजबानी ब्रिटेन के सर्वोच्च न्यायालय के अध्यक्ष लॉर्ड रीड ऑफ एलर्मुइर ने की थी।

संवैधानिक न्यायालयों में न्यायाधीशों की नियुक्ति की कॉलेजियम प्रणाली कैसे अस्तित्व में आई? इस बारे में बताते हुए सीजेआई गवई ने स्वीकार किया कि कॉलेजियम प्रणाली की आलोचना हो सकती है। उन्होंने कहा कि कोई भी समाधान न्यायिक स्वतंत्रता की कीमत पर नहीं आना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर देने की कोशिश की कि न्यायाधीशों को बाहरी नियंत्रण से मुक्त होना चाहिए। सेवानिवृत्ति के बाद न्यायाधीशों की नौकरी स्वीकार करने के बारे में बहस का उल्लेख करते हुए सीजेआई ने कहा कि यदि कोई न्यायाधीश सेवानिवृत्ति के तुरंत बाद सरकार के साथ कोई अन्य नियुक्ति ले लेता है, या चुनाव लड़ने के लिए बेंच से इस्तीफा दे देता है, तो यह महत्वपूर्ण नैतिक चिंताएं पैदा करता है और सार्वजनिक जांच को आमंत्रित करता है। गवई ने कहा कि किसी न्यायाधीश द्वारा राजनीतिक पद के लिए चुनाव लड़ने से न्यायपालिका की स्वतंत्रता व निष्पक्षता पर संदेह पैदा हो सकता है, क्योंकि इसे हितों के टकराव या सरकार का पक्ष लेने के प्रयास के रूप में देखा जा सकता है।उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद की ऐसी गतिविधियों का समय व प्रकृति न्यायपालिका की ईमानदारी में जनता के विश्वास को कमजोर कर सकती है, क्योंकि इससे यह धारणा बन सकती है कि न्यायिक निर्णय भविष्य में सरकारी नियुक्तियों या राजनीतिक भागीदारी की संभावना से प्रभावित होते हैं।उन्होंने कहा कि इसके मद्देनजर, मेरे कई सहयोगियों और मैंने सार्वजनिक रूप से यह वचन दिया है कि सेवानिवृत्ति के बाद हम सरकार से कोई भूमिका या पद स्वीकार नहीं करेंगे। यह प्रतिबद्धता न्यायपालिका की विश्वसनीयता और स्वतंत्रता को बनाए रखने का एक प्रयास है।मुख्य न्यायाधीश ने स्वीकार किया कि न्यायपालिका के भीतर भी भ्रष्टाचार व कदाचार के मामले सामने आए हैं, और कहा कि ऐसी घटनाओं का अनिवार्य रूप से जनता के विश्वास पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, तथा इससे पूरी प्रणाली की अखंडता में विश्वास खत्म हो सकता है।उन्होंने कहा कि हालांकि, इस विश्वास को फिर से बनाने का रास्ता इन मुद्दों को हल करने के लिए की गई त्वरित , निर्णायक व पारदर्शी कार्रवाई में निहित है और भारत में, जब भी ऐसे मामले सामने आए हैं, सर्वोच्च न्यायालय ने लगातार कदाचार को दूर करने के लिए तत्काल और उचित कदम उठाए हैं। सीजेआई गवई ने सुप्रीम कोर्ट के जजों की संपत्ति सार्वजनिक करने के कदम की भी सराहना की। उन्होंने इसे पारदर्शिता के माध्यम से जनता का विश्वास बढ़ाने और अधिक जवाबदेही को बढ़ावा देने और नैतिक नेतृत्व का उदाहरण स्थापित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया। सीजेआई ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने स्वयं माना है कि सार्वजनिक पदाधिकारी के रूप में न्यायाधीश जनता के प्रति जवाबदेह हैं। साथ ही न्यायालय ने एक समर्पित पोर्टल बनाया है, जहां न्यायाधीशों की घोषणाएं सार्वजनिक की जाती हैं, जो यह दर्शाता है कि न्यायाधीश भी अन्य सिविल पदाधिकारियों की तरह ही एक हद तक जांच के लिए तैयार हैं। गवई ने संविधान पीठ के मामलों की लाइव स्ट्रीमिंग को सार्वजनिक पारदर्शिता बढ़ाने के एक कदम के रूप में संदर्भित किया और यह समझाने का प्रयास किया कि कार्यवाही की संदर्भ से हटकर रिपोर्टिंग कैसे जनता की राय को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकती है। उन्होंने कहा कि किसी भी शक्तिशाली उपकरण की तरह, लाइव स्ट्रीमिंग का भी सावधानी से उपयोग किया जाना चाहिए, क्योंकि फर्जी खबरें या संदर्भ से बाहर की अदालती कार्यवाही सार्वजनिक धारणा को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकती है। चीफ जस्टिस ने कहा कि पिछले हफ़्ते ही मेरे एक सहकर्मी ने हल्के-फुल्के अंदाज़ में एक जूनियर वकील को कोर्ट क्राफ्ट और सॉफ्ट स्किल्स की कला के बारे में सलाह दी थी। इसके बजाय, उनके बयान को गलत संदर्भ में लिया गया और मीडिया में इस तरह से पेश किया गया, 'हमारा अहंकार बहुत कमजोर है; अगर आप इसे ठेस पहुंचाते हैं, तो आपका मामला खत्म हो जाएगा। सीजेआई ने कहा कि मैं यह कहना चाहूंगा कि वैधता और जनता का विश्वास आदेश के दबाव से नहीं बल्कि न्यायालयों द्वारा अर्जित विश्वसनीयता से सुरक्षित होता है। इस विश्वास के किसी भी क्षरण से अधिकारों के अंतिम मध्यस्थ के रूप में न्यायपालिका की संवैधानिक भूमिका कमजोर होने का जोखिम है। पारदर्शिता और जवाबदेही लोकतांत्रिक गुण हैं। आज के डिजिटल युग में, जहां सूचना स्वतंत्र रूप से प्रवाहित होती है और धारणाएं तेजी से आकार लेती हैं, न्यायपालिका को अपनी स्वतंत्रता से समझौता किए बिना सुलभ, समझदार और जवाबदेह होने की चुनौती का सामना करना चाहिए।

> यह महत्वपूर्ण नैतिक चिंताओं को जन्म देता है व सार्वजनिक जांच को आमंत्रित करता है



पाकिस्तानी जेल से कैदियों के बाद हेड कॉन्स्टेबल भी फरार

## अपराधियों को भगाने में मदद करने का आरोप लगा, आईजी समेत 23 अधिकारी सस्पेंड

**कराची । एजेंसी**

पाकिस्तान में कराची के मालिर जेल से 2 जून की रात को 216 कैदी फरार हो गए थे। अब इस जेल के हेड कॉन्स्टेबल राशिद चिंगारी के फरार होने की खबर आ रही है। दरअसल, उनपर कैदियों को भागने में मदद करने का आरोप लगा है। सिंध सरकार ने तुरंत उनकी गिरफ्तारी का आदेश दे दिया है। पाकिस्तानी जेल मंत्री अली हसन जरदारी खुद इस मामले को देख रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, 126 कैदी वापस लौट आए हैं, जबकि 90 कैदी अब भी फरार हैं। शुरुआती जांच में पता चला कि जेल के अंदर ही कुछ अधिकारी कैदियों की मदद कर रहे थे। राशिद चिंगारी का नाम पहले सस्पेंड किए गए 23 जेल कर्मचारियों की सूची में नहीं था, लेकिन बाद की जांच में उनका नाम सामने आया है।

अमेरिका में 12 देशों के नागरिकों की एंट्री बैन

## ट्रंप बोले- खतरनाक लोगों से देश को बचा रहे, 7 और देशों पर आंशिक रोक लगाई

**न्यूयॉर्क** । अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 12 देशों के लोगों के अमेरिका आने पर पूरी तरह से रोक लगाने का आदेश जारी किया है। उन्होंने कहा कि यह कदम अमेरिका की सुरक्षा और लोगों की जान की हिफाजत के लिए जरूरी है। यह बैन 9 जून से लागू हो रहा है। इनके अलावा 7 देशों के नागरिकों पर आंशिक रोक भी लगाई है। ये इमिग्रेशन और नॉन-इमिग्रेशन दोनों तरह के वीजा पर लागू होगी। अमेरिकी विदेश विभाग के मुताबिक पूर्ण बैन का मतलब है कि उस देश के अधिकतर नागरिकों का अमेरिका में प्रवेश पूरी तरह से प्रतिबंधित होता है। इनमें टूरिस्ट वीजा, स्टूडेंट वीजा, वर्क वीजा और इमिग्रेंट वीजा चाहने वाले लोग शामिल होते हैं। वहीं आंशिक बैन का मतलब है कि उस देश के नागरिकों पर कुछ खास प्रकार के वीजा या एंट्री पर रोक लगाई जाती है, बाकी पर नहीं।




## आलिया भट्ट ने बेस्ट फ्रेंड की शादी से शेयर कीं अनदेखी तस्वीरें...

कान फिल्म फेस्टिवल 2025 में लोगों का ध्यान खींचने के बाद, आलिया भट्ट अपनी सबसे अच्छी दोस्त तान्या साहा गुप्ता की शादी में शामिल होने के लिए स्पेन रवाना हुईं। अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर समारोह की कुछ झलकियां शेयर कीं। कान फिल्म फेस्टिवल 2025 में लोगों का ध्यान खींचने के बाद, आलिया भट्ट अपनी सबसे अच्छी दोस्त तान्या साहा गुप्ता की शादी में शामिल होने के लिए स्पेन रवाना हुईं। अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर समारोह की कुछ झलकियाँ शेयर कीं।

एक तस्वीर में, वह बगीचे में तान्या को गले लगाती हुई दिखाई दे रही हैं, उन्होंने क्रीम कढ़ाई वाली जैकेट और फ्लेयर्ड पैंट पहनी हुई है, जबकि तान्या ने सॉफ्ट पिंक लहंगा पहना हुआ है।

### आलिया भट्ट ने बीबीएफ की शादी की तस्वीरें शेयर की



अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर एक कैरोसेल पोस्ट शेयर किया, जिसमें शादी में अपनी तस्वीरें, विभिन्न प्री-वेडिंग और शादी के उत्सवों की तस्वीरें शामिल हैं। इसमें दुल्हन के साथ उनकी एक तस्वीर और शादी से उनके लुक शामिल थे। आलिया एक आधुनिक ब्लैक स्ट्रैपलेस ड्रेस में बेहद खूबसूरत लग रही थीं। अपनी पोस्ट में, आलिया ने लिखा, "अपनी सबसे अच्छी दोस्त को उसके जीवन के प्यार से शादी करते हुए देखने वाली लड़कियों के समूह से ज़्यादा कोमल, मज़बूत या चमकदार कुछ भी नहीं है @tanya.sg @d_angelov सबसे खूबसूरत शादी, सबसे खूबसूरत दुल्हन - और दिल जितना हम सोच भी नहीं सकते थे, उससे कहीं ज़्यादा भरा हुआ।





## सीएम से मिले एनडीआरफ के कमांडेंट

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में एनडीआरएफ, झारखंड -बिहार के कमांडेंट सुनील कुमार सिंह ने शिष्टाचार मुलाकात की

## सरकारी विद्यालयों के किया गया पौधरोपण



**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के निर्देश पर गुरुवार को एक पेड़ मां के नाम 2.0 कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के सभी सरकारी विद्यालयों के पौधरोपण किया गया। उपायुक्त के दिशा निर्देश पर ग्रीष्मावकाश के दौरान ही कक्षा 1 से 8 तक के सभी बच्चों को पौधा की व्यवस्था कर लेने का गृह कार्य दिया गया था। ग्रीष्म अवकाश के पश्चात गुरुवार को सभी विद्यालय खुले और लगभग डेढ़ लाख पौधे छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं अधिकारियों के द्वारा लगाए गए। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 30 सितंबर तक रांची जिले में 10 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

# राष्ट्रपति के देवघर आगमन को यादगार बनाएं : मुख्य सचिव

- 10-11 जून को राष्ट्रपति के देवघर प्रवास के दौरान तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई समीक्षा

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 10 जून को दो दिवसीय दौरे पर देवघर पहुंच रही हैं। इस दौरान वह बाबा बैद्यनाथधाम मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ देवघर एम्स के पहले दीक्षांत समारोह में शिरकत करेंगी। उनके आगमन की तैयारियों को लेकर गुरुवार को मुख्य सचिव श्रीमती अलका तिवारी की अध्यक्षता में समीक्षा की गयी।


मुख्य सचिव ने संबंधित अधिकारियों को राष्ट्रपति के दौरे को यादगार बनाने पर बल देते हुए हर छोटी-बड़ी व्यवस्था को समय रहते चाक चौबंद कर लेने का निर्देश दिया। तैयारियों की समीक्षा के दौरान उन्होंने अबाधित विद्युत व्यवस्था पर जोर देते हुए राष्ट्रपति के आने-जाने वाले मार्ग के लैम्प पोस्ट, गैबियन और सड़क स्वच्छता पर विशेष फोकस करने पर बल दिया। उन्होंने राष्ट्रपति के आगमन से लेकर प्रस्थान तक की व्यवस्था तय करते हुए उसकी जवाबदेही संबंधित विभागों को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

समीक्षा के दौरान डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रपति की सुरक्षा चार आइपीएस अधिकारियों के नेतृत्व में तमाम पुलिसकर्मी संभालेंगे। उसमें आइबी और स्पेशल ब्रांच के अधिकारी भी शामिल रहेंगे। वहीं अन्य व्यवस्था की निगरानी बतौर नोडल पदाधिकारी वाणिज्य कर विभाग के सचिव श्री अमिताभ कौशल करेंगे। पब्लिक एड्रेस सिस्टम की जवाबदेही सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की होगी।

इसी तरह समीक्षा के दौरान मंच की व्यवस्था के प्रारूप, राष्ट्रपति के प्रत्येक कार्यक्रम के लिए नोडल पदाधिकारी को नामित करना, देवघर एयरपोर्ट, बाबा मंदिर और एम्स, देवघर में आगवानी और विदाई के दौरान उपस्थित रहनेवाले महानुभावों की सूची, एयरपोर्ट पर रेड कार्पेट और बुके की व्यवस्था, राष्ट्रीय गान की व्यवस्था, कारकेड की व्यवस्था, आउट राइडर्स की व्यवस्था, फोटोग्राफरों के लिए खुली जीप की व्यवस्था, बैगेज वैन एवं बैगेज कर्मी तथा छाता की व्यवस्था, देवघर एयरपोर्ट से परिसदन, बाबा मंदिर और एम्स तक पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था, ध्वनि विस्तारक यंत्र की व्यवस्था और मंच से संबोधित करनेवाले महानुभावों की सूची पर विस्तृत चर्चा के बाद जवाबदेही तय की गयी। उसके अतिरिक्त समीक्षा के दौरान राष्ट्रपति के आगमन और प्रस्थान के दौरान उनके साथ आये लोगों के आवासन और भोजन की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई। साथ ही कार्यक्रम स्थल पर चिकित्सीय व्यवस्था, पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था, अग्निशमन की व्यवस्था आदि पर भी फोकस किया गया।

## बाबा कार्तिक उरांव फ्लाई ओवर नाम रखकर सीएम ने एक तीर से दो शिकार किए

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** सिरम टोली सरना स्थल विवाद को लेकर रांची बंद और पिछले दिनों से चल रहे धरना प्रदर्शन का अंत निकलने में सीएम हेमंत सोरेन ने बहुत ही सूझबूझ का परिचय दिया है। हेमंत सोरेन ने एक बार फिर से मास्टर स्ट्रोक खेला है। एक तीर से दो शिकार कर दिए हैं। सीएम ने सिरमटोली फ्लाईओवर का नाम वरिष्ठ आदिवासी नेता कार्तिक उरांव के नाम पर रखने की घोषणा कर दी। इससे एक ओर आदिवासी विरासत को सम्मान दिया, दूसरी सिरम टोली सरना स्थल विवाद को लेकर रांची बंद और पिछले दिनों से चल रहे धरना प्रदर्शन का बहुत ही अनोखा हल निकालने में सीएम हेमंत सोरेन ने बहुत ही सूझबूझ का परिचय दिया है जिसे राजनीति का मास्टर स्ट्रोक कहा जा रहा है। सिरम टोली चौक से राजेंद्र चौक तक 2.34 किलोमीटर लंबे फोरलेन फ्लाईओवर, एलिवेटेड पथ और रेलवे ओवरब्रिज ( आर ओ बी ) परियोजना का उद्घाटन किया। इस परियोजना की नींव 19 अगस्त, 2022 को मुख्यमंत्री द्वारा रखी गई थी। अचानक फ्लाई ओवर का उद्घाटन से भीड़ तो नहीं उमड़ी पर अब रांची की सडकों की भीड़ कम जरुर हो जाएगी और उन्होंने एक तीर से दो शिकार कर दिए हैं।

### आजसू को विदेश मंत्रालय ने भेजा जवाब

## नाइजर में अपहरण किए मजदूर हैं सुरक्षित, वापसी का प्रयास जारी

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** पश्चिम अफ्रीकी देश नाइजर में आतंकियों द्वारा अपहरण किए गए पांच भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी को लेकर आजसू लगातार प्रयास कर रहा है। ये सभी पांच भारतीय नागरिक झारखंड के गिरिडीह जिले के बाग़ोदर के निवासी हैं। यह घटना 25 अप्रैल 2025 को नाइजर की राजधानी नियामे से लगभग 115 किलोमीटर दूर तिल्लाबेरी के सकोइरा में घटी। इस हमले में 12 नाइजर सैनिकों की जान चली गई। इस दौरान आतंकवादियों ने एक पावर ट्रांसमिशन परियोजना में काम करने वाले भारत के झारखंड राज्य के गिरिडीह जिला अंतर्गत बगोदर के पांच मजदूरों संजय महतो, चंद्रिका महतो, फलजीत महतो, राजू महतो , और उत्तम महतो का अपहरण कर लिया था। ये मजदूर कल्पतरु प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल लिमिटेड (केपीआईएल) द्वारा संचालित प्रोजेक्ट में कार्यरत थे। घटना की सूचना के बाद आजसू हुआ सक्रिय इस घटना की सूचना के बाद आजसू सक्रिय हुआ। आजसू ने इस विषय की जानकारी लिखित तौर पर पूर्ण विवरण के साथ विदेश मंत्रालय को उपलब्ध करायी। जिसके बाद विदेश मंत्रालय सक्रिय हुआ। पत्र लिखने के बाद आजसू के प्रतिनिधिमंडल ने सभी पीड़ित परिवारों से मुलाक़ात की थी और उन्हें आर्थिक सहायता भी उपलब्ध करायी थी।

## केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने हैदराबाद में किया पौधरोपण

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर देश के केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने हैदराबाद के बेगमपेट एयर बेस पर पौधरोपण किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई पहल "एक पेड़ माँ के नाम" के तहत पर्यावरण स्थिरता और पारिस्थितिक जिम्मेदारी के प्रति प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए मंत्री द्वारा एक गुलमोहर का पौधा लगाया गया। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (डीपीएसयू) की प्रगति और प्रदर्शन की समीक्षा करने के लिए हैदराबाद के तीन दिवसीय आधिकारिक दौरे पर हैं। यात्रा के दौरान, उनका वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठकें करने, प्रमुख सुविधाओं का निरीक्षण करने और 'आत्मनिर्भर भारत' पहल के तहत चल रही परियोजनाओं का आकलन करने का कार्यक्रम है।

## प्रकृति हमारे जीवन का मूल आधार इसे बचाने का संकल्प लें: सुदेश महतो

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सुदेश महतो रांची जिले के बुढ़मू पहुँचे। यहाँ प्रखंड के कोठारी में जल, जंगल, जमीन बचाओ आंदोलन के तत्वावधान में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में उन्होंने पर्यावरण को बचाने का अपना संकल्प दोहराया।

पूर्व उपमुख्यमंत्री व पूर्व वन एवं पर्यावरण मंत्री सुदेश कुमार महतो ने कहा की प्रकृति हमारे जीवन का मूल आधार है। इस संरक्षित करने का संकल्प लेना होगा। हमें जंगल उजाड़ कर खनन से राजस्व प्राप्त करने के लक्ष्य को त्यागना होगा। हमें जंगलों को बचाकर पर्यावरण को संरक्षित रखने का संकल्प लेना होगा।

जंगल को बचाने का जो मॉडल और परंपरा हमारे पास वह दुनिया के लिए अनुकरणीय हो सकता है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण हमारे जीवन का मूल आधार है और इसे संतुलित रखने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने सभी से पर्यावरण संरक्षण के लिए शपथ लेने का आह्वान किया, जिसमें पौधारोपण के साथ-साथ पहाड़, पर्वत, नदी-नाले और जल स्रोतों को बचाने का संकल्प शामिल हो। श्री महतो ने सुझाव दिया कि पर्यावरण को धर्म और संस्कृति से जोड़कर भी इसके संरक्षण को और प्रभावी बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा, "पर्यावरण संरक्षण केवल एक कार्य नहीं, बल्कि हमारी जीवनशैली और संस्कृति का अभिन्न हिस्सा होना चाहिए।" वन बचाओ अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में स्थानीय समुदाय ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।



## अधिक से अधिक पौधे लगाएं सभी नागरिक : राज्यपाल

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने 'विश्व पर्यावरण दिवस' पर राज भवन परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। राज्यपाल ने सभी नागरिकों से अपने जीवन में अधिक-से-अधिक पौधरोपण करने का आह्वान किया और प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनने का आग्रह किया।

## पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सकारात्मक बदलाव की जरुरत : कुलपति

**रांची।** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूजे) के पर्यावरण विज्ञान विभाग ने विश्व पर्यावरण दिवस पर इस वर्ष की वैश्विक थीम "बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन" (प्लास्टिक प्रदूषण को मात दें) पर आधारित विभिन्न पर्यावरणीय गतिविधियों का आयोजन किया। यह कार्यक्रम न केवल पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किए गए, बल्कि स्थानीय समुदाय की भागीदारी भी सुनिश्चित की गई। कुलपति प्रो. क्षिति भूषण दास ने विश्वविद्यालय के चरक औषधीय उद्यान में पौधरोपण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि हमें पर्यावरण के लिए सजग होना होगा। विश्वविद्यालय और स्थानीय समुदाय को जुड़कर इस दिशा में सकारात्मक बदलाव की ओर कार्य करना चाहिए। पौधरोपण कार्यक्रम में कुलसचिव के कोशला राव, ीक्षा नियंत्रक डॉ बीबी मिश्रा और प्रो. अरविंद चंद्र पांडेय भी मौजूद थे। सभी ने पौधरोपण कर कार्यक्रम में मौजूद लोगों से पर्यावरण के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। पौधरोपण के तहत नीम, तेजपत्ता, तुलसी, हडजोड़, कढ़ीपट्टा, धतूरा, नींबू के पौधे लगाए गए।



## विश्व पर्यावरण दिवस पर किया गया पौधरोपण



**रांची।** संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन के बीएड एवं डीएलएड इकाई द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्रांगण में फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्राकृतिक जीवन शैली को प्रोत्साहित करना, वनों की अंधाधुंध कटाई पर नियंत्रण पाना तथा अधिक से अधिक पौधे लगाने के प्रति जनमानस को प्रेरित करना था। मौके पर संस्थान के शिक्षक एवं विद्यार्थियों ने वृक्षारोपण के प्रति लोगों को जागरूक करने का शपथ लिया।

## योग शिविर का हुआ समापन



**रांची।** स्वामी सत्यानंद योग पर आधारित पांच दिवसीय योग शिविर का समापन हुआ। शिविर के समापन सत्र का उद्घाटन रामकृष्ण मिशन आश्रम के सचिव स्वामी भावेशानंद के द्वारा किया गया। अपने उद्घाटन संबोधन में स्वामी भावेशानंद ने योग मित्र मंडल और डिवाइन योगा एकेडमी की इस पहल का अभिनंदन किया और कहा कि इस तरह के शिविर लगाने की जरूरत है। शिविर मे सत्यानंद योग पर आधारित योग की विभिन्न आयामों को कराया गया जिसमें आसन, प्राणायाम, शवासन, योग निद्रा, ध्यान आदि की विस्तृत जानकारी दी गई। डिवाइन योगा एकेडमी केंद्र की डायरेक्टर डॉ परिणीता सिंह द्वारा शिविर को संचालित किया गया। शिविर में लगभग सैकड़ो लोगों की भागीदारी रही। प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट भी प्रदान किया गया। समापन सत्र में योग मित्र मंडल रांची के रामकुमार कटारिया, निर्मल कटारिया (कोऑर्डिनेटर, योग मित्र मंडल), सांस्कृतिक सचिव अभिषेक आनंद और रोशनी रेखा (कोऑर्डिनेटर, डिवाइन योगा एकेडमी) के अलावा काफी संख्या में लोग शामिल थे।

## नगर निगम ने पर्यावरण दिवस पर लगाए हजारों पौधे



**रांची।** विश्व पर्यावरण दिवस पर रांची नगर निगम की ओर से पूरे शहर में हरियाली बढ़ाने की खास मुहिम चलाई गई। निगम की टीम ने शहर के अलग-अलग इलाकों में हजारों पौधे लगाए और लोगों को पेड़-पौधे लगाने, पानी बचाने और प्लास्टिक से दूरी बनाने का संदेश दिया। मुख्य कार्यक्रम मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में हुआ। जहां उप प्रशासक गौतम प्रसाद साहु, स्वास्थ्य पदाधिकारी डॉ किरण कुमारी और कई निगमकर्मी मौजूद रहे। इसी मौके पर बताया गया कि आज पूरे नगर निगम क्षेत्र में करीब 5000 पौधे लगाए जा रहे हैं। पेड़ लगाने का काम सिर्फ स्टेडियम में नहीं हुआ, बल्कि रांची नगर निगम क्षेत्र में स्थित तालाबों के किनारे, निर्मल आवास में, लाइट हाउस प्रोजेक्ट (धुर्वा) में और कई दूसरी जगहों पर भी पौधारोपण किया गया। उप प्रशासक ने शहरवासियों से अपील की कि सभी लोग अपने आस-पास पेड़ लगाएं, बारिश के पानी को बचाएं और प्लास्टिक का इस्तेमाल कम करें, ताकि आने वाली पीढ़ियों को साफ हवा और पानी मिल सके।

## डीएवी गांधीनगर स्कूल में किया गया पौधरोपण



**रांची।** कांके रोड डीएवी गांधीनगर स्कूल में विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा " एक पेड़ मां के नाम" कार्यक्रम के तहत स्कूल परिसर में विद्यार्थियों ने कई पौधे लगाए। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में डीएवी गांधीनगर स्कूल के प्राचार्य प्रदीप कुमार झा व विशिष्ठ अतिथि के रूप में रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य रूप से बी जे सिन्हा, गोविंद झा, कौशल कुमार, शरद उपाध्याय सहित कई शिक्षक एवं विद्यार्थी गण उपस्थित थे।

## पृष्ठ एक के शेष

**बाबा कार्तिक उरांव के नाम से...**

आवश्यक निर्देश देते नजर आए।

**29 अगस्त 2022 को हुआ था शिलान्यास :** इस फ्लाईओवर का शिलान्यास 29 अगस्त 2022 को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया था। तीन साल से भी कम समय में बनकर तैयार हुआ यह फ्लाईओवर सिरमटोली चौक से राजेंद्र चौक होते हुए मेकॉन गोल चक्कर तक बना है। इस नवनिर्मित 4 लेन फ्लाईओवर की लंबाई करीब 2.34 किलोमीटर है। इस फ्लाईओवर का रैंप सिरमटोली सरना स्थल के पास उतरने के कारण विवादों में है, जिसके कारण 4 जून को आदिवासी संगठनों ने बंद का आह्वान किया था। आंदोलनकारियों की मांग को खारिज करते हुए राज्य सरकार ने झारखंड बंद के 24 घंटे के भीतर इस फ्लाईओवर का उद्घाटन कर बड़ा संदेश दिया है।

**355.76 करोड़ की लागत से बना है यह फ्लाईओवर :** करीब 355.76 करोड़ की लागत से बना यह फ्लाईओवर एयरपोर्ट और अन्य जगहों पर जाने वाले लोगों के लिए काफी फायदेमंद होगा। इससे पहले 24 अक्टूबर 2024 को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 2.24 किलोमीटर लंबे कांटा टोली फ्लाईओवर का उद्घाटन किया था। दोनों फ्लाईओवर के बन जाने से लोगों को जाम से राहत मिलेगी। इस मौके पर पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने कहा कि यह फ्लाईओवर नवीनतम तकनीक से बना है जिसमें कई तरह की बाधाएं आईं जिन्हें दूर कर दिया गया। सरना स्थल के पास बने रैंप की ऊंचाई भी 124 फीट से घटाकर 84 फीट कर दी गई है।

इस मौके पर राज्य सरकार की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की और मंत्री संजय प्रसाद यादव ने संबोधित किया। कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इससे शहर में लगने वाले जाम से राहत मिलेगी। मंत्री संजय प्रसाद यादव ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि वे सकारात्मक चीजों में भी राजनीति करने से बाज नहीं आते।

**पर्यावरण नहीं बचा तो कभी भी बुरे...**

नतीजा, गांव की तुलना में शहर के हालात ज्यादा खराब हो गये हैं। ट्रैफिक जाम लग रहा है। स्कूली बच्चे घंटों तक बसों के अंदर फंसे रहते हैं। गांव आज भी कई मायनों में सुरक्षित है। शहर की स्थिति बदतर होती जा रही है। जबकि, शहर में पढ़े-लिखे लोग रहते हैं। वे दुनिया को बदलते देख रहे हैं। लेकिन, खुद डैम के किनारे ग्रीन एरिया में घर बना कर रह रहे हैं। इस तरह की हर चीज की कीमत सभी को चुकानी होगी।

**कार की टक्कर से पिता-पुत्री की मौत, पत्नी व दो बेटे घायल...**

नहर मोड़ के पास जपला-छतरपुर रोड को जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने अस्पताल की व्यवस्था सुधारने और कार चालक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रशासन के खिलाफ नारेबाज़ी की। घटनास्थल पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों ने जाम कर रहे लोगों से बातचीत कर उन्हें समझाने का प्रयास किया। प्रदर्शनकारियों ने स्थानीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव से अस्पताल की बदहाल व्यवस्था में सुधार की मांग की है। जानकारी के अनुसार, विनोद साव अपनी पत्नी और तीन बच्चों को बाइक पर लेकर छतरपुर प्रखंड के खेंदरा गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान यह दर्दनाक हादसा हुआ।

**लड़ाकू विमान राफेल का धड़ अब...**

यह साझेदारी भारत की एयरोस्पेस यात्रा में महत्वपूर्ण कदम है। भारत में संपूर्ण राफेल के धड़ का उत्पादन टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स की क्षमताओं में बढ़ते भरोसे और डसॉल्ट एविएशन के साथ हमारे सहयोग की ताकत बढ़ाएगा। यह भारत के आधुनिक, मजबूत एयरोस्पेस विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित करने में की गई उल्लेखनीय प्रगति को भी दर्शाता है, जो वैश्विक प्लेटफार्मों का समर्थन है। यह अनुबंध भारत की 'मेक इन इंडिया' और आत्मनिर्भर पहलों के प्रति डसॉल्ट एविएशन की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है। डसॉल्ट एविएशन ने पिछली शताब्दी में 90 से अधिक देशों में 10 हजार से अधिक सैन्य और नागरिक विमान (2,700 फाल्कन सहित) वितरित किये हैं। कंपनी ने सभी प्रकार के विमानों के डिजाइन, उत्पादन, बिक्री और समर्थन में दुनिया भर में मान्यता प्राप्त विशेषज्ञता हासिल की है। इसी तरह टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड भारत में एयरोस्पेस और रक्षा समाधानों के लिए महत्वपूर्ण कंपनी है। इसने अब तक एयरोस्ट्रक्चर और एयरो इंजन, एयरबोर्न प्लेटफॉर्म और सिस्टम का निर्माण किया है। कंपनी के पास अग्रणी वैश्विक एयरोस्पेस और रक्षा फर्मों के साथ साझेदारी और संयुक्त उपक्रमों का एक मजबूत पोर्टफोलियो है।

## पर्यावरण संरक्षण के बिना विकसित भारत का संकल्प अधूरा होगा : बाबूलाल मरांडी

**रांची।** प्रदेश भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर गुरुवार को पर्यावरण दिवस से एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बूथ से लेकर प्रदेश तक के नेताओं,कार्यकर्ताओं और पार्टी के जन प्रतिनिधियों ने इस अवसर पर पौधरोपण किया। प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने अपने सांगठनिक प्रवास के दौरान साहेबगंज जिला मुख्यालय स्थित गौशाला परिसर में पौधरोपण किया। इस अवसर पर श्री मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत तेजी से विकास पथ पर अग्रसर है। लेकिन विकसित भारत का संकल्प पर्यावरण की रक्षा के बिना अधूरा होगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत, मजबूत भारत के साथ हमे हरित भारत भी बनाना है। भारत की सनातन परंपरा ने मां भारती का स्वरूप शस्य श्यामला ,सुजलाम , सुफलाम है। उन्होंने कहा कि एक मां जो हमें जन्म देती है और दूसरी मां प्रकृति जो हमें जीवन देते हैं। इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने एक पेड़ मां के नाम लगाने का आह्वान करते हुए पर्यावरण की सुरक्षा के लिए कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम करने का आह्वान किया। कहा कि पौधरोपण में फलदार और औषधीय गुणों से युक्त पौधे भी लगाए जाएं जो मनुष्यों के अलावा पशु पक्षियों केलिए भी उपयोगी हो। प्रदेश महामंत्री संगठन कर्मवीर सिंह ने कहा कि व्यक्ति और समाज तभी बचेगा जब पर्यावरण सुरक्षित रहेगा। जीवों का शरीर पांच तत्वों से बना है।